Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

देश

Page 10

आईपीएल 2024 : 16 गेंदों में फिफ्टी ठोकने वाले को युवराज सिंह नहीं करेंगे माफ

सुभाष चन्द्र बोस थे देश के पहले पीएम, मोदी सूरज तो उनके आगे विपक्षी नेता मोमबत्ती...

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष विशाखा संवत 2080 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 29 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 107 • पृष्ठ 12

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 67, 310	₹77,500

आज का इतिहास

- 1929 : भारतीय फिल्म अभिनेता उत्पल दत्त का जन्म हुआ।
- 2012: 2012 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, जो नई दिल्ली में आयोजित हुआ था, की बैठक में ब्राजील, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका और भारत के भारतीय नेताओं ने भाग लिया।

न्यूज बाइट्स

600 से ज्यादा वकीलों की सीजेआई को चिट्ठी

नई दिल्ली (ए.)। सीजेआई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखने वाले 600 से ज्यादा वकीलों में हरीश साल्वे के अलावा बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन मिश्रा भी शामिल हैं। देश के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे समेत 600 से ज्यादा वरिष्ठ वकीलों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि न्यायपालिका खतरे में है और इसे राजनीतिक और व्यावसायिक दबाव से बचाना होगा। वकीलों ने लिखा कि न्यायिक अखंडता को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। हम वो लोग हैं, जो कानून को कायम रखने के लिए काम करते हैं। हमारा यह मानना है कि हमें अदालतों के लिए खड़ा होना होगा। अब साथ आने और आवाज उठाने का वक्त है। उनके खिलाफ बोलने का वक्त है जो छिपकर वार कर रहे हैं। हमें निश्चित करना होगा कि अदालतें लोकतंत्र का स्तंभ बनी रहें। इन सोचे-समझे हमलों का उन पर कोई असर ना पड़े।

पूर्णिया छोड़ने से बेहतर आत्महत्या कर लेना

पूर्णिया (नि.सं.)। पूर्णिया लोकसभा सीट पर लालू यादव की राजद और कांग्रेस के बीच चल रही खींचतान पर पप्पू यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि पूर्णिया छोड़ने से बेहतर होगा आत्महत्या कर लेना। पूर्व सांसद पूर्णिया से चुनाव लड़ने के अपने स्टैंड पर कायम हैं। उन्होंने कांग्रेस लीडर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के पाले में बॉल डाल दिया है कि कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व कि इस मामले जल्द कोई फैसला ले। पप्पू यादव ने पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ने के मकसद से ही अपनी जन अधिकार पार्टी का विलय कांग्रेस में कर दिया लेकिन। लेकिन, लालू यादव ने जदयू छोड़कर आरजेडी में आई बीमा भारती को इस सीट से चुनाव लड़ने के लिए सिंबल दे दिया है। बीमा भारती 3 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने वाली है। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में पूर्णिया में 25 अप्रैल को मतदान होगा।

पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को 20 साल की जेल

अहमदाबाद (गुजरात) (ए.)। पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को साल 1996 एनडीपीएस मामले में पालनपुर के द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायालय से झटका लगा है। कोर्ट ने पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट (Sanjeev Bhatt) को 20 साल के कठोर कारावास और 2 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मालूम हो कि पालनपुर के द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने इससे पहले बुधवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को एनडीपीएस मामले में दोषी करार दिया था। मालूम हो कि यह ड्रग्स को जब्त करने का मामला है। सत्र अदालत ने पूर्व अधिकारी को राजस्थान के रहने वाले एक वकील को झूठे आरोप में फंसाने के मामले में दोषी पाया है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राष्ट्र निर्माण की बात की

युवाओं का सशक्तिकरण करके राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित मोदी सरकार : अनुराग ठाकुर

एजेंसी | नयी दिल्ली

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं के सशक्तिकरण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की बात की है। इसके अलावा श्री अनुराग ठाकुर ने अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में स्वयं द्वारा चलाए जा रहे युवा केंद्रित कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में 'युवा' का मतलब समझाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि युवा मेरे लिए पॉजिटिव एनर्जी है जो सामने दिख रही है। युवा का मतलब है इंस्पिरेशन, पैशन, मोटिवेशन, इनोवेशन, इन पावरमेंट, डेवलपमेंट और कमिटमेंट। ये युवाओं के कमिटमेंट का ही कमाल है कि 10 साल में देश जो स्टार्टअप में कहीं नहीं था, आज युवा के कारण दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप बन गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं की क्षमताओं को वर्षों तक रोक कर रखा हुआ था। 30 साल पहले स्पेस सेक्टर खोल देते तो आज हम गूगल मैप नहीं देखते, हमारे युवा अपना बना चुके होते। आज भारत में इतनी संभावनाएं बनी हैं कि स्पेस सेक्टर में भी बड़ी ताकत बन रही है। मोदी सरकार ने युवाओं पर खास ध्यान दिया है। उन्होंने निर्देश दिए कि युवाओं को स्टार्टअप में जो भी दिक्कतें आ रही हैं उन्हें सॉल्व करना है। इसी के चलते भारत स्टार्टअप में एक बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। युवा तो आपकी सोच में हैं। हमारा मकसद भारत को कंटेंट हब बनाना है।

प्रधानमंत्री के साथ काम करने का अनुभव बताते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मेरे बॉस नरेंद्र मोदी दुनिया के बेस्ट बॉस हैं। वे काम के वक्त बहुत सख्त रहते हैं, लेकिन जब भारत की जनता की बात आती है तो वो सबसे बड़े दयालु बन जाते हैं। आप पीएम मोदी द्वारा जनता के लिए बनाई गई पॉलिसी को ही देख लीजिए। वे दिन-रात राष्ट्र हित के काम करने और भारत को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में लगे हुए हैं।

12 महीनों में 10 लाख नौकरियां दीं

आंकड़ों पर बात करते हुए अनुराग ठाकुर ने बताया कि पिछले 12 महीनों की मोदी सरकार ने 10 लाख सरकारी नौकरियां दी हैं। अगर आप ईपीएफओ के अकाउंट्स देखेंगे तो उसमें 6 करोड़ 40 लाख नए रजिस्ट्रेशन हुए हैं। ई श्रम कार्ड की बात करूं तो 29 करोड़ ई श्रम कार्ड मिले हैं। हमारे यहां 93 परसेंट अनर्गनाइज्ड सेक्टर जो अब ऑर्गेनाइज्ड होता चला जा रहा है। कोविड के समय जब लोग कहते थे कि भारत का एमएसएमई सेक्टर बंद हो जाएगा, करोड़ो लोग बेरोजगार हो जाएंगे। उस वक्त हमने 6 महीने का मोरेटोरियम पीरियड बैंकों के माध्यम से एमएसएमई को दिया, ताकि लोन लेट वापस कर सकें। इसके अलावा हमने 20 परसेंट एडिशनल वर्किंग कैपिटल दिया। लगभग 4 लाख करोड़ रुपये हमने बिना ब्याज का पैसा दिया, जिस कारण हमारी एमएसएमई ताकत के साथ खड़ी हुई।

बिहार में पांच सीटों के लिए नामांकन शुरू

निज संवाददाता | पटना

लोकसभा चुनाव के दूसरे दौर का नामांकन गुरुवार से शुरू हो गया है। निर्वाचन आयोग के अधिसूचना के साथ यह नॉमिनेशन शुरू हुआ है। अगले 7 दिनों तक प्रत्याशियों का नाम दाखिल किया जाएगा। दूसरे चरण में बिहार के पांच लोकसभा सीट पर मतदान होना है। लोकसभा चुनाव के दूसरे दौर में मतदान कुल 5 सीटों पर होना है बिहार के इसमें सीमांचल का इलाका है। लोकसभा सीट किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में नामांकन शुरू हुआ है। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक दो बड़े दल ने अपना प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारा है। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी नामांकन पत्र भर चुके हैं। नवादा संसदीय सीट से राष्ट्रीय जनता पार्टी के सिंबल पर श्रवण कुमार ने पर्चा दाखिल किया है। यह नामांकन के तीसरे दिन अपना पर्चा भरा। जबकि औरंगाबाद संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह ने पर्चा भरा है। बीजेपी कैंडीडेट सुशील कुमार सिंह ने नामांकन के तीसरे दिन पर्चा भरा है। नामांकन आंकड़े बता रहे हैं कि बड़े संख्या में निर्दलीय और छोटे दल भी सामने आ रहे हैं। पहले चरण का नामांकन 28 मार्च को खत्म हो गया।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी, 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा

एजेंसी | नयी दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरूवार को जारी कर दी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी चरण में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 सीटों के लिए चुनाव कराया जायेगा। उम्मीदवार चार अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और जम्मू कश्मीर को छोड़कर अन्य राज्यों में नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को की जायेगी। जम्मू कश्मीर में नामांकन पत्रों की जांच 6 अप्रैल को की जायेगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा।

30 एवं 31 मार्च को होने वाली बिहार डीएलएड प्रवेश परीक्षा हुई स्थगित

पटना (नि.सं.)। बिहार डीएलएड प्रवेश परीक्षा में भाग लेने जा रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से एक्स (एक्स) पर दी गयी जानकारी के अनुसार 30 एवं 31 मार्च को होने वाली प्रवेश परीक्षा को अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है। इन डेट्स में होने वाली परीक्षा के लिए नया शेड्यूल जल्द ही बीएसईबी की ओर से घोषित कर दिया जायेगा। परीक्षा नियंत्रक ने इसके अलावा यह जानकारी भी साझा की है कि 1 अप्रैल से 28 अप्रैल 2024 तक होने वाली परीक्षाएं यथावत अपने समय पर होंगी। इन डेट्स में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से ऑफिशियल वेबसाइट dledsecondary.biharboardonline.com पर 1 से 9 अप्रैल तक होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर या यहां दिए जा रहे डायरेक्ट लिंक पर क्लिक करके एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से नहीं मिली राहत, एक अप्रैल तक बढ़ी ईडी रिमांड

एजेंसी | नई दिल्ली

राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक अप्रैल तक ईडी रिमांड बढ़ा दी है। अब एक अप्रैल तक दिल्ली के मुख्यमंत्री ईडी की कस्टडी में रहेंगे। जांच एजेंसी ने दिल्ली की कोर्ट से सात दिन की रिमांड की मांग की थी। कोर्ट में पेशी के दौरान ईडी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के बयान दर्ज किए गए हैं, लेकिन उनका एक व्यक्ति से सामना कराना है। साथ ही जब्त किये गए डिजिटल डेटा का भी परीक्षण करना है। सीएम केजरीवाल ईडी के साथ पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

जांच एजेंसी ने आगे कहा कि हमारे पास सबूत है कि केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में 100 करोड़ रुपये की रिश्वत की मांग की। केजरीवाल ने कई बड़े अधिवक्ता खड़े किए, क्या आम आदमी ऐसा कर सकता है?

सीएम पद से हटाने की याचिका खारिज

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को पद के हटाने की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई सुनवाई के बाद अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत मिली है जी हां, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि यह राजनीतिक मामला है, न्यायिक दखल की जरूरत नहीं है ऐसे में हम आदेश नहीं दे सकते है कोर्ट ने साथ ही कहा कि यह कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में है इसलिए फैसला वहां से ही हो सकता है कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी है कि वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के बाद एलजी इस पूरे मामले में दखल दे सकते है।

बस की तलाशी के दौरान तस्करी कर भारतीय सीमा में लाए गए विदेशी मूल के सिगरेट को किया गया जब्त

जब्त सभी सिगरेटों का अनुमानित मूल्य 2 लाख 45 हजार के करीब

निज संवाददाता | पटना

सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत सीमा शुल्क, रांची सर्किल के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर आरा से रांची जा रही बस की तलाशी के दौरान रामगढ़-रांची रोड में पुनदाग टोल प्लाजा के समीप अवैध रूप से तस्करी कर भारतीय सीमा में लाए गए विदेशी मूल के सिगरेट को गुरुवार की सुबह लगभग 03:45 बजे सीमा शुल्क के अधिकारियों ने जब्त किया। जब्त किये गये सिगरेट विदेशी मूल के हैं तथा जिन्हें भारतीय मूल के सिगरेट के साथ छिपाकर अवैध रूप से बिना किसी कागजात के ले जाया जा रहा था। जब्त किये गए विदेशी मूल के सिगरेटों की कुल संख्या 800 पैकेट (9600 पीस)है जो पूर्णतः अवैध रूप से तस्करी के द्वारा दूसरे देशों से भारत में लाया गया है।

इसके अतिरिक्त जब्त भारतीय मूल के सिगरेटों की संख्या 3600 पैकेट (36000 पीस) है। जब्त सभी सिगरेटों का अनुमानित मूल्य 2 लाख 45 हजार के करीब है। जैसा कि भारत सरकार द्वारा विदेशी मूल के सिगरेट का आयात विभिन्न नियमों के पालन किए बिना लाना प्रतिबंधित है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त सिगरेट तंबाकू उत्पाद नियमों के मुताबिक नहीं थे और इन्हें भारत में तस्करी कर लाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस मिथक के कारण कि विदेशी मूल की सिगरेट बेहतर होती है, युवा उपभोक्ताओं के बीच इनकी अधिक मांग है, उपभोक्ता के लिए इन तस्करी वाली सिगरेटों की कीमत कम होती है, क्योंकि ये उत्पाद आमतौर पर सीमा शुल्क और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान किए बगैर हमारे देश में तस्करी कर लाए जाते हैं। जैसा कि कि कुछ समय पहले ही निर्वाचन आयोग के द्वारा पटना में आयोजित मीटिंग में यह दिशा निर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित पदार्थों के तस्करी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई को तीव्र गति प्रदान की जाए। अधिकारियों ने बताया की फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के निर्देश पर पटना प्रमंडल के सहायक आयुक्त राघवेंद्र शाह के नेतृत्व में की गई जिसमें जितेन्द्र मंडल, निरीक्षक ने मुख्य भूमिका निभाई। आयुक्त ने आगे बताया कि तस्करों द्वारा पूर्वोतर क्षेत्र से ट्रेनों तथा अन्य माध्यमों से यथा सड़क मार्ग द्वारा भी अवैध तरीके से तस्करी कर विदेशी मूल के सिगरेट को लाया जा रहा है तथा बिहार एवं झारखंड के इलाकों में इसकी बिक्री की सूचना है। हालांकि इसको रोकने के लिए पटना कस्टम्स पूरी तरह सक्षम और मुस्तैद है एवं आने वाले समय में इस तस्करी निरोधी अभियान को और गति तथा सख्ती मिलेगी।

आज हो सकता है महागठबंधन की सीट शेयरिंग का ऐलान

निज संवाददात | पटना

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के नामांकन की आज अंतिम तारीख है। अभी तक महागठबंधन की ओर से सीट शेयरिंग और कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान नहीं किया गया है। गुरुवार तक दिल्ली में आरजेडी कांग्रेस के बीच बैठकों का दौर जारी रहा। शुक्रवार को पटना में सीट शेयरिंग की घोषणा की जाएगी। इससे पहले संभावना जताई जा रही थी कि गुरुवार को ही सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी जाएगी।

शुक्रवार दोपहर 12.15 बजे पटना स्थित राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय में महागठबंधन की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इसमें कौन पार्टियां किस-किस सीट से चुनाव लड़ेगी, इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ साथ महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेता मौजूद रहेंगे। बताया जा रहा है कि माले को चार सीट मिल सकती हैं। इसमें आरा से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजाराम सिंह, नालंदा से संदीप सौरभ या महानंद सिंह और सीवान से अमरनाथ यादव के चुनाव लड़ने की संभावना है।

मुकेश सहनी को तीन सीटें मिल सकती हैं

मुकेश सहनी की पार्टी को भी एनडीए में जगह नहीं मिली और उनकी विकासशील इंसान पार्टी का झुकाव महागठबंधन की तरफ है। वे आरजेडी से महागठंधन में तीन सीटों की चाहत रखते हैं। आरजेडी उन्हें ये सीटें दे सकती है। लालू प्रसाद ने पूर्णिया से बीमा भारती, गया से कुमार सर्वजीत, जमुई से अर्चना रविदास, नवादा से श्रवण कुशवाहा, औरंगाबाद से अभय कुशवाहा, मुंगेर से अशोक महतो की पत्नी अनिता कुमारी, बांका से जयप्रकाश नारायण यादव को सिंबल पहले ही दे दिया है।

सरकार अग्निवीर योजना में बदलाव के लिए तैयार, सेना को युवाओं की जरूरत : रक्षामंत्री

एजेंसी | नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अग्निवीर का भविष्य भी सुरक्षित रहे। जरूरत पड़ी तो हम बदलाव भी करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है। न्यूज चैनल टाइम्स नाउ के समिट में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे।

उन्होंने कहा- सेना को युवाओं की जरूरत है। मुझे लगता है कि युवा उत्साह से भरा होता है। वे टेक-लवर होते हैं। हमने इस बात का उचित ध्यान रखा है कि उनका भविष्य भी सुरक्षित रहे। जरूरत पड़ी तो हम बदलाव भी करेंगे। अग्निवीर स्कीम लागू होते ही विवादों में आ गई थी। इस स्कीम में सिर्फ 4 साल की सर्विस को विपक्ष ने युवाओं के साथ धोखा बताया था। कांग्रेस के चुनावी कैंपेन में अग्निवीर स्कीम को मुख्य मुद्दा बनाया है।

मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में इसी महीने राहुल गांधी ने ग्वालियर में अग्निवीर भर्ती से जुड़े युवाओं, पूर्व सैनिकों से करीब 40 मिनट तक बात की। यहां सेना की तैयारी कर रहे युवाओं ने बताया कि जो सम्मान फौजी बनने पर मिलता था अब वो अग्निवीर बनने पर नहीं मिलता। न शहीद का दर्जा मिलता है न ही पेंशन और कैंटीन की सुविधा मिलती है। यहां तक की अब तो अग्निवीर सुनकर हमारे रिश्ते वाले भी नहीं आ रहे हैं। इस पर राहुल गांधी ने युवाओं को भरोसा दिलाया था कि यदि उनकी सरकार आती है तो वह अग्निवीर भर्ती योजना में जो सुधार हो सकता है वह जरूर करेंगे।

2022 को लागू की गई थी अग्निवीर स्कीम

केंद्र सरकार ने 14 जून 2022 को सेना की तीनों शाखाओं- थलसेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं की बड़ी संख्या में भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की थी। इस स्कीम के तहत नौजवानों को सिर्फ 4 साल के लिए डिफेंस फोर्स में सेवा देनी होगी।

पूर्व सांसद अरुण कुमार ने चिराग पासवान की पार्टी से दिया इस्तीफा

पटना (नि.सं.)। लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद अरुण कुमार ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वह पार्टी से टिकट नहीं मिलने से नाराज हैं। जानकारी के मुताबिक, वह नवादा या जहानाबाद से टिकट चाह रहे थे। लेकिन नवादा बीजेपी के पास और जहानाबाद सीट जदयू के खाते में चली गई है। अरुण कुमार ने कहा कि चिराग पासवान यह समझना चाहिए कि हमलोग माला जपने वाले हिमालय के साधु नहीं है। हम जनता के हक की लड़ाई के लिए 40 साल से राजनीति कर रहे हैं। इसलिए मैंने खुद को उनसे अलग कर लिया। इधर, डॉक्टर अरुण कुमार ने रविवार को पटना में अपने घर पर एक मीटिंग बुलाई है।

बिहार में अब सताएगी गर्मी, अप्रैल से चलेगी लू

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अब सूरज का सितम बढ़ने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन से चार दिनों तक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान 37.7 डिग्री सेल्सियस के साथ वैशाली जिला सबसे गर्म रहा। सबसे कम 18.8 डिग्री मोतिहारी जिला का तापमान दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों पर लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मार्च का महीना ज्यादा गर्मी नहीं पड़ी। बीच-बीच में बारिश होने से तापमान भी नियंत्रण में रहा। विभाग की माने तो अप्रैल के महीने से लू चलने की आशंका जताई जा रही है। पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत में गैर-मानसूनी वर्षा के लिए जिम्मेदार होता है। यह नवंबर से मार्च तक प्रभावी रहता है। लेकिन अप्रैल आते आते यह पूरी तरह से निष्क्रिय हो जाता है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस पूरे हफ्ते पटना का न्यूनतम तापमान 18 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं अधिकतम तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमान

पिछले 24 घंटे के दौरान 37.7 डिग्री सेल्सियस के साथ वैशाली जिला सबसे गर्म रहा। इसके अलावा शेखपुरा का अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री, नवादा 36.01 डिग्री, औरंगाबाद 35 डिग्री, भोजपुरी 35.2 डिग्री, खगड़िया 31 डिग्री, पटना 33.5 डिग्री, गया 35.2 डिग्री भागलपुर 31.9 डिग्री इसके अलावा अन्य जिलों का भी अधिकतम अपमान 30 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy; DAYS Acupressure Yoga Science; DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th; DEMS अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th Electrohomeopathy Medicine Science

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure; BAYS अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 Bachelor of Acupressure Yoga Science; BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science; MBAS अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2 Bachelor of Medicine in ALT. Science; MD (Acu Yoga); MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट; MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS; BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

डॉ. अजय प्रकाश सचिव

Apply Online : www.bayc.in

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है | सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें |

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

संक्षिप्त समाचार

श्रवण कुशवाहा के समर्थकों में जबरदस्त उत्साह का माहौल

नवादा। आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोक सभा चुनाव को लेकर नामांकन की अंतिम तिथि तक कुल 17 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है. राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़ रहे श्रवण कुशवाहा सहित कई अन्य राजनैतिक दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया. श्रवण कुशवाहा के नामांकन दाखिल करने के बाद उनके समर्थकों में काफ़ी उत्साह का माहौल था. हालांकि आदर्श अचार संहिता के कारण समर्थक समाहरणालय से काफ़ी दूर रहे.नामांकन कराने को लेकर राजद के प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव, हिसुआ विधायक श्री मति नीतू सिंह, अशोक महतो,पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, रामदेव कुशवाहा, सागरिका पासवान सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद थे. सदर प्रखंड अंतर्गत कादिरगंज में हुए नामांकन समारोह में समर्थको ने अपने प्रत्याशी को जीत की अग्रिम शुभकामनायें देते हुए कहा की लोकसभा क्षेत्र के सभी गरीब गुरबा एक एक बहुमूल्य वोट लालटेन को देकर नवादा के बेटा को लोक सभा भेजेंगे. नेताओं ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को गरीबों का मसीहा बताते हुए कहा की राजद जात की बात नहीं करके जमात को साथ लेकर चलने की बात करती है. आज नवादा में जो नेता बगावत कर रहे हैं उन्हें जनता अच्छी तरह से पहचान चुकी है.उन्हें मुँह की खानी पड़ेगी. वही प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा ने कहा की मैं नवादा का घर का बेटा हूँ मै हमेशा आपके सुख दुख में शामिल रहूंगा. मौके पर हजारों समर्थक उपस्थित थे.

अनियंत्रित ट्रक ने मां-बेटे को रौंदा, मौके पर मौत

नवादा। जिले में रफ्तार का कहर जारी है। अनियंत्रित ट्रक ने बाईक सवार मां - बेटे क़ो रौंद दिया । दुर्घटना में दोनों की दर्दनाक मौत हो गयी। दोनों का शव पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम क़े लिएसदर अस्पताल भेजा है। घटना क़े बाद परिवारजनों में मातम छा गया। चीत्कार और क्रन्दन से माहौल गमगीन है। घटना जिले के कादिरगंज थाना क्षेत्र के सोनू बीघा गांव के समीप की है। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान गया जिले के लालूचक गांव निवासी गुड्डू कुमार की पत्नी खुशबू कुमारी और मासूम के रूप में किया गया है। इस बावत कादिरगंज थानाध्यक्ष श्रवण कुमार राम ने बताया शव क़ो पोस्टमार्टम कराकर परिजन क़ो सौंप दिया गया। ट्रक चालक दुर्घटना क़े बाद ट्रक लेकर फरार हो गया । अग्रेतर कार्रवाई आरंभ किया जा रहा है। ससुराल से बाईक पर लौट रहे थेः- मृतक के पति गुड्डू कुमार ने बताया कि अपने ससुराल कौआकोल थाना क्षेत्र क़े महुडर ग्राम से पत्नी और मासूम बच्चे को बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गई।

राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा ने दाखिल कराया नामांकन

नवादा। जिले के नवादा संसदीय सीट से प्रथम चरण के होने वाले चुनाव नामांकन के अंतिम दिन राजद उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा ने नामांकन का दूसरा पर्चा दाखिल कराया। पर्चा दाखिल कराने के बाद हिसुआ विधायक नीतू सिंह समाहरणालय पहुंच गठबंधन धर्म का औपचारिकता पुरा किया। मौके पर राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, बाहुबली अशोक महतो एवं सागरिका पासवान मौजूद थे। पहले चरण के नामांकन का आखिरी दिन होने के कारण प्रत्याशी के नामांकन का सिलसिला जारी रहा. प्रत्याशियों के समर्थकों की भारी भीड़ के कारण मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बन रही थी लेकिन मौजूद पुलिस बल ने मोर्चा संभाल कर काम करते दिखे.

भूमि पर जबरन कब्जे के विरुद्ध थाने को दिया आवेदन

रजौली। थाना क्षेत्र के तिलैया गांव में 42 डिसमिल जमीन पर 13 लोगों द्वारा जबरन कब्जे को लेकर रामवृक्ष दास के द्वारा थाना को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।पीड़ित ने कहा कि तिलैया के स्व कारू दास के पुत्र सुरेश दास,जगदीश दास, वासुदेव दास,गांगो दास व नरेश दास,स्व लखन दास के पुत्र दिनेश दास,स्व लाक्षो दास के पुत्र गणेश दास,स्व रेवत दास के पुत्र वासो दास,वासो दास की पत्नी पार्वती देवी,काली दास की पत्नी सारो देवी,सुरेश दास की पत्नी फुलवा देवी,राजेन्द्र दास की पत्नी सरस्वती देवी एवं ईश्वरी दास के पुत्र सुभाष दास द्वारा थाना संख्या 132 के विभिन्न प्लॉटों में रहे कुल 42 डिसमिल जमीन पर हरवे हथियार के साथ पहुंच जबरन कब्जा किया जा रहा है।पीड़ित ने यह भी कहा कि उक्त भूमि विवाद को लेकर रजौली एसडीएम द्वारा वाद संख्या 23/2023 में धारा 144 के बाद धारा 188 के तहत कार्रवाई की गई।साथ ही यह निर्देश भी दिया गया कि उक्त खेत में कोई फसल आदि नहीं काटेगा।किन्तु विपक्षियों द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा करने को आतुर है।विरोध किये जाने पर खून खराबा एवं अप्रिय घटना को अंजाम देने की धमकी आदि भी दिया जा रहा है।पीड़ित ने कहा कि उक्त मामले को लेकर थाना परिसर में शनिवार को लगने वाले जनता दरबार में लाया गया था।जहां अंचलाधिकारी ने द्वितीय पक्ष को नोटिस भी किया था।पीड़ित ने कहा कि थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर 13 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करने एवं न्यायपूर्ण कार्रवाई करने की मांग की है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि भूमि विवाद को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है।पुलिस मामले की जांच कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

ज्यूरी से देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

पकरीबरावां। देशी कट्टा लहराते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट करना एक युवक को भारी पड़ गया। जैसे ही इसकी भनक पकरीबरावां पुलिस को लगी, पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए युवक को कट्टा के साथ धर दबोचा। मामला पकरीबरावां थाना क्षेत्र के ज्यूरी गांव का है। पुलिस को जानकारी मिली कि ज्यूरी गांव के अखिलेश कुमार नामक यूवक ने सोशल मीडिया कर कट्टा के साथ पोस्ट किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने तत्काल गांव में छापेमारी कर उक्त युवक को कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक का अपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में भी उसपर तीन मामलें दर्ज है। उन्होंने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

सड़क हादसे से उजड़ा दो परिवार, पसरा मातम

खोदावंदपुर/बेगूसराय। बुधवार की रात बेगूसराय-रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 पर मंझौल बसौना मोड़ के समीप हुए सड़क हादसा में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत से एक साथ दो परिवार उजड़ गया. बताते चलें कि बलिया थाना क्षेत्र के समस्तीपुर चकवारी गांव के रहने वाले राम नारायण सिंह के 30 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार बाइक से अपने घर से अपनी ससुराल मेघौल गांव आ रहे थे, तभी रास्ते में सड़क किनारे एक विद्युत पोल से टकरा जाने के कारण उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी. इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों एवं ससुराल पक्ष के लोगों में कोहराम मच गया. मिली जानकारी के अनुसार बबलू कुमार अपने माता-पिता के इकलौते संतान थे. उनकी शादी वर्ष 2020 में मेघौल गांव निवासी जंगल सिंह की इकलौती पुत्री से हुई थी. जंगल सिंह को एकमात्र पुत्री ही है. मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक को एक चार माह की बच्ची है. इस घटना से दो परिवार उजड़ गया है.

आपका एक वोट देश का भविष्य करेगी निधारण-राहुल वर्मा

निज संवाददाता। **नारदीगंज**

18 वीं लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम नारदीगंज के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया। इंटर विद्यालय नारदीगंज व नारदीगंज महाविद्यालय नारदीगंज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत युवा मतदाताओं को जागरूक कर वोट के अधिकार व महता की जानकारी साझा की गई। यह कार्यक्रम डीएम के निर्देशानुसार जिला आइकन (निर्वाचन) राहुल वर्मा व उनके सहयोगी अशोक कुमार, विकास कुमार ने उपस्थित युवाओं को वोट की महत्ता व अधिकर के बारें में बहुत सुंदर तरीके वीडियो फ़िल्म को भी दिखाकर जागरूक किया। इंटर विद्यालय नारदीगंज में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डा0 कारु रजक ने की। मौके पर शिक्षक रूपेश कुमार,मो0 परवेज आलम, शंकर कुमार,डा0 बिनोद रविदास,लिपिक शशि कुमार सुधाकर,बीआरपी राजकुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने भी आगामी 19 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में वोट देने के लिए जागरूक किया। जिला आइकन (निर्वाचन) राहुल वर्मा ने कहा भारत संवैधानिक देश है। लोकतंत्र में मतदान का बहुत बड़ा महत्व है। शिक्षा एक वैसी ताकत है,जो सभी दरबाजे खोल देते हैं, ठीक उसी प्रकार एक वोट देश का भविष्य निर्धारण करती है,विकास का द्वार खोल देती है। इस लिए देश का नागरिक का कर्तव्य व अधिकार है कि अपना बहुमूल्य वोट एक अच्छे उम्मीदवार को अवश्य दें। मतदान केंद्र पर जाय, और आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें, आपका एक वोट से देश का प्रधानमंत्री बन सकता है। इस देश में मतदान का प्रतिशत मात्र 67 प्रतिशत है,वही बिहार का 57 प्रतिशत है,और नवादा जिला में मतदान का प्रतिशत मात्र 49 प्रतिशत है,जो दुःख की बात है। आप सभी देश के सजग नागरिक है,इस वोट की प्रतिशत को बढ़ाने में आप सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस चुनाव में युवाओं के साथ महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है।सोच बदलना है,एक एक वोट महत्वपूर्ण होता है।लोकतंत्र में जनता मालिक होता है। सरकार बनाने व बदलने में मतदान प्रमुख स्थान रखता है। उन्होंने वोट डालने के लिए वोटरकार्ड, आधारकार्ड, पैनकार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस समेत अन्य दस्तावेज के बारें में जानकारी दी। कहा कि इसमें कोई एक विकल्प आपके पास होगा,तो आप वोट दे सकते हैं। एक वोट छुट्टे नहीं। अपने घर मुहल्ले के लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक करें। 18 वर्ष पूरी कर लेने वाले नए मतदाता हैं, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो चुका है। उन्हें मतदान करने का अधिकार प्राप्त हो गया है। दिव्यांग व 80 वर्ष से ऊपर आयु वाले मतदाता प्रपत्र(ख) भरें, घर बैठे उनका मतदान हो जाएगा। उन्होंने सक्षम एप्प, मतदाता का नाम जोड़ने,हटाने, नाम संशोधन के बारें भरने वाले प्रपत्र की जानकारी व निर्वाचन से जुड़े कई सवाल भी छात्र व छात्राओं से पूछा गया । मौके पर सलोनी,ईशा,उजमा प्रवीण,सोहानी व अन्य छात्र व छात्राएं ने कई प्रश्नों को सुंदर तरीके से जबाव देकर सन्तुष्ट किया।

राजद के बागी ने किया नामांकन

निज संवाददाता। **नवादा**

राजद के बागी पूर्व प्रदेश महासचिव बिनोद यादव ने नामांकन के अंतिम दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष पर्चा दाखिल किया। इसके पूर्व वे अपने आवास से वाहनों के काफिले के साथ न्यायालय के पीछे चुनाव कार्यालय पहुंचे। नामांकन के समय समर्थकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। वे विधान पार्षद अशोक यादव, रजौली राजद विधायक प्रकाश वीर व जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी व प्रस्तावकों के साथ समाहरणालय पहुंच नामांकन का पर्चा दाखिल किया। उन्होंने जीत का दावा करते हुए कहा कि उनके समक्ष राजद प्रत्याशी कहीं जीत नहीं पायेंगे। मतदाताओं के आशीर्वाद से तीन लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज कर लोकसभा पहुंचे. एनडीए प्रत्याशी के रूप में विवेक ठाकुर ने किया नामांकन दाखिल नवादा एनडीए प्रत्याशी के रूप में भाजपा के घोषित प्रत्याशी नवादा संसदीय क्षेत्र से विवेक ठाकुर ने जिला पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। नामांकन का अंतिम दिन है। नामांकन के समय हिसुआ भाजपा के पूर्व विधायक अनिल सिंह दूर दूर तक कहीं दिखाई नहीं पड़े। नामांकन दाखिल के दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, वारिसलीगंज विधायक अरुणा देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता,पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे। इसके पूर्व उन्होंने पुरानी कचहरी स्थित बिहार केसरी डा. श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। नामांकन पश्चात श्रीकृष्ण मेमोरियल कालेज में एनडीए समर्थकों को संबोधित किया.

उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेघौल कन्या में वर्गकक्ष के अभाव में शिक्षकों व बच्चों को हो रही परेशानी

निज संवाददाता। **खोदावंदपुर/बेगूसराय**

खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेघौल कन्या में वर्गकक्ष के अभाव में बच्चों व शिक्षकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है. यह विद्यालय गायत्री मंदिर परिसर में वर्षों से संचालित हो रही है. इस विद्यालय के स्थापना काल से ही अबतक अपनी जमीन नहीं है. सन् 1950 के दशक में स्थापित इस विद्यालय का संचालन स्थान खानाबदोश की तरह बदलता रहा है. इस विद्यालय में मात्र दो कमरे हैं, यहां वर्ग प्रथम से वर्ग अष्टम तक की पढ़ाई की सुविधा है. इस विद्यालय में 256 बच्चे नामांकित हैं, जबकि यहां कुल 10 शिक्षकों का पदस्थापन है. जिसमें 4 शिक्षिकाएं एवं 6 शिक्षक शामिल हैं.प्राप्त जानकारी के अनुसार सन् 1950 के दशक में स्थापित किए गए लोअर प्राइमरी कन्या पाठशाला को सन 1980 के दशक में उत्क्रमित कर मध्य विद्यालय का दर्जा दिया गया. अपने स्थापना काल में इस विद्यालय को मेघौल गांव में एक निजी दरवाजे पर संचालित किया जाता था, उसके बाद इस विद्यालय का संचालन शहीद राधा जीवन स्मारक स्थल मेघौल में किया जाने लगा.लगभग डेढ़ दशक तक इसी जगह पर विद्यालय का संचालन हुआ, उसके बाद विद्यालय की तत्कालीन प्रधानाध्यापिका संध्या कुमारी के द्वारा अपनी निजी फूस की झोपड़ी में इसका संचालन किया गया. तत्कालीन प्रधानाध्यापिका की सेवानिवृति के बाद इस विद्यालय का संचालन मेघौल गांव के पश्चिमी टोला स्थित एक ठाकुरवाड़ी परिसर में किया जाने लगा, जहां वर्तमान समय में इस विद्यालय का संचालन किया जा रहा है. विद्यालय के दो कमरों में से एक कमरे में कार्यालय एवं दो वर्गों की कक्षा संचालित की जा रही है, जबकि दूसरे कमरे में दो वर्गों का संचालन होता है. इसके बरामदे पर भी दो वर्ग चलाया जा रहा है, जबकि बगल के गायत्री मंदिर परिसर में दो वर्गों की पठन-पाठन व्यवस्था की जा रही है. विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंद्राणी कुमारी एवं सहायक शिक्षक अवनीश कुमार वर्मा ने बताया कि वर्ग कक्ष के सर्वथा अभाव के कारण एक कमरे में कई वर्गों की पढ़ाई होने से पठन पाठन व्यवस्था प्रभावित होती है. विद्यालय भवन बनवाने के लिए जमीन की व्यवस्था की मांग जन- प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों से कई बार की जा चुकी है, परन्तु इस समस्या का निराकरण अबतक नहीं किया गया है, जिससे छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है. इस संदर्भ में पंचायत के मुखिया पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि यह विद्यालय वर्षों से भूमिहीन है, जिसके चलते गांव के ही गायत्री मंदिर परिसर में विद्यालय संचालित की जा रही है. बच्चों व शिक्षकों की समस्या को देखते हुए विद्यालय की अपनी जमीन के बारे में सार्थक प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही इस विद्यालय को अपना जमीन उपलब्ध करवा दिया जायेगा. पुरुषोत्तम सिंह, मुखिया, मेघौल. गायत्री मंदिर परिसर में चल रहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेघौल कन्या का वर्ग

हत्या का एक अभियुक्त दोषी करार, दो रिहा

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

एडीजे मंझौल डा. दिनेश कुमार प्रधान ने सत्रवाद संख्या 21/ 2006 में गुरुवार को हत्या के एक अभियुक्त को दोषी करार दिया तथा दो को रिहा कर दिया। चेरिया बरियारपुर थाना कांड संख्या 103/ 2004 के तीन अभियुक्तों पर धारा 302, 149, 354, 3 एवं 4 डायन एक्ट का आरोप था। चेरिया बरियारपुर थाना में सूचक धनेश्वरी देवी ने अभियुक्तों पर सिर मुड़ाकर नंगा कर डायन का आरोप लगाते हुए खींचकर ईंट पत्थर लाठी डंडा से पीटने का आरोप लगाया था। सूचक महिला धनेश्वरी देवी की इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई। अपर लोक अभियोजक राकेश कुमार ने सात गवाहों की गवाही कराई। दो अभियुक्तों रामाशीष पासवान एवं अजय पासवान को कोर्ट ने रिहा कर दिया। सजा के बिंदु पर 30 मार्च को सुनवाई होगी।

मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

निज संवाददाता। **रजौली**

प्रखंड अंतर्गत रामलाल इंटर विद्यालय तारगीर के तत्वाधान में बृहस्पतिवार को मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। यह कार्यक्रम संगीत शिक्षक विजय शंकर पाठक के देख रेख में आयोजित कराया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से कहा की हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए हमें मतदान हर काम छोड़कर करना चाहिए क्योंकि मतदाता ही भाग्य विधाता होते हैं विद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक राणा रणजीत आजाद ने बताया कि मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है ताकि लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके वहीं शिक्षक संदीप कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान और अपने गांव शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने के लिए और मतदान केंद्र तक जाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस निबंध प्रतियोगिता में छात्र सिमरन कुमारी, कीर्ति कुमारी, अनिशा कुमारी खुशबू कुमारी काजल कुमारी संध्या रानी रिंकी कुमारी समीर आलम, रेहान आलम, प्रीति कुमारी, रजनी कुमारी ,करिश्मा ,सिंबू कुमारी निशु कुमारी, निधि कुमारी ,स्वीटी, बबली, अंकुर अंकुश, वर्षा ,आयुष ,अभिषेक रौनक ,विकी, सुमित आदि 50 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में शामिल हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनिशा कुमारी, द्वितीय स्थान कृति कुमारी एवम तृतीय स्थान सिमरन कुमारी को प्राप्त हुआ। सभी छात्र छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक ब्रजेश कुमार, रवि शंकर, मयंक सागर,कमला कुमारी, सोनी कुमारी, नाजिया तवसूम, संगीता कुमारी, रूही गजाला, सगुफ्ता बानो समसून निशा मौजूद थे।

चुनाव कार्य से मुक्त करने को लेकर आवेदन देने बाले कर्मियों का होगा मेडिकल जाँच

निज संवाददाता। **नवादा**

आशुतोष कुमार वर्मा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा आदेश निर्गत किया गया है कि दिव्यांग एवं गंभीर बीमारी आदि से ग्रसित होने के कारण निर्वाचन कार्य से मुक्त करने हेतु आवेदन समर्पित करने वाले आवेदक दिनांक-02.04.2024 को 10:00 बजे पूर्वाहन में डी०आर०डी०ए० भवन, समाहरणालय, नवादा में स्वयं सभी साक्ष्यों के साथ मेडिकल टीम के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के मतदान हेतु पदाधिकारियों/कर्मियों की नियुक्ति पीठासीन पदाधिकारी/ मतदान पदाधिकारी के रूप में की गई है। पदाधिकारियों/कर्मियों के द्वारा दिव्यांग एवं गंभीर बीमारी आदि से ग्रसित होने के आधार पर निर्वाचन कार्य से मुक्त करने का अनुरोध पत्र समर्पित किया गया है। निर्वाचन कार्यहित में इस अनुरोध पत्रों का निष्पादन हेतु एक मेडिकल टीम का गठन किया गया है। इसलिए दिव्यांग एवं गंभीर बीमारी आदि से ग्रसित होने के कारण निर्वाचन कार्य से मुक्त करने हेतु आवेदन समर्पित करने वाले आवेदकों को आदेश गया है कि वे दिनांक-02.04.2024 को 10:00 बजे पूर्वाहन में डी०आर०डी०ए० भवन, समाहरणालय, नवादा में स्वयं सभी साक्ष्यों के साथ मेडिकल टीम के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करें ताकि मेडिकल टीम के द्वारा उनकी जाँच की जाय। यदि निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित कर्मी अनुपस्थित रहते हैं तो उनके आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरा वोट मेरा अधिकार

नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग-सह-प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, नवादा।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक लोकसभ चुनाव हेतु रणनीति

निज संवाददाता। **बेगुसराय**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक बेगूसराय लोकसभा चुनाव की तैयारियों, एनडीए घटक दलों के समन्वय तथा विधानसभा से संयुक्त एनडीए बैठक की व्यवस्था को लेकर संयोजक पूर्व विधानर परिषद रुदल राय की अध्यक्षता में जिलाअधिवक्ता संघ सभागार में आयोजित की गई।बैठक में कल 29 मार्च से 4 अप्रैल तक सभी विधानसभा क्षेत्र में राजग की संयुक्त बैठक करने का निर्णय लिया गया। निर्णय के तहत 29 मार्च को बेगूसराय प्रधान कार्यालय 30 मार्च को बखरी, रामा पैलेस 31 मार्च चेरिया बरियारपुर कोरजाना कोल्ड स्टोरेज, एक अप्रैल को तेघड़ा विधानसभा तथास्तु होटल 2 अप्रैल को मटिहानी 3 अप्रैल को शाहेबपुर कमाल लक्ष्मी गार्डन पंचवीर तथा 4 अप्रैल बछवारा के ईश्वर विवाह भवन वहरामपुर, मंसूरचक में आयोजित किया गया है।जदयू के जिला अध्यक्ष पूर्व विधान परिषद रूदल राय ने कहा कि बेगूसराय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के यशस्वी नेतृत्व में विकास की गंगा वही है जिसमें समाज के सभी वर्गों को लाभ मिला है। इस बार बेगूसराय में पिछला रिकॉर्ड टूटेगा तथा ऐतिहासिक जीत होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा ने कार्यकर्ताओं से संयुक्त रूप से राजग गठबंधन के साथ समन्वय बनाकर वुथ स्तर तक संपर्क का आह्वान किया।

बरौनी रिफाइनरी में ऑनसाइट आपदा मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

पीएनजीआरबी और अन्य वैधानिक निकायों के दिशानिर्देशों के अनुसार बरौनी रिफाइनरी में नियमित रूप से आपदा अभ्यास आयोजित किए जाते हैं। इस तरह के अभ्यास हर तिमाही में आयोजित किए जाते हैं और इसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन प्रबंधन प्रणाली में कमियों का पता लगाना और साथ ही रिफाइनरी की आपदा प्रबंधन क्षमता में और सुधार करना है। Q4/2023-24 के लिए ऑनसाइट आपदा मॉक ड्रिल 28 मार्च 2024 को बरौनी रिफाइनरी में एमएस टैंक नंबरः 255 पूल फायर से/के रिसाव / टूटने के परिदृश्य पर आयोजित की गई थी। आग की सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां टैंक 255 के पास घटना स्थल पर पहुंचीं। स्थिति की गंभीरता के आकलन के बाद ईआरडीएमपी (आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना) लागू की गई। ड्रिल सुबह 10:04 बजे शुरू की गई। लेवल 1 (बड़ी आग) का सायरन 10:13 बजे बजाया गया, जब पहली बार में भी स्थिति को नियंत्रित नहीं किया जा सका। इसके बाद, स्थिति में और वृद्धि होने पर कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख के परामर्श के बाद सीआईसी (मुख्य घटना नियंत्रक) द्वारा ऑनसाइट आपदा घोषित की गई और लेवल-2 (ऑनसाइट) आपदा सायरन 10:25 बजे बजाया गया और ईआरडीएमपी के अनुसार तुरंत आपातकालीन आपदा प्रबंधन टीम कार्रवाई में आई। बिना किसी जान-माल के नुकसान के अंततः स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। बरौनी रिफाइनरी की आपदा प्रबंधन टीम का नेतृत्व समग्र आपदा समन्वयक, श्री सत्य प्रकाश, कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, बरौनी रिफाइनरी ने किया, और इसमें मुख्य घटना नियंत्रक श्री एस.के. सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीक), मानव संसाधन कल्याण और मीडिया समन्वयक डॉ. प्रशांत राउत, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन); सीआईसी के सलाहकार (रिफाइनरी परिचालन संबंधी मुद्दे) श्री एस.जी. वेंकटेश, मुख्य महाप्रबंधक (टीएस एवं एचएसई); और अन्य आपदा समन्वयक, सीआईएसएफ टीम, अग्नि एवं सुरक्षा दल आदि शामिल थे।उपरोक्त आपदा परिदृश्य को लगभग 11:01 बजे नियंत्रित किया गया और स्थिति का आकलन करने के बाद सीधे तौर पर ऑल क्लियर सायरन बजाया गया। ड्रिल में एचयूआरएल और एनटीपीसी बरौनी के पारस्परिक सहायता भागीदारों के अग्निशमन वाहनों ने भी भाग लिया। डीब्रीफिंग सत्र आपातकालीन नियंत्रण केंद्र में आयोजित किया गया था और सत्र की अध्यक्षता श्री सत्य प्रकाश, कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, बरौनी रिफाइनरी ने की थी। डी-ब्रीफिंग सत्र बहुत अधिक इंटरैक्टिव था और वास्तविक घटना के मामले में बेहतर नियंत्रण के लिए सामने आए सभी अनुभवों और कमियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

नमामि गंगे के तहत सफाई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई के लिए की गई कर्मियों व्यवस्था : जिलाधिकारी

निज संवाददाता

जहानाबाद। जहानाबाद में नमामि गंगे के तहत सफाई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम अलंकृता पांडेय ने बताया कि सरकार की ओर से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई के लिए कर्मियों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही गली और मोहल्ले की सफाई के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। आम लोगों को भी इसमें ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि डीएम कार्यालय में पौधा रोपण भी किया गया। जिला वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी लोग एक-एक पौधे लगाए। इससे बहुत हद कर पर्यावरण की सुरक्षा हो जाएगी। इसके साथ ही मतदाता जागरूक अभियान भी चलाया गया। इसमें नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। डीएम ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को मतदान करने की अपील की। बता दे कि जिला प्रशासन की ओर से सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में भी बच्चों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

भयमुक्त मतदान को लेकर पुलिस और एसएसबी ने किया फ्लैग मार्च

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास में लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर है। आम जन को भय मुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रेरित करने को लेकर गुरुवार को जिले के विभिन्न भागों में पुलिस और एसएसबी द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान आम जन को भय मुक्त, निष्पक्ष एवं शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। करगहगर थाना क्षेत्र में डीएसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। करगहर थाना क्षेत्र का विभिन्न पंचायतों से फ्लैग मार्च गुजरा। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी पंकज कुमार ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। जिले में गत लोकसभा चुनाव में 49 प्रतिशत मतदान हुआ था, जिसे बढ़ाकर 70 प्रतिशत से ज्यादा ले जाना है।

इसके लिए लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए यह मार्च निकाला गया है। मार्च के दौरान अगले पर्व -त्यौहार को भी शांति पुर्ण मनाने की अपील की गई। आज करगहर, बकसरा एवं अरवा पंचायत में मार्च निकाला गया है। वहीं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को मद्देनजर रखते हुए रोहतास जिले के कैमुर पहाड़ी क्षेत्र के थाना क्षेत्रों में आज फ्लैग मार्च निकाला गया। कैमूर पहाडत्री क्षेत्र में स्थित यदुनाथपुर थाना क्षेत्र में एसएसबी एवं रोहतास पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा फ्लैग मार्च किया। किया गया। आम मतदाताओं को भयमुक्त हो मतदान करने की अपील की गई।

घर में फंदे से लटका मिला कपड़ा दुकानदार का शव, ताला काटकर पुलिस गई अंदर

निज संवाददाता

मोहनिया (कैमूर)। कैमूर के मोहनिया में एक कपड़ा दुकानदार का शव उसके घर के अंदर फंदे से लटका मिला। मकान मालिक ने घटना की सूचना मोहनिया थाना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। मृतक रोहतास के शिवसागर थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। आलमपुर गांव के हरि नारायण जायसवाल का 35 साल का बेटा रामानंद जायसवाल बताया जा रहा है। मोहनिया में मृतक का कपड़ा का दुकान है। सुबह जब मकान मालिक घर पर पहुंचा तो देखा कि दरवाजा बंद है। जब ऊपर से देखा तो फंदे से लटका हुआ शव को देखा। वहीं मोहनिया थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि घर के अंदर फंदे से शव लटक रहा था। दरवाजा बाहर से बंद था, मशीन की सहायता से दरवाजे के ताले को काट कर शव को निकाला गया। मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

गर्म तेल से पत्नी को जलाने के आरोम में पति गिरफ्तार

चांद (कैमूर) (नि.सं.)। स्थानीय थाने की पुलिस ने एक वैसे शख्स को गिरफ्तार किया, जिसपर पत्नी के शरीर पर गर्म तेल डालकर जलाने का आरोप है। गिरफ्तार कन्हैया गोंड चांद थाना क्षेत्र के अइलाय गांव का निवासी है। इसकी पुष्टि थानाध्यक्ष मो. इरफान ने की और बताया कि कन्हैया के खिलाफ उसकी पत्नी ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उसने कन्हैया पर 13 मार्च को गर्म तेल से जलाकर मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पारुखास-देवरिया रेलखंड पर 30 मार्च को स्पीड ट्रायल तथा 31 मार्च को किया जायेगा सीआरएस निरीक्षण

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। हाजीपुर-सगौली नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 13 किमी लंबे पारुखास-देवरिया रेलखंड पर दिनांक 30.03.2024 को स्पीड ट्रायल तथा दिनांक 31.03.2024 को संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त स्पीड ट्रायल एवं निरीक्षण के दौरान रेलवे लाईन से दूर रहें। साथ ही अपने मवेषी इत्यादि को भी रेल लाइन से दूर रखें। इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रषासन जिम्मेवार नहीं होगा।

विदित हो कि 148 किमी लंबे हाजीपुर-सगौली नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत अब तक हाजीपुर से पारूखास तक 50 किमी नई रेल लाईन का कमीषनिंग की जा चुकी हैं। अब 13 किमी लंबे पारुखास से देवरिया तक निर्माण कार्य पूरा करते हुए दिनांक 31.03.2024 को सीआरएस निरीक्षण किया जायेगा। इस परियोजना के शेष बचे भाग का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत रेणुकूट-जोगीडीह रेलखंड पर 30 मार्च को किया जायेगा स्पीड ट्रायल

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 10 किमी लंबे रेणुकूट-जोगीडीह रेलखंड पर दिनांक 30.03.2024 को स्पीड ट्रायल तथा संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त स्पीड ट्रायल एवं निरीक्षण के दौरान रेलवे लाईन से दूर रहें। साथ ही अपने मवेषी इत्यादि को भी रेल लाइन से दूर रखें। इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रषासन जिम्मेवार नहीं होगा। विदित हो कि 160 किलोमीटर लंबे रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के तहत 145 किमी का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है। कल 10 किमी लंबे रेणुकूट-जोगीडीह रेलखंड के सीआरएस निरीक्षण के उपरांत अब इस परियोजना का लगभग 155 किलोमीटर का कार्य पूर्ण हो जायेगा तथा इस परियोजना के तहत अब मात्र 6 किमी लंबे ओबरा-फफराकुंड रेलखंड का कार्य शेष है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा।

रूद्र महायज्ञ को लेकर निकाली गई जलभरी और भव्य शोभा यात्रा

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास के बिक्रमगंज प्रखंड के खैरा भूधर पंचायत के खैरा भूधर गांव में रूद्र महायज्ञ और राम कथा शुभारंभ जलभरी एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभा यात्रा एवं जलभरी कार्यक्रम मन्ना पोखरा बहुआरा से आरंभ हुआ और यज्ञ स्थल के पास पहुंच संपन्न हुआ। इस जलभरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल थी। राम कथा का आयोजन शुक्रवार 28 मार्च से 3 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3.00 बजे से 7.00 बजे रात्रि तक होगा। यज्ञ का अनुष्ठान कार्यक्रम सुबह से ही वैदिक रीति से चलेगा। शोभायात्रा में यज्ञ की मुख्य यजमान किरण प्रभाकर एवं पति शशि शेखर यज्ञ के संयोजक कपिल मुनि तिवारी, मालती देवी शोभायात्रा में आगे की पंक्ति में चल रहे थे।

कार्यालय: जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार
(MCMC कोषांग)

सूचना

एतद द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता हैं कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 491/Paid News/2019 Communication, दिनांक 25.02.2019 के आलोक में चतरा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MEDIA CERTIFICATION AND MONITORING COMMITTEE) गठित हैं जो प्रिंट/इलेक्ट्रोनिक/सोशल/केबल नेटवर्क मीडिया एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के प्रचार सामग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व एवं या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रसारण की तिथि से 07 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को इलेक्ट्रोनिक/ सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क के माध्यम से कोई भी विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र ANNEXURE-A में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनकें द्वारा दिये गय व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों/प्रत्याशी के खाते में प्रविष्ट किया जायेगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु ANNEXURE-B में अनुमति प्रदान की जायेगी।
- प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पुर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC का अनुमति अनिवार्य है।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज (I) आवेदन पत्र (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्वः अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी (IV) प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत (V) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकास्ट होगा उसका विवरण।
- आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनीतिक दल/प्रत्याशी के द्वारा बिना (MCMC) कोषांग से अनुमति लिये किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित सामग्री का प्रकाशन/प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
- (MCMC) कोषांग, लातेहार सूचना भवन, लातेहार में कार्यरत हैं जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24X7 संचालित रहेगी।

प्रचार–प्रसार की अनुमति के लिये प्रारूप Latehar.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, लातेहार

PR 323369 Election (23-24)_D

महाप्रबंधक ने पटना जंक्शन पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को लेकर की गयी तैयारियों का लिया जायजा

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। पूर्व मध्य रेल द्वारा होली के उपरांत यात्रियों की सुविधा/सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंधक किए गए हैं। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा स्वयं इसकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने गुरूवार को संध्या पटना जंक्शन पहुंचकर क्राउड मैनेजमेंट, साफ-सफाई, यात्री सुरक्षा सहित उपलब्ध करायी जा रही अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने पटना जंक्शन स्थित एकीकृत सुरक्षा प्रणाली नियंत्रण कक्ष (सीसीटीवी कैमरा का कंट्रोल रूम), यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, सर्कुलेटिंग एरिया, पे एंड यूज आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने पटना जंक्शन पर यात्रियों से चर्चा कर उपलब्ध करायी जा रही यात्री सुविधाओं के संबंध में उनका फीडबैक लिया। उन्होंने पटना जं. पर नई दिल्ली जा रही संपूर्ण क्रांति के यात्रियों से भी बातचीत कर उनका फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों को यात्री सुविधा के लिए निरंतर चैकस रहने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने पटना जं. पर उपस्थित प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि होली के उपरांत स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा भीड़ प्रबंधन तथा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु कई कदम उठाए गए हैं। नई दिल्ली, मुंबई, पुणे, सूरत, सिकंदराबाद, कोटा, जयपुर, जोधपुर, रांची, टाटा आदि स्टेशनों के लिए पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इस साल होली के दौरान 75 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलायी गयी। इन स्पेशल ट्रेनों द्वारा 317 फेरे लगाये जाएंगे । इन स्पेशल ट्रेनों द्वारा लगभग 05 लाख अतिरिक्त सीटें उपलब्ध करायी गयी हैं। होली के उपरांत अब तक पूर्व मध्य रेल द्वारा बिहार से देश विभिन्न शहरों के लिए होली स्पेशल ट्रेनों के 100 फेरे लगाए जा चुके हैं तथा प्रतीक्षा सूची और भीड़ पर नजर रखा जा रहा है तथा आवश्यकतानुसार और स्पेशल ट्रेन चलायी जा सकती है। यात्रियों की सहायता हेतु प्रमुख स्टेशनों पर ''मे आई हेल्प यू/हेल्प डेस्क'' एवं मेडिकल बूथ बनाए गये हैं जहां संबंधित विभाग के वरिश्ठ कर्मचारी आवश्यक जानकारी के साथ निरंतर ड्यूटी पर तैनात हैं। यात्रा टिकट प्राप्त करने में दिक्कत ना हो इसके लिए प्रमुख स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर खोल गये हैं। साथ ही कुल 130 एटीवीएम भी यूटीएस के सहायक के रूप में कार्य कर रही है। एटीवीएम के लिए अतिरिक्त फैसिलिटेटर का भी प्रावधान किया गया है।

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

आम सूचना : निर्वाचकों के पहचान स्थापित करने संबंधी भारत निर्वाचन आयोग के आदेश

लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित्त गढ़वा जिला अंतर्गत मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 3/4/आईडी/2024/एसडीआर/खण्ड–1, दिनांक 19.03.2024 द्वारा प्राप्त आदेशानुसार लोकसभा आमचुनाव, 2024 में सभी निर्वाचकों, जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचानपत्र जारी किये गये हैं, वेमतदान स्थल पर मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचानपत्र दिखाएंगे। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा:–

1. आधारकार्ड,
2. मनरेगा जॉब कार्ड,
3. बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटो युक्त पासबुक,
4. श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
5. ड्राइविंग लाइसेन्स,
6. पैन कार्ड,
7. एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड,
8. भारतीय पासपोर्ट,
9. फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज,
10. केन्द्र/राज्य सरकार/लोकउपकम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र,
11. सांसदों/विधायकों/विधान परिशद् सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र, और
12. युनिक डिसएबिलिटि आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिकन्याय एवं अधिकारित मंत्रालय, भारत सरकार।

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य सभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते उस निर्वाचक का नाम, जहॉ वह मतदान करने आया है, उस मतदान केन्द्र से संबंधित निर्वाचक नामा वली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक का पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो, तब निर्वाचक को उपर्युक्तवर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

प्रवासी निर्वाचकों, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोकप्रति निधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामा वलियों में पंजीकृत हैं, मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर पहचाना जायेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गढ़वा

PR 323437 Election(23-24).D

बेहतर कार्य करने पर 15 आशा कार्यकर्ता हुए सम्मानित

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। जिला अस्पताल के सभाकक्ष में गुरुवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अन्तर्गत कार्यरत शहरी आशा को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कृत किया। उन्हें प्रथम, द्वितीय एव तृतीय पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। कुल 15 आशा कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार पाने वालों में संगीता देवी, मीना कौर, संध्या पासवान, लक्ष्मीना देवी एवं ज्योति गुप्ता शामिल हैं। द्वितीय पुरस्कार पाने वलों में सुनिता देवी, आशा देवी, रेखा गुप्ता, रेणु कुमारी एवं धरशीला कुमारी शामिल हैं। जबकि तृतीय पुरस्कार पाने वाली आशा कार्यकर्ताओं में रमावति देवी, धन राजो, गायत्री देवी, बबिता कुमारी एवं संध्या देवी शामिल हें। प्रथम पुरस्कार अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रोहतास एव जिला शहरी स्वास्थ्य सलाहकार तारीक अनवर के द्वारा प्रदान किया गया। जिला लेखा प्रबंधक अभिजित गौरव, जिला मूल्यांकन पदाधिकारी अमित के द्वारा सभी आशा को प्रशस्ति पत्र एव 1500 एव 1000 और 800 की राशि देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरदार अमित सिंह, प्रियेश तिवारी आदि मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल–औरंगाबाद
शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 450 दिनांक 14.03.2024 द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 09/2023–24 जो विभिन्न समाचार पत्रों में PR No 019925(Planning)/2023-24 द्वारा प्रकाशित हुआ है, जिसमें अति अल्पकालीन निविदा के स्थान पर पुर्ननिविदा पढ़ा जाए।

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

PR. No.020270 (Planning) 2023-24

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024– मतदान का महात्योहार, बिहार है तैयार।

एक हजार लीटर शराब जब्त

भगवानपुर (कैमूर) (नि.सं.)। स्थानीय पुलिस ने भगवानपुर के जंगल में छापेमारी कर शराब भट्ठी को ध्वस्त कर मौके से कारोबारी को पकड़ा। थानाध्यक्ष उदय कुमार के नेतृत्व में अर्द्धनिर्मित एक हजार लीटर शराब बरामद कर उसे जंगल में विनष्ट किया गया। इस टीम में अपर थानाध्यक्ष रंजय कुमार, एलटीएफ प्रभारी आनंद कुमार, एसआई विवेक कुमार व जवान थे।

समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला शस्त्र शाखा)
अल्पकालीन आम सूचना

आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर औरंगाबाद जिला अन्तर्गत सभी लाईसेंसी शस्त्रों एवं उपलब्ध कारतूसों का भौतिक सत्यापन (Physical Verification) हेतु दिनांक–27.02.2024 से दिनांक–13.03.2024 तक सत्यापन कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। शस्त्र सत्यापन से संबंधित सत्यापन कार्यक्रम इस कार्यालय के ज्ञापांक–243/श०, दिनांक–07.02.2024 द्वारा निर्गत किया गया है।

इस जिला अन्तर्गत लाइसेंसी शस्त्रों का शत–प्रतिशत सत्यापन कराने के उद्देश्य से दिनांक–13.03.2024 को विस्तारित करते हुए दिनांक–03.04.2024 तक निर्धारित किया जाता है।

शस्त्र सत्यापन हेतु इस कार्यालय का ज्ञापांक–243/श0 दिनांक–07.02.2024 द्वारा निर्गत आदेश के अनुसार प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी संबंधित थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर अपने आवंटित क्षेत्रान्तर्गत सभी छुटे हुए लाईसेंसी शस्त्रों का सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे। शेष आदेश इस कार्यालय के ज्ञापांक–243/श0 दिनांक–07.02.2024 के अनुसार यथावत रहेगा।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 020276 (District) 2023-24

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 – कोई मतदाता न छूटे।

समाहरणालय औरंगाबाद।
(मीडिया कोषांग)
लोक सभा आम निर्वाचन 2024

आम सूचना

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये निदेश के आलोक में लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, स्वतंत्र एवं पारदर्शी रुप से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा व्यय प्रेक्षक एवं सामान्य प्रेक्षक (General Observer) की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिससे संबंधित सूचना निम्नवत है।

क्र.सं.	प्रेक्षक का नाम	मोबाईल नं० एवं ई–मेल आई.डी.	लोक सभा क्षेत्र का नाम	मिलने का स्थान	सम्पर्क पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मोबाईल नं०
1	श्री हरिशंकर पाणिकर, भा०प्र०से०	Mob-7061958961 email Id-harishankerp88@gmail.com	37–औरंगाबाद	जिला अतिथि गृह, औरंगाबाद का आगंतुक कक्ष/सभाकक्ष	श्री संतोष कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, औरंगाबाद मो०–8092481072
2	श्री नीलांजन डे, भा०रा०से०	Mob-8235590294 email Id-nilanjan.dey@incometax.gov.in	37–औरंगाबाद	जिला अतिथि गृह, औरंगाबाद का आगंतुक कक्ष/सभाकक्ष	श्री योगेन्द्र कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, मदनपुर मो०–8271854563

मतदान की तिथि :–19.04.2024

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद।

PR- 20273 (ELECTION) 2023-24

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 – कोई मतदाता न छूटे।

हरनौत बाजार को किया गया बंद

व्यावसायी संघ बोले-जब तक अशोक साव हत्याकांड का नहीं होगा खुलासा, नहीं खुलेगा मार्केट

निज संवाददाता। नालंदा

सीएम नीतीश कुमार के गृह प्रखंड हरनौत के एक व्यवसायी की लूट के दौरान 21 मार्च को गोली मार हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अब तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। इससे नाराज हरनौत के व्यवसायियों ने अनिश्चितकालीन के लिए अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर दिया है। मृतक बीच बाजार निवासी अशोक साव थे। गुरुवार को पूरे बाजार में घूम-घूम कर व्यवसायिक संघ द्वारा माइक से अनाउंस किया गया। इसमें यह कहा गया कि हत्या के खुलासा तक सभी अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखेंगे। इसी को लेकर हरनौत बाजार के सभी छोटी से लेकर बड़ी दुकानों में ताला लटक गया है।

क्या बोले व्यवसायिक संघ के अध्यक्षः हरनौत व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि हरनौत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का घर है। यहां अपराध चरम सीमा पर पहुंच चुका है। अशोक साव की हत्या के 8 दिन बाद भी पुलिस अब तक हत्यारोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। यहां हर दिन लूटपाट की घटना हो रही है। कभी मोटरसाइकिल तो कभी पैसा लूट लिया जा रहा है। कभी मोटरसाइकिल चोरी कर ली जा रही है। जब तक पुलिस अशोक साव के हत्या आरोपियों को पकड़ नहीं लेती तब तक सभी छोटी बड़ी दुकानें हरनौत बाजार में बंद रहेगी।

स्थानीय जनप्रतिनिधि कर चुके हैं मुलाकातः स्थानीय जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उचित कार्रवाई की बात कह चुके हैं। बावजूद एक हफ्ता बीत चुका है, लेकिन अब तक पुलिस हत्यारोपियों की पहुंच से दूर है। वहीं, बुधवार को एसपी अशोक मिश्रा हत्याकांड के सिलसिले में छानबीन करने हरनौत पहुंचे थे। उनके साथ एसटीएफ की टीम भी आई थी। एसपी गोनावां रोड बाजार में उनके गल्ला दुकान और आवास भी गए थे। घटना के सभी पहलू और उसे अंजाम देने के तरीकों के भी समीक्षा की गई। एसपी ने कहा कि व्यवसाय हत्याकांड का खुलासा करना पुलिस की प्राथमिकता में शामिल है।

क्या है पूरा मामलाः हरनौत थाना क्षेत्र के अलीपुर बीरमपुर गांव के पास व्यवसाय हरनौत के बीच बाजार निवासी अशोक साव(50) की गोली मार कर लूट के दौरान हत्या कर दी गई थी। व्यवसायी सूजी और मैदा के थोक विक्रेता थे। जो गुरुवार को तगादा करके बाइक से लौट रहे थे। इसी बीच अपराधियों द्वारा लूटपाट के दौरान गोलीमार हत्या कर दी गई थी।

क्या बोले एसडीओः सदर एसडीओ अभिषेक पलासिया ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। पता लगाया जा रहा है। किन कारणों से बाजार को बंद रखा गया है। व्यवसाइयों से बात कर सकारात्मक पहल की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

दो पक्षों में जमकर मारपीट और रोड़ेबाजी, एक पुलिसकर्मी जख्मी

मानपुर। बुनियादगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखा बिगहा मोड़ स्थित तकिया मोहल्ले में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और रोड़ेबाजी हुई। जिसमे एक पुलिस कर्मी जख्मी हो गए।जख्मी जवान की पहचान भुवनेश्वर पंडित के रूप में हुई। घायल जवान को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी लाया गया।जहा से बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया है।घटना बुधवार देर शाम लगभग आठ बजे का है। बताया जाता है कि पुराने विवाद को लेकर एक पक्ष द्वारा नशे के हालत में समुदाय विशेष को गाली गलौज किया जा रहा था। जिसका विरोध करने पर पहले तो दोनों के बीच कहासुनी हुई और फिर देखते ही देखते दोनों तरफ से रोड़ेबाजी शुरू हो गया। जिसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे जवान रोड़ेबाजी के जद में फंस गया।दो समुदाय के बीच हुए रोड़ेबाजी और जवान के जख्मी होने के सूचना मिलते ही डीएसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। मौके पर सदर एसडीओ, सिटी एसपी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद है।

मउ थाना क्षेत्र के संडा गांव की है घटना, तीन बच्चों को बचाया गया

टिकारी। होली खेल आहर में नहाने गये चार बच्चे गहरे पानी में डूब गये। इनमें से तीन को बचा लिया गया वहीं एक की मौत हो गई। घटना मउ थाना क्षेत्र के संडा गांव की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को संडा गांव स्थित कुम्हार टोली के कुछ बच्चे होली खेल समीप स्थित आहर में नहाने गये थे। नहाने के क्रम में चार बच्चे डूबने लगे। बच्चों का हो हल्ला सुन आसपास मौजूद लोगों ने आहर में कूदकर तीन बच्चे को सुरक्षित निकाला। वहीं एक लापता बच्चे को कड़ी मशक्कत से घंटों बाद आहर से निकाला गया। घंटों पानी में डूबे रहने के कारण बच्चे की मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान संडा गांव निवासी उदय पंडित के 12 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार के रूप में हुई। वहीं सुरक्षित निकाले गये तीनों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद दो बच्चों को अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल दो बच्चों में एक इंदल प्रजापति का पुत्र शिवा कुमार इलाजरत है। वहीं अजय प्रजापति का पुत्र रवि कुमार व सत्येंद्र प्रजापति के पुत्र आकाश कुमार को चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर छुट्टी कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि आहर में अधिक गड्ढा किया जाना घटना का कारण बना। प्रशासन से शीघ्र आहर की लेबलिंग कराने की मांग की है। घटना की सूचना पाकर पहुंचे संडा पंचायत के मुखिया रामजी शर्मा ने मृतक के परिजनों को कबीर अंत्येष्टि के तहत तीन हजार रुपये नगद दिया गया। बच्चों को बचाने वालों में गांव के ही सुजीत, ओमप्रकाश, मनीष, रोहित व अरविंद शामिल थे। मामले को लेकर मऊ एसएचओ राहुल कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया गया व परिजनों को सौंपा गया है। मामले में यूडी केस दर्ज कर ली गई है।

विद्यालय के सामान को किया क्षतिग्रस्त

मैगरा। डुमरिया प्रखंड के हसनचक गांव में कन्या विवाह सोसाइटी के द्वारा संचालित आरम्भिक प्ले पब्लिक स्कूल का ताला तोड़कर शरारती तत्व उसमें घुस गए। उनलोगों ने स्कूल का कम्प्यूटर, कुर्सी, टेबल को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्राचार्य मनोरमा कुमारी ने बताया कि होली को लेकर दो दिन विद्यालय को बंद किया गया था। सोमवार की रात्रि असमाजिक तत्वों ने स्कूल का ताला तोड़कर हजारों रुपए का समान क्षतिग्रस्त कर दिया।

सड़क हादसे में युवक की मौत, सीमेंट लदे ट्रक ने कुचला, मौके पर ही गई जान

गया। गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत भारौंधा बाजार के समीप बुधवार को सड़क किनारे पैदल जा रहे एक युवक को ट्रक ने कुचल दिया। इस घटना में युवक की मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को घिरता देखकर ट्रक छोड़कर भागने लगा, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को खदेड़कर कर पकड़ लिया। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई, जानकारी मिलते हीं गुरुआ थाना की पुलिस पहुंची और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया और घटना में प्रयुक्त ट्रक को भी जब्त कर लिया। घटना की छानबीन करने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल को भेज दिया।

मृतक की पहचान गुरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरिया गांव के रहने वाले गणेश ठाकुर (40) के रूप में हुई है। घटना के बाद मटका फोड़ होली की खुशी पूरे गांव में मातम में बदल गया। घर की महिलाएं चित्कार मारकर रो रही थी। इस मामले में गुरुअर थानाध्यक्ष सरफराज इमाम ने कहा कि भारौंधा बाजार के समीप सड़क से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक धरौंधा गांव का रहने वाला गणेश ठाकुर बताया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गणेश ठाकुर देवरिया गांव का रहने वाला है कहीं जा रहा था इसी क्रम में ट्रक की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई है। घटना में प्रयुक्त ट्रक को जब्त कर लिया गया है चालक भी हिरासत में है, आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के संबंध में गुरुआ के भरौंधा बाजार के रहने वाले दीपक कुमार ने बताया। आज बुधवार को देवरिया गांव के गणेश ठाकुर नामक व्यक्ति सड़क किनारे जा रहा थे। तभी माहापुर के तरफ से आ रहे सीमेंट लदे अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। जिसमें उनकी मौत मौके पर हो गई।वही ग्रामीणों ने भाग रहे ट्रक ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत, होली खेलने के बाद सहेलियों के साथ नहाने गई थी

नालंदा। नालंदा में तालाब में नहाने के दौरान दो मासूम बच्चियों की डूब कर बुधवार को मौत हो गई। मामला तेलमर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीवनपुर गांव का है। मृतकों की पहचान जीवनपुर गांव निवासी मुनेंद्र पासवान की (08) वर्षीय बेटी अनुष्का कुमारी एवं बिंदेश्वर पासवान की (12) वर्षीया बेटी शबनम कुमारी के रूप में की गई है। देर शाम पुलिस की मदद से परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि होली खेलने के उपरांत गांव की बच्चियों तालाब में स्नान करने गई थी। गहरे पानी में चले जाने के कारण अनुष्का एवं शबनम डूबने लगी। तभी अन्य सहेलियां गांव से लोगों को बुलाने गई।

जब तक ग्रामीण दौड़कर तालाब के पास पहुंचे और दोनों बच्चियों को तालाब से बाहर निकाला गया। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों की चित्कार गांव में गूंजने लगी। एक साथ गांव की दो बच्चियों की डूब कर मौत की खबर से पूरा गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दिया एवं आपदा के तहत मिलने वाले सरकारी सहायता के लिए स्थानीय पदाधिकारीयों से बात भी की। तेलमर थाना अध्यक्ष शत्रुघ्न साह ने बताया कि तालाब में डूबने से मौत की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। नहाने के दौरान तालाब में डूबने से मौत की बात सामने आई है।

डकैती की योजना बनाते पांच अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की तेलमर पुलिस ने डकैती की योजना बनाते 5 अपराधियों को हथियार कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सदर डीएसपी 2 ने बताया कि गश्ती पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के नयाखंधा चौक के पास एक दर्जन अपराध कर्मियों के द्वारा डकैती की योजना बनाई जा रही है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए उक्त स्थल की घेराबंदी की, जहां 10 से 12 की संख्या में बंदूक लिए व्यक्ति दिखाई दिए जो पुलिस बल को देखकर भागने लगे। पुलिस बल पर फायरिंग भी की। तत्पश्चात सशस्त्र बलों के द्वारा पांच लोगों को पकड़ा गया एवं शेष अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। जिनकी तलाशी लेने के दौरान हथियार कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने डकैती की योजना बनाने की बात को स्वीकार किया।

गिरफ्तार अपराधियों में पटना जिला के खुसरूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कयामपुर गांव निवासी स्वर्गीय शंभू सिंह का बेटा मनीष कुमार, नालंदा जिला के तेलमर थाना क्षेत्र अंतर्गत नयाखंधा गांव निवासी विजय यादव का बेटा बैजू कुमार, मुस्तफापुर निवासी अखिलेश यादव का बेटा राजेश कुमार, जुगनू सिंह का बेटा रिशु कुमार एवं स्वर्गीय नागेश्वर यादव का बेटा अखिलेश यादव है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक दो नाली बंदूक, एक लोडेड देशी कट्टा, 11 जिंदा कारतूस एवं तीन मोबाइल बरामद किया गया है। छापेमारी टीम में तेलमर थाना अध्यक्ष शत्रुघ्न शाह, प्रशिक्षु दारोगा धीरज कुमार एवं तेलमर थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

वहीं, पुलिस फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। साथ ही गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी खांगाला जा रहा है।

जिले के दो अलग-अलग थानों से दो शव बरामद

निज संवाददाता। गया

एक की शिनाख्त, दूसरे की शिनाख्त बाकी, SIT का भी गठन

गया जिले के बेलागंज प्रखंड के बेलागंज थाना क्षेत्र और चंदौती थाना क्षेत्र में एक-एक लावारिस शव बरामद किए गए। पहला शव चाकन्द थाना क्षेत्र से सटे चंदौती थाना क्षेत्र के बलना गांव के बधार से शव मिला। इसके बाद बेलागंज के नेशनल पब्लिक स्कूल के पास रेलवे लाइन के किनारे से शव बरामद किया गया। पहले जो शव बरामद की गई उस शव को लेकर काफी देर तक चंदौती और चाकन्द थाना के पुलिस अधिकारी उलझते रहे। बाद में वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद चंदौती थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

SSP ने SIT का किया गठनः बेलागंज थानाध्यक्ष विनय कृष्णा प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने ग्रामीणों के सूचना पर अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वहीं चाकन्द थाना क्षेत्र के बलना गांव के समीप से बरामद शव की शिनाख्त हो गई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। इस मामले में एसएसपी आशीष भारती ने एसआईटी गठित की है। मृत युवक की पहचान सजाद, पिता- खुर्शीद उर्फ फेकू, मोहल्ला-एकबाल नगर, पंचायती अखाड़ा, थाना-कोतवाली, जिला-गया के रूप की गई है। इस संबंध में थाना स्तर से कार्रवाई की जा रही है।

गया में बच्ची के साथ दुष्कर्म, हालत गंभीर, पड़ोस में DJ देखने गई थी

निज संवाददाता। गया

आरोपी गिरफ्तार, एसपी ने कहा- चलेगा स्पीडी ट्रायल

गया के नक्सल प्रभावित गुरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में बच्ची (06) के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता का इलाज मगध मेडिकल कालेज अस्पताल में चल रहा है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना मंगलवार देर रात की है। पुलिस ने घटना के 24 घंटे बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पीड़िता के गांव का ही है। सिटी SP प्रेरणा कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस मामले स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषी को सख्त सजा दिलवाई जाएगी। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से आरोपी का चप्पल बरामद हुआ है। पीड़िता ने घर वालों को बताया है कि युवक पीला शर्ट पहने हुआ था। उसके चेहरे पर रंग लगा हुआ था।

खुद ही घर लौटकर मामले की दी जानकारीः पीड़िता की नानी ने बताया कि रात में पड़ोस में DJ बज रहा था। बच्ची वहां देखने के लिए गई थी। अचानक हल्ला हुआ कि कोई लड़का एक बच्ची को उठाकर ले जा रहा है। इसके बाद हम लोगों ने बच्ची की खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। मंगलवार की देर रात बच्ची खुद ही घर लौटी और पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। इस मामले में थानाध्यक्ष सरफराज इमाम ने बताया कि FIR दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

चोरी के आरोप में पीट-पीटकर युवक की हत्या, गया से 10 किलोमीटर दूर फेंका शव शव

पहले सिर मुंडवाया फिर लाठी-डंडे से की मारपीट

निज संवाददाता। गया

गया में चोरी के आरोप में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मरने से पहले उसके सिर के बाद मुंडवाए गए। फिर बेरहमी से पिटाई की गई जिससे उसकी जान चली गई। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। युवक गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इकबाल नगर स्थित कर्बला के पास रहने वाले मोहम्मद खुर्शीद आलम का 30 साल का बेटा मोहम्मद शहजाद है। युवक मंगलवार से लापता था जिसकी लाश बुधवार को परिजनों को मिली थी। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने चांकद थाने की पुलिस को बुधवार की देर रात एक लिखित आवेदन दिया है। पुलिस को आवेदन के साथ-साथ एक वीडियो भी दिया गया है। वीडियो में शहजाद को कुछ लोग लाठी-डंडे से बेरहमी से पिटाई करते दिख रहे हैं। साथ ही युवक की पिटाई करने वाले लोग आपस में यह भी बातें कर रहे हैं कि इसे मार दो। परिजनों ने आवेदन में कई लोगों को आरोपी बनाया है। जिसमें वीडियो के आधार पर दिख रहे अरमान नामक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना को लेकर कोतवाली थाना के इकबाल नगर कर्बला के पास रहने वाले मोहम्मद खुर्शीद आलम ने बताया उनका बेटा मोहम्मद शहजाद मंगलवार से घर नहीं आया था। उसकी तलाश हम लोग अपने स्तर से हर जगह कर रहे थे, लेकिन उसकी कोई खबर नहीं मिल पा रही थी। बुधवार को बेटे की लाश 10 किलोमीटर दूर चाकंद थाना क्षेत्र अंतर्गत बलना गांव के बधार से चाकंद थाना की पुलिस टीम ने बरामद की थी। हम लोग समझ नहीं पा रहे थे किसने मारा है। इसी बीच हम लोगों को जानकारी मिली कि शहजाद को गया-पटना मुख्य मार्ग पर स्थित एक कबाड़ी दुकान में चोरी का आरोप लगाकर पीट-पीटकर कर हत्या करने की बात का पता चला। फिर पिटाई का वीडियो भी मिला। जिसके बाद चाकंद पुलिस को जानकारी दी, चाकंद पुलिस ने अरमान नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पिता ने बताया उनके बेटे की हत्या कर शव को चांकद में फेंका गया है। अब इस मामले में एसएसपी आशीष भारती ने लॉ एंड आर्डर डीएसपी खुर्शीद आलम के नेतृत्व में SIT टीम का गठन बुधवार की शाम को कर दिया था।

मूर्ति को लेकर मारपीट, झड़प, मूर्ति को खंडित करने वाला दो आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया जिले के खिजरसराय पुलिस ने सन्त रविदास की मूर्ति को खंडित करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाशी की जा रही है। पुलिस मामले में तेजी से कार्रवाई करने में जुट गई है। पकड़े जाने वालों की पहचान सरोज सिंह और अंकित कुमार के रूप में कई गई है। इन आरोपियों से फरार चल रहे आरोपियों के बाबत जानकारी जुटाई जा रही है। घटना खिजरसराय प्रखण्ड के मखदुमपुर गांव की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सन्त रविदास की मूर्ति पलट दिए जाने को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए थे। दोनों के बीच झड़प भी हुई थी। झड़प के दौरान कुछ लोग चोटिल भी हुए थे। दरअसल, मखदुमपुर गांव सन्त रविदास की प्रतिमा स्थापित है। उस प्रतिमा को किसी ने बुधवार की शाम गिरा दिया था। इससे प्रतिमा खंडित सी हो गई थी। जिस बात को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए थे। दोनों के बीच झड़प भी हुई थी और फिर मारपीट भी। इससे कुछ लोग चोटिल हो गए थे। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी सक्रिय हो गए थे। एसडीओ और एसडीपीओ भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए थे। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही उत्पात मचाने वाले दोनों पक्ष के लोग भाग गए थे। मामले की गम्भीरता को देखते पुलिस ने प्रतिमा को दुरुस्त कराया और फिर दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की शिनाख्त में जुट गई। जांच के दौरान दो राजेन्द्र सिंह और अंकित कुमार का नाम सामने आया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ चल रही है।

नॉमिनेशन से पहले सभा करेंगे महागठबंधन प्रत्याशी कुमार सर्वजीत

गया। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत नामांकन के अंतिम दिन 28 मार्च को राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन करने की बात कही है। नॉमिनेशन की पूर्व संध्या पर महागठबंधन के प्रत्याशियों ने मीडिया से कहा कि वो गुरुवार से जनता के मंदिर में जाएंगे। गया लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत ने कहा कि गुरुवार को गया कालेज गया के खेल परिसर मैदान में पहले सभा होगी। सभा में बड़ी संख्या में जनता से आशीर्वाद लेने के बाद नामिनेशन करेंगे। उन्होंने कहा की कुछ लोग कांग्रेस-राजद के बीच खटास की बात मीडिया फैला रही है, लेकिन ऐसा कहीं कुछ भी नहीं है। महागठबंधन एक है। वहीं बेला से राजद के विधायक और जहानाबाद लोकसभा से चुनाव लड़ रहे पूर्व मंत्री सुरेंद्र यादव ने कहा कि महागठबंधन की एक मजबूत पहचान है।

लव मैरिज के 15 महीने बाद महिला की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में भाभी के भाई से भागकर की थी शादी

नालंदा में एक नव विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हुई है। 15 महीने पहले ही अपने चचेरे भाई के साले के साथ भाग कर लव मैरिज की थी। मायके वालों का आरोप है कि दामाद 2 लाख की डिमांड कर रहा था। पैसे नहीं देने पर बेटी की हत्या कर दी गई। मामला तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव का है। युवती की पहचान केशोपुर गांव निवासी शंकर कुमार की पत्नी अंजली कुमारी (18) के रूप में हुई है। मायके वाले गुरुवार की सुबह शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। परिजन ससुराल परिवार पर दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

दामाद ने फोन कर बताया और अब फरार हो गया-पिताः जहानाबाद जिला के काकोपाली निवासी और युवती के पिता रामबाबू मिस्त्री ने बताया कि करीब 15 महीने पहले उनकी बेटी ने शंकर कुमार से लव मैरिज शादी की थी। शंकर कुमार और उसका परिवार 2 लाख रुपए की डिमांड कर रहा था। नहीं देने पर गला दबा कर उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। दामाद ने ही फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद वे लोग बेटी के ससुराल पहुंचे, जहां देखा कि शव बेड पर पड़ा हुआ है और गले में काला निशान है। ससुराल के सभी सदस्य फरार है। मायके वालों ने बताया कि युवक फर्नीचर बनाने का काम करता है वह दुकान खोलने के लिए 2 लाख रुपए की डिमांड कर रहा था। चार दिन पूर्व भी उसने फोन कर पैसे और अन्य सामान देने की मांग की थी।

संक्षिप्त समाचार

तीन दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

आरा। अनाईठ पोखरा मूसहर टोली में \"नई आशा\" द्वारा तीन दिवसीय चित्र कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन डॉ भीम सिंह भवेश एवं चित्रकार कौशलेश कुमार ने किया। कौशलेश कुमार अपनी टीम के सदस्यों अभिनव मिश्रा, रुखसार परवीन, मीरा पांडे, सोनम तिवारी, अदिति कमलेश कुशवाहा, श्वेता सिंह के महादलित बच्चों को चित्रकारी का गुर सिखाएंगे।

पोखर में डूबकर युवक की मौत, रंग छुड़ाने के लिए गया था नहाने

कोईलवर। गीधा थाना क्षेत्र के खेसरहिया गांव में होली पर्व पर खुशी के माहौल में पूरा गांव गमगीन हो गया। जब खेसरहिया गांव का एक युवक का पोखर में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक बिगन पासवान, खेसरहिया निवासी वार्ड नं 9 निवासी रामचंद्र पासवान का 34 वर्षीय पुत्र था। वह होली खेलने के बाद घर के नजदीक पोखरा में नहाने गया था। बिगन के साथ अन्य बच्चे भी गए थे। नहाने के बाद सभी बच्चे घर लौट गए। परिजनों को बच्चों ने बताया कि चाचा पानी मे डुबकी लगाएं, लेकिन बाहर नहीं निकले। यह सुनकर परिजन और गांव के कुछ युवा वहां गये और पोखरा में कूद पड़े और बिगन को खोजबीन शुरू कर दिया। आधे घंटे के बाद युवक का शव नदी से बरामद किया गया। मृतक के घर वृद्ध माता गिरजा देवी, पत्नी उर्मिला देवी और दो पुत्र भोला और करीमन तथा एक पुत्री मिलर है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

1 अप्रैल से 30 जून तक चलेगा प्रवेशोत्सव विशेष नामांकन अभियान

बक्सर। नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है| इसके लिए अप्रैल से 30 जून तक प्रवेशोत्सव विशेष नामांकन अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक ने डीईओ और डीपीओ एसएसए को अभियान चलाने का निर्देश दिया है। 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों का डाटा संग्रह कर स्कूल से वंचित बच्चों का नजदीक के स्कूल में नामांकन कराया जाएगा।डीपीओ समग्र शिक्षा राजन गिरी ने बताया कि कक्षा 1 से 8 तक के अनामांकित एवं क्षितिज बच्चों का नामांकन उनकी उम्र के अनुसार कक्षाओं में कराना है।

होली के बाद वापस लौटना होगा आसान, आरा–बक्सर, डीडीयू के रास्ते जायेगी पटना–आनंद विहार एक्सप्रेस

आरा। होली के बाद यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर सहरसा से आनंद विहार तथा दिल्ली के लिए अनारक्षित होली स्पेशल, पटना से नई दिल्ली के लिए तथा गोरखपुर से हाजीपुर-बरौनी-कटिहार-गुवाहाटी के रास्ते डिमापुर के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा । पटना से दिल्ली जाने वाली स्पेशल ट्रेन आरा,बक्सर, डीडीयू के रास्ते दिल्ली जायेगी। जिससे यात्रियों को काफी मदद मिलेगी। गाड़ी सं. 04095 पटना-नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट होली स्पेशल (आरा-बक्सर-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) - गाड़ी सं. 04095 पटना-नई दिल्ली होली स्पेशल पटना से 30 मार्च, 2024 को 15.00 बजे खुलकर 18.35 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी । गाड़ी सं. 05585 सहरसा-आनंद विहार अनारक्षित होली स्पेशल (खगड़िया-बरौनी-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर-गोरखपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 05585 सहरसा-आनंद विहार होली स्पेशल सहरसा से 31 मार्च, 2024 को 09.30 बजे खुलकर 11.35 बजे बरौनी, 13.30 बजे हाजीपुर रूकते हुए सोमवार को 05.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । गाड़ी सं. 04087 सहरसा-दिल्ली अनारक्षित होली स्पेशल (खगड़िया-बरौनी-समस्तीपुर- मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-गोरखपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 04087 सहरसा-दिल्ली होली स्पेशल सहरसा से 30 मार्च, 2024 को 07.30 बजे खुलकर 10.50 बजे बरौनी, 14.30 बजे हाजीपुर रूकते हुए अगले दिन 13.15 बजे दिल्ली पहुंचेगी । गाड़ी सं. 04095 पटना-नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट होली स्पेशल (आरा-बक्सर-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) - गाड़ी सं. 04095 पटना-नई दिल्ली होली स्पेशल पटना से 30 मार्च, 2024 को 15.00 बजे खुलकर 18.35 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी । गाड़ी सं. 05013 गोरखपुर-डिमापुर होली स्पेशल (हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी -कटिहार-कामाख्या-गुवाहाटी के रास्ते) - गाड़ी सं. 05013 गोरखपुर-डिमापुर होली स्पेशल गोरखपुर से 28 मार्च (गुरूवार) को 19.50 बजे खुलकर शुक्रवार को 01.05 बजे हाजीपुर, 04.30 बजे बरौनी रूकते हुए शनिवार को 03.45 बजे डिमापुर पहुंचेगी ।

सनोज कुमार ने अनाथ बच्चे को 12वीं वर्ग तक पढ़ाने का लिया संकल्प

आरा। संत जेवियर्स +2 एकेडमी धोबहा में विद्यालय के निदेशक सनोज कुमार ने अनाथ बेटा शाश्वत दुबे को बारहवीं वर्ग तक पढ़ाने का खर्च उठाने का संकलप लिया है। जिसमें स्कूल फीस, किताब, घर से आने जाने का खर्च व जरूरत पड़ने पर बच्चे को अलग से टयुशन का खर्च भी वहन करेंगे। ज्ञात हो कि सलेमपुर निवासी गिरीश दुबे का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। इस हृदय बिदारक घटना सुनने के बाद सनोज कुमार उनके घर जाकर उनके परिवार को सांत्वना दिए थे एवं एक बच्चे को बारहवीं क्लास तक पढ़ाने का संकल्प भी लिया। इससे पहले भी सनोज कुमार कई बच्चों को अपने स्कूल में निःशुल्क शिक्षा दे रहे है।

पैसा वापस मांगने पर दोस्त ने कर दी हत्या

बक्सर । बक्सर में शिक्षक के दोस्त की हत्या मामले में मृतक के भाई ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। इसमें शिक्षक द्वारिका पाण्डेय, मिथलेश पाण्डेय और दो महिलाओं पर रॉड से सिर पर मार कर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। मृतक के पिता विनोद कुमार ने बताया कि महेश कुमार ने दो साल पहले कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी के लिए डेढ़ लाख रुपए दिए थे। नौकरी नहीं लगने पर वह अपना रुपया वापस मांग रहा था। होली के दिन भी अपना रुपया लेने गया था, लेकिन पैसा देने की जगह उसके सिर पर मार कर हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक द्वारिका पांडेय की गिरफ्तारी हो गई है।

दो युवकों को गोली मारने का मामला

जख्मी के बयान पर कुख्यात समेत 8 विरुद्ध नामजद प्राथमिकी

पिता के हत्याकांड इकलौता गवाह था आयुष

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव में बीते सोमवार की रात अपराधियों द्वारा मृत पंचायत समिति सदस्य के बेटे समेत दो लोगों को गोली मारने के मामले में प्राथमिक कराई गई है। इसे लेकर उदवंतनगर थाना में जख्मी आयुष के बयान पर बुटन चौधरी समेत 8 लोगों को नामजद एवं एक अज्ञात को आरोपित किया गया है। हालांकि, प्राथमिकी के बाद सभी आरोपित फरार हैं। वही, मामले में एसपी प्रमोद कुमार के आदेश पर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है। नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग इलाकों में छापेमारी चल रही है। एसपी ने बताया कि बेलाउर गांव के रहने वाले स्वर्गीय दीपक कुमार गुप्ता के 18 वर्षीय बेटे आयुष कुमार गुप्ता और रंजन पासवान का 17 वर्षीय बेटे दीपू को आरोपितों के द्वारा गोली मार दी गई थी। पूर्व से चले आ रहे हैं आपसी रंजिश को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। जख्मी युवक आयुष को एक गोली सर एवं एक गोली गर्दन में लगी थी जबकि दीपू को एक गोली बाय साइड पेट में लगी थी। इसके बाद दोनों को आर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों ठीक है। इधर,जख्मी आयुष ने कहा कि 1 वर्ष पूर्व 28 अप्रैल 2023 को चुनावी रंजिश को लेकर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह अपने पिता की हत्या में मुख्य गवाह है। जब सोमवार के रात वह अपने घर के बाहर निकलकर चापाकल पर पानी पी रहा था और उसका दोस्त दीपक कुमार चापाकल चल रहा था। तभी घात लगाए हथियार-बन अपराधियों ने ताबड़तोड़ उन पर गोलियां बरसा दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए इसके बाद उनका इलाज आरा शहर के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी आयुष ने कुख्यात बटन चौधरी का भतीजा करीमन चौधरी, सुमित चौधरी और राज यादव पर गोली मारने का आरोप लगाया है।

दो पक्षों के बीच मारपीट

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत विशुनपुरा गांव में बुधवार को लड़की से बात करने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में एक पक्ष से दंपती समेत 4 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए, जबकि दूसरे पक्ष के एक युवक को चोट आई है। मामला शांत होने के बाद सभी ज़ख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में एक पक्ष के गीधा ओपी अंतर्गत विशुनपुरा गांव निवासी स्व वर्मा पासवान का 42 वर्षीय पुत्र विनोद पासवान उनकी पत्नी बेबी देवी (36),दो बेटी नैनाझरी (19) और करीना कुमारी(14) शामिल है। इधर, युवती ने बताया कि गांव का युवक मुझे बात करना चाहता था, लेकिन हम नहीं बात करना चाहते थे। जब भी रास्ते से कहीं जाते थे तो उसके द्वारा धमकी दी जाती थी कि जब भी बात करेंगे तो तुम ही से करेंगे। तुम कही भी रहो तुम हमसे ही बात करेंगी। वो हमसे प्रेम करता था,लेकिन हम नहीं करते थे। मेरे साथ मैट्रिक तक पढ़ा था, उसके बाद वो मैट्रिक में फेल कर गया और हम पास कर गए। इस बात की शिकायत लड़के के परिवार वालों से भी की थी । उन्होंने कहा था कि हम अपने बेटे को समझा देंगे। लेकिन काफी दिन भी जाने के बाद भी वह नहीं सुधरा। लगातार उसकी मन बढ़ते जा रहा था। जब हमने इसका विरोध किया तो वह अपने साथियों के साथ घर पर आज धमका और मां–पिता और बहन की पिटाई कर दी। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर लाठी बाजी हुई। जिसमें एक पक्ष के चार और दूसरे पक्ष के एक को चोट आई है।

3 लाख 26 हजार आयुष्मान कार्ड बने, 1310 के आवेदन रिजेक्ट



बक्सर । जिले के राशन कार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है। इस क्रम में बीते माह से सभी प्रखंडों में स्थित जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों पर विशेष शिविर लगाकर लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। ताकि, जिले के जरूरतमंद लोगों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिलाया जा सके। इस अभियान के पूर्व आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले के 1,53,000 राशन कार्ड धारकों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जा चुका है। जिनको प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिया गया। वहीं, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) अंतर्गत लाभार्थियों के डेटाबेस में 11,87,650 राशन कार्ड धारकों का निबंधन है। जिन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिलाया जाएगा। जिसमें आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर कर रहे परिवारों को चयनित अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा दिलाई जा सके। घर बैठे बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने में लाभुकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए आयुष्मान एप भी लांच किया गया है। जिसे कोई भी लाभुक अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर स्वयं आयुष्मान कार्ड बना सकते है।

ग्रामीणों ने मांसाहार त्यागकर खेली सात्विक होली

निज संवाददाता। बक्सर

सभी मूलभूत सुविधधाओं से सम्पन्न बक्सर जिला मुख्यालय के 40 किलोमीटर दूर एक ऐसा गांव जो सात्विक होली के लिए मिसाल कायम करता है। बात सोवां गांव की है,जहाँ होली के दिन लोग मांसाहार से परहेज करते हैं। इस तरह पुआ पकवान खाते हुए दोपहर तक रंगों की बौछार होली खेलने के बाद स्नान आदि कर सूर्यास्त से कुछ समय पहले ऐतिहासिक भुवरनाथ मंदिर पर सभी गांव वाले जुटे। इसके बाद शिव सहित सभी मंदिरों में गुलाल चढ़ाकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की खुशी मनाए। काफी देर तक होली खेलते फाग गया। फिर घर घर जाकर भी बड़ों का आशीर्वाद लिया। गांव वालों ने कहा कि वर्षों से हमारे पूर्वजों की यह निराली होली हम धरोहर के रूप में संजोकर रखे हुए हैं। इस दौरान गांव के मार्कंडेय सिंह यादव, विकास सिंह ,गुप्तेश्वर प्रसाद यादव, अनिल कुमार, उपेंद्र साह, विशेश्वर तिवारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि गांव के लोग मांसाहार का सेवन नहीं करते हैं। शुद्ध शाकाहार का सेवन कर होली मनाते हैं।

अवैध हथियार के साथ बाप बेटा गिरफ्तार

धनसोई। धनसोई थाना क्षेत्र के परसदा गांव से पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने अवैध हथियार के साथ बाप बेटा को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की परसदा गांव स्थित 1 घर में हथियार रखा गया है। इस आधार पर पुलिस ने परसाद गांव निवासी राजेश चौधरी वह उसका पुत्र राहुल चौधरी यहां छापेमारी किया, जहां से पुलिस को 1 देसी कट्टा व 4 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस गिरफ्तार बाप बेटा से पूछताछ कर रही है।

ऑन द स्पॉट समस्याओं का किया गया समाधान

आरा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति भोजपुर के कार्यालय में औद्योगिक बिरादरी एवं सरकारी व अन्य कर्मचारियों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम "निधि आपके निकट 2.0" किया। इस दौरान ईपीएफओ की विभिन्न योजनाओं के संबंध में औद्योगिक क्षेत्र जिसमें कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 (ईपीएफ), कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस) और कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना, 1976 (ईडीएलआई) के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान, पेंशनभोगियों की शिकायत लेने के लिए एक विशेष पेंशन सहायता डेस्क भी स्थापित किये गए और लाभार्थियों को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) सौंपे गए। भविष्य निधि, ईपीएफओ के अनुभाग पर्यवेक्षक मोहन कुमार उपाध्याय ने हितधारकों को निधि आपके निकट 2.0 के तहत ईपीएफओ द्वारा की गई विभिन्न पहलों जैसे ई-नामांकन, यूएएन सक्रियण, केवाईसी अपडेटेशन, आधार सीडिंग, ऑनलाइन ईसीआर भरना, कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा (ईडीएलआई) की मुख्य विशेषताएं के बारे में अवगत कराया। पंजीकृत कर्मचारियों के लिए योजना 1976 और कर्मचारी पेंशन योजना 1995 और अन्य लाभ की भी जानकारी दी गई। सदस्यों से फीडबैक फॉर्म लिया गया चर्चा के दौरान, सदस्यों ने ईपीएफओ कार्यालय से संबंधित कई मुद्दे उठाए, जिसके लिए सदस्यों से फीडबैक फॉर्म लिया गया और इन मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए सामाजिक सुरक्षा सहायक प्रकाश कुमार ने मौके पर ही कई निर्देश दिए। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम रविरंजन ने इपीएफओ के अधिकारियों और औद्योगिक बिरादरी के सदस्यों एवं उपस्थित कर्मचारियों का स्वागत करते हुए, पंजीकृत कर्मचारियों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने और शिक्षित कर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए ईपीएफओ की सराहना की। मौके पर ईएसआईसी के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कवलजीत कुमार, जिला स्वास्थ्य समिति के जिला लेखा प्रबंधक अश्वनी कुमार उपस्थित थे। निधि आपके निकट कार्यक्रम में ईपीएफओ हितधारक शिकायत निवारण के लिए ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालयों में आते हैं।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा हेतु संक्षिप्त निविदा सूचना संख्या: एचडब्ल्यूएच-I-04-23-24 (ओपन टेंडर) (एकल लिफाफा प्रणाली), दिनांक: 27.03.2024। उप मुख्य अभियंता (निर्माण-I)/पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकल घाट (पहली मंज़िल), हावड़ा रेल म्यूजियम के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा के जरिये मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के पाकुड़ यार्ड रिमॉडलिंग कार्य में पाकुड़ के एनआई कार्य के सम्बन्ध में समपार 39 पर गेट लॉज, पाकुड़ ईस्ट आउटर केबिन की चारदीवारी, पाकुड़ ईस्ट आउटर केबिन में वीडीयू रूम और रखरखाव कक्ष, समपार 39 पर पाथवे, ड्रेन का निर्माण तथा सड़क कार्य और पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग द्वारा बीजी ट्रैक की लिंकिंग, पी.वे कार्य तथा अन्य आनुषंगिक कार्य जैसे विविध कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,45,98,645.97। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **बयाना राशि:** ₹ 3,23,000। **पूरा करने की अवधि:** 06 (छः) महीना। **खुलने की तारीख:** 16.04.2024 को दोपहर 12.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा हेतु बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा मैनुअल प्रस्ताव अगर प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।
(CON-106/2023-24)
निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–83–23–24. 2. कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेल के धनबाद और डीडीयू डिवीजन के अंतर्गत कष्ठा से पहाड़पुर तक डीएफसीसी परियोजना की तीसरी और चौथी नई लाइन के संबंध में गया में कार्यालय भवन, 1 नग टाइप V क्वार्टर, 2 नग टाइप IV, 6 नग टाइप III और 4 नग टाइप II (विशेष) स्टाफ क्वार्टर का निर्माण। जल आपूर्ति, स्वच्छता कार्य, सड़क कार्य और भवन से संबंधित अन्य सहायक कार्य। 3. अंकलित मूल्य (रू) : ₹8,00,40,990.48, 4. निविदा प्रपत्र का लागत (रू) : ₹0.00, 5. अग्रधन राशि (रू) : ₹5,50,200.00, 6. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 08 (आठ) माह। 7. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 19.04.2024 at 15.30 बजे अपराहन।
ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ प्ल्मै वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/
निर्माण/दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/02658/कॉन/अभि./टी/23–24/48

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : No : EL/Proj/DNR/ETEN/03/23-24 दिनांक– 28.03.2024.
1. कार्य का नाम एवं स्थान : "Design, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 2x25KV feeder line along the track with 25KV OHE modification works to meet 3000 MT loading target for UP & DN line of Son Nagar Jn.- Garwa Road Section of DDU Divission under E.C. Railway (Total 92/375 RKM/TKM)." 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹120,95,34,448.36, 3. निविदा फार्म की किमत : ₹0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹61,97,700.00, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारांभिक तारीख दिनांक– 07.05.2024 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 21.05.2024 को 15:00 बजे। 6. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेवसाइट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन–801105.
उप मुख्य विधुत अभियंता/
रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर
पीआर/02656/आरपी/विधुत/टी/23–24/40

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : No : EL/Proj/DNR/ETEN/04/23-24 दिनांक– 28.03.2024. 1. कार्य का नाम एवं स्थान : "Design, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 2x25KV feeder line along the track with 25KV OHE modification works to meet 3000 MT loading target for UP & DN line of Garwa Road Mahadiya Section of DDU Division under E.C. Railway (Total 229/458 RKM/TKM)." 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹139,15,65,868.31, 3. निविदा फार्म की किमत : ₹0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹71,07,800.00, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारांभिक तारीख दिनांक– 08.05.2024 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 22.05.2024 को 15:00 बजे। 6. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेवसाइट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन–801105.
उप मुख्य विधुत अभियंता/
रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर
पीआर/02657/आरपी/विधुत/टी/23–24/40

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना संख्या: 40-एसडीएसटीई-एएसएन-2023-24, दिनांक: 28.03.2024। वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल: छोटा अमबोना में एमएसडीएसी द्वारा डुअल डिटेक्शन का प्रावधान। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 1,59,59,343.28। **बयाना राशि:** ₹ 2,29,800। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 23.04.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in**। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा। निविदादाता/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं।
(ASN-254/2023-24)
निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्या: ओ/एसी/टी/197 एंड 198/23-24 (ओपन), दिनांक: 27.03.2024। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-197-23-24। कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बीआरएल/आसनसोल के अधीन सम्पूर्ण आसनसोल मंडल के विभिन्न पुलों पर टीई सीमित परिचालन के लिए रेट्रो रिफ्लेक्टिव कॉशन इंडिकेटर के प्रावधान सहित जी.सी. खंड में पुल संख्या 18 के गैंग पाथवे की बदली, अन्य आनुषंगिक कार्य हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,59,92,091.05। **बयाना राशि:** ₹ 2,30,000। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **क्रम संख्या:** 2। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-198-23-24। कार्य का नाम:** एक्सईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन जी.सी. खंड में कुल्टी और बराकर के बीच पुल संख्या 11ए (आरओबी) का पुनर्निर्माण और रिगार्डरिंग हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,13,12,232.06। **बयाना राशि:** ₹ 3,06,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.04.2024 को दोपहर 12.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।
(ASN-252/2023-24)
निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

धनबाद मंडल के अंतर्गत गुड्स शेड में रेलवे भूमि के लाइसेंस/लीजिंग के संबंध में
सूचना संख्या– सी.772/भूमि लाइसेंसिंग/जी. शेड/24–25 धनबाद, दिनांक: 27.03.2024

इच्छुक पार्टियां से रेलवे गुड्स शेड में सुचारू संचालन के लिए स्टैकिंग उद्देश्यों के लिए रेलवे भूमि के लाइसेंस के लिए आवेदन आमंत्रित करती है। रेलवे भूमि का लाइसेंस रेलवे बोर्ड के रेलवे भूमि प्रबंधन नीति पर मास्टर परिपत्र दिनांक 04.10.2022 के अनुसार किया जाएगा। रेलवे भूमि के लाइसेंस के लिए शर्तें निम्नानुसार हैं,
1. इच्छुक पार्टियां ऑनलाइन पोर्टल यानी आईआर–एलएस पीएस (भारतीय रेलवे लीज लाइसेंस प्रोसेसिंग सिस्टम/IR-LSPS (Indian Railways Lease License Processing System) पर रेलवे भूमि के लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं। **2.** भूमि का लाइसेंस केवल एक वर्ष या उससे कम अवधि के लिए प्रदान किया जाएगा। **3.** यदि प्राधिकृत हैंडलिंग एजेंट/ट्रांसपोर्टर स्टैकिंग उद्देश्यों के लिए रेलवे भूमि चाहते हैं तो इस संबंध में कंसाइनर/कंसाइनी से एनओसी जमा करना होगा। **4.** भूमि का स्वामित्व रेलवे के पास बना रहेगा। रेलवे भूमि के किसी भी उप–पट्टे/उप–लाइसेंस/बंधक/हस्तांतरण/त्याग की अनुमति नहीं दी जाएगी। **5.** रेलवे भूमि (एमवीएल) का बाजार मूल्य पट्टा समझौते के समय रेलवे भूमि का प्रचलित सर्किल रेट के अनुसार निर्धारित होगा। **6.** रेलवे भूमि का वास्तविक कब्जा देने या कार्य शुरू करने की अनुमति देने से पहले, वरिष्ठ मंडल अभियंता (प्राधिकृत प्रतिनिधि) और ऐसे अधिकार चाहने वाले पक्ष के बीच बिना किसी अपवाद के पट्टा/लाइसेंस समझौता निष्पादित किया जाएगा। **7.** नीति, भूमि दरों, भूमि क्षेत्र आदि की व्याख्या में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद के मामले में इंजीनियरिंग, वित्त और वाणिज्यिक के तीन जेएजी/एसजी अधिकारियों की एक स्थायी समिति सभी मुद्दों की जांच करेगी और सिफारिश मंडल रेल प्रबंधक को प्रस्तुत करेगी, जिसका निर्णय अंतिम होगा तथा सभी पक्षों में बाध्यकारी होगा। **8.** विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बोर्ड के रेलवे भूमि प्रबंधन नीति पर मास्टर परिपत्र दिनांक 04.10.2022 का अवलोकन किया जा सकता है।
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद
पीआर/02648/डीएचएन/वा०/एन/23–24/56

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं०–डी.डी.यू/ईएल/ग०श०/ई०–निविदा/23–24/27 दिनांक: 27.03.2024

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/ग०श०/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.सं. : 01, **कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम :** सं० डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/23–24/19 आर विषय – डीडीयू मंडल के अर्न्तगत डीडीयू के मंडल रेलवे अस्पताल में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और रोशनी में बढ़ोतरी की व्यवस्था करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत :** रु० 2360845.63, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 25.04.2024 15:00 बजे, **ई–निविदा वेव साइट का विवरण : www.ireps.gov.in**

क्र.सं. : 02, **कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम :** सं० डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/23–24/16 आर 1 विषय – डीडीयू मंडल के अर्न्तगत डीडीयू मंडल में कन्डमनेशन के विरूद्ध 11/0.415 के०वी० वितरण ट्रांसफारमर के द्वारा अच्छी पावर सप्लाई की बढ़ोतरी की व्यवस्था करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत :** रु० 5073889.86, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 25.04.2024 15:00 बजे, **ई–निविदा वेव साइट का विवरण : www.ireps.gov.in**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग०श०)
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/02650/डीडीयूजीएस/ईजीईएन/टी/23–24/44

पुलिस की एक टीम अपराधियों के भागने की दिशा में कर रही है छापेमारी

हथियार के बल पर अपराधियों ने पेट्रोल पंपकर्मी से की चार लाख रुपये की लूट

- बैंक में जमा करने जा रहा था रुपये
- शिवाजीनगर व रोसड़ा पुलिस मौके पर पहुंच शुरू की जांच

निज संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर में बदमाशों ने हथियार के बल पर पेट्रोल पंप कर्मी से 4 लाख रुपए लूट लिए। कर्मी बैंक में पैसे जमा करने जा रहा था तभी बाइक सवार बदमाश आये और लूट कर फरार हप गये। घटना जिले के रोसरा थाना क्षेत्र के बलुआहा बाबा स्थान के पास हुई है। वही, सूचना मिलने पर रोसरा और शिवाजी नगर की पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई है। बताया गया कि पेट्रोल पंप कर्मी अमरकांत राय शिवाजीनगर के गलगल चौक स्थित पेट्रोल पंप से अकेले ही बाइक पर सवार होकर रुपए जमा करने के लिए सेंट्रोल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा ऐरौत गांव जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई। बदमाशों की संख्या तीन बताई गई है। जो एक ही काले रंग की प्लसर बाइक पर सवार होकर रोसड़ा की ओर आये थे। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश खानपुर की ओर फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित कर्मी अमरकांत ने बताया कि वह दिन के करीब 12 बजे पेट्रोल पंप से करीब 4 लाख रुपए लेकर अकेले ही बाइक से सीबीआई के ऐरौत शाखा में जमा करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान बलुआहा के पास रोसड़ा की ओर एक काले रंग की प्लस बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें घेर कर रोक लिया। और हथियार के बाल पर बाइक की डिक्की में रखा रुपए से भरा बैग छीन लिया। लूट के दौरान एक बदमाश बाइक स्टाट रखे हुए था जबकि दो बदमाश हाथ में पिस्टल लिए हुए थे। लूट की घटना के बाद तीनों खानपुर की ओर फरार हो गए। बाद में इन्होंने शोर मचाया। तबतक बदमाश फरार हो चुके थे। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इस बीच घटना की सूचना मिलते ही रोसड़ा थाने के साथ ही शिवाजीनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई है। गांव में घटना स्थल के पास लगी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। वहीं, पुलिस की एक टीम बदमाशों के भागने की दिशा में छापेमारी कर रही है। इलाके में लगी पुलिस की सीमा को सील कर दिया गया है। रोसड़ा थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर छानबीन कर रही है। पेट्रोल पंपकर्मी द्वारा बताए गए बदमाशों के भागने की दिशा में पुलिस की टीम को लगाया गया है।

अपराधियों ने शिक्षिका से छिने तीन लाख रुपए

निज संवाददाता

किशनगंज। किशनगंज शहर के ईरानी बस्ती के पास एक टीचर महिला से 300000 बाइक पर सवार दो बदमाश ने छिंतई की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के बारे में पीड़ित टीचर महिला मीनू कुमारी मोतीबाग निवासी ने बताई की सीमेंट का कारोबार मेरे पति करते हैं। जहां एक कस्टमर के 120000 रुपए दिए और उसके बाद हम लोग पश्चिमपाली स्थित एसबीआई बैंक से 36000 एवं हॉस्पिटल रोड स्थित बड़ौदा बैंक से 144000 निकासी कर कुल 300000 लेकर अपने पति के साथ स्कूटी से घर जा रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो बदमाश ईरानी बस्ती के समीप आकर मेरे हाथ से मेरे पैसे का बैग छीन कर फरार हो गया। हालांकि मामले को लेकर पीड़ित टीचर टाउन थाना में घटना को लेकर आवेदन देने की प्रक्रिया की जा रही है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लोकसभा चुनाव को लेकर थानेदारों को दिया गया टिप्स

निज संवाददाता

पटना। लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यालय स्तर से थानेदारों की वीसी चल रही है। जिसमें पटना जिले के दीघा, कोतवाली, सचिवालय, पीरबहोर, गर्दनीबाग, बुद्धा कॉलोनी, कंकड़बाग, थाना समेत पटना जिले के सभी थानेदार शामिल हैं। थानेदारों को चुनाव के संबंधित विशेष सावधानी बरतने की जानकारी दी जा रही है। इंस्पेक्टर राजेश चौधरी थानेदारों को खास टिप्स दे रहे हैं। जो सुरक्षा के लिए एहतियातन गाइडलाइन जारी की गई है। उसे पालन कराने व करने पर जोर दिया जा रहा। खास कर के नक्सली गतिविधियों, विस्फोटक पदार्थों से बच बचाव के बारे में थानेदारों को अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान मुंगेर में चुनाव के समय नक्सलियों के द्वारा द्वारा गश्ती कर के लौट रहे पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के ऊपर हमले का उदहारण देकर सतर्क किया गया। इंस्पेक्टर राजेश चौधरी ने थानेदारों से कहा कि अगर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चुनाव कराने जा रहे हैं, तो बिल्कुल सतर्क रहें। सतर्कता ही सुरक्षा है। अगर नक्सल प्रभावित इलाके में कोई भिखारी भी दिखता है, तो उसको शंका की दृष्टि से ही देखें। भिखारी के वेश में भी आत्मघाती हमला किया जा सकता है। थानेदारों को ज्यादा पैदल चलने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा नक्सल प्रभावित थानों के बारे जानकारी दी गई है। जो जो थाने नक्सल प्रभावित क्षेत्र हैं, उनके बारे में जिलावार जानकारी दी गई है।

360.9 लीटर शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

भागलपुर (नि.सं.)। लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए अपराध और अपराधियों पर पुलिस विशेष नजर बनाई हुई है। इसको लेकर जिला प्रशासन की तरफ से कई कवायत किए गए हैं। शराब तस्करों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। गुरुवार को पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक डाक पार्सल वाहन की छत पर गुप्त तहखाना बनाकर विदेशी शराब का खेप औद्योगिक थाना क्षेत्र होकर गुजरने वाला है। सूचना को सत्यापित कर नगर डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। गठित टीम द्वारा औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र में वाहन की जांच अभियान शुरू की गई। जांच के क्रम में एक डाक पार्सल के वाहन में तलाशी कर 360.9 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इसके बाद पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति समेत शराब को जब्त कर लिया है। एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए भागलपुर पुलिस द्वारा अपराध और अपराधी और शराब तस्करों पर विशेष नजर रखी जा रही है। गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना होकर एक डाक पार्सल के वाहन में शराब छुपा कर शहर की ओर लाई जा रही है। सूचना को सत्यापित करते हुए नगर डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में सामने से आ रहे टाटा मैजिक पार्सल वाहन से 360.9 लीटर विदेशी शराब को जब्त किया गया। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान समस्तीपुर जिला निवासी अर्जुन पासवान के बेटे विनय कुमार शामिल हैं। एसएसपी ने आगे बताया कि औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना में सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दहेज हत्या केस में पति समेत चार लोगों को 10 साल का कठोर करावास की सजा

- बेतिया में 5 वर्ष के अंदर आया फैसला
- दस हजार का जुर्माना भी लगा

निज संवाददाता

बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)। बेतिया में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या मामले की सुनवाई पूरी करते हुए अपर जिला और सत्र न्यायाधीश विकास कुमार सिंह ने कांड के नामजद अभियुक्त मृतका के पति सुमन राम उर्फ लक्ष्मण राम, ससुर नरेश राम, सास मीना देवी तथा जेठ रामजी राम को दस-दस वर्षों के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने प्रत्येक सजायाफ्ता को दस हजार रुपये जुर्माना भी देने का आदेश दिया है। सभी सजायाफ्ता जिले के मटियरिया थाना क्षेत्र के तुरकौलिया गांव के रहने वाले हैं।

अपर लोक अभियोजक शीला मिश्रा ने बताया कि गौनाहा थाना क्षेत्र के विजयपुर निवासी छतू राम ने अपनी लड़की गायत्री की शादी सुमन राम उर्फ लक्ष्मण राम से की थी। विवाहिता के ससुराल आने के बाद पति और अन्य लोगों ने उसके पिता से दहेज में मोटरसाइकिल मांगने के लिए दबाव बनाने लगे। इनकार करने पर उसे मारपीट करते थे। सात जुलाई 2021 को गायत्री के साथ आरोपितों ने मारपीट की। इसकी सूचना गायत्री ने फोन से अपने मायके वालों को दी। 19 जुलाई 2021 को ग्रामीणों द्वारा फोन पर गायत्री के पिता को सूचना दी गई कि उसकी लड़की अपने ससुराल से गायब है। सूचना पर गायत्री के मायके वाले बेटी के ससुराल आए और फिर उसकी खोजबीन करने लगे।खोजबीन के क्रम में ढोंगही नदी के किनारे गायत्री का शव मिला। मामले को लेकर गायत्री के पिता ने मटियारिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने यह फैसला सुनाया है।

होमगार्ड जवान की हुई तबीयत खराब, इलाज के दौरान मौत

शेखपुरा (नि.सं.)। शेखपुरा के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में तैनात 59 साल के होम गार्ड जवान शंभू सिंह की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। उनके पार्थिव शरीर को गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बिहार गृह रक्षा वाहिनी के जिला समादेष्टा कार्यालय में लाया गया। जहां पर होम गार्ड के एक सशस्त्र टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी। मौके पर जिला अल्प संख्यक कल्याण पदाधिकारी रतन, गृह रक्षा वाहिनी संघ के जिला सचिव हरेराम सिंह, गृह रक्षा वाहिनी संघ के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी रीता, नथुन दास, मनीष कुमार, राष्ट्रीय जन-जन पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल सहित बड़ी संख्या में होम गार्ड के जवानों ने पार्थिव शरीर पर फूल माला चढ़ाकर अंतिम विदाई दी।

एयरपोर्ट निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण करने का दिया गया आदेश

रक्सौल में एयरपोर्ट निर्माण के लिए डीएम ने किया निरीक्षण

निज संवाददाता

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)। मोतिहारी के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने गुरूवार को रक्सौल हवाई अड्डा के लिए जमीन अधिग्रहण की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पहले से चल रही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को ससमय पूरा करने का निर्देश जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने दिया। रक्सौल पहुंचने के साथ ही, उन्होंने एयरपोर्ट पर पहुंच कर आवश्यक कागजातों को देखा और जो भी कमी है। उसको पूरा करने का निर्देश दिया गया। हवाई अड्डा रक्सौल का निरीक्षण करने से पहले उन्होंने आदापुर में भी एक स्कूल का निरीक्षण किया था। इधर, निरीक्षण के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए डीएम सौरभ जोरवाल ने कहा कि रक्सौल एयरपोर्ट को शुरू करने के लिए जो अतिरिक्त 121 एकड़ जमीन की जरूरत है। उसके अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसकी रिपोर्ट संबंधित विभाग को दी जायेगी।

वहीं डीएम के आगमन की खबर पाकर कुछ फरियादी भी प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। पत्रकारों से बात करने के बाद डीएम सौरभ जोरवाल ने एक-एक कर फरियादों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनकर इसके उचित समाधान का भरोसा दिया। डीएम के निरीक्षण के साथ ही, लोगों के अंदर इस बात को लेकर उम्मीद जगी है कि वर्षों से उपेक्षित रक्सौल एयरपोर्ट अब संचालन में आ सकेगा। इससे रक्सौल और सीमाई इलाके का विकास होगा, साथ ही सीमावर्ती जिलों के अलावा नेपाल के नागरिकों को भी रक्सौल से हवाई सेवा उपलब्ध हो सकेगी। डीएम के निरीक्षण के दौरान एसपी कांतेश कुमार मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी शिवाक्षी दीक्षित, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश सहित अन्य मौजूद थे।

पुलिस ने दो हत्यारोपियों सहित चार अपराधी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

शेखपुरा। शेखपुरा के कोरमा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित 2 हत्यारोपियों सहित 4 फरार बदमाश को गिरफ्तार किया है। छापेमारी का नेतृत्व कोरमा थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर आयुष कुमार ने की। इस बाबत थाना अध्यक्ष ने बताया कि भदौंसी गांव से फरार हत्यारोपी मोती ढांगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वर्ष 1995 में उसने गांव के ही एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उक्त मामले में उसे फरार रहने के कारण कोर्ट ने उसके विरुद्ध लाल वारंट जारी किया था। गिरफ्तार आरोपी तब से अब तक छुपकर पटना में रह रहा था। होली मानने वह अपना गांव आया था। पुलिस टीम ने उसी गांव से चोरी के एक मामले में 4 साल से फरार आरोपी तथा भगवान ढाढी के पुत्र मुरारी ढाढ़ी को गिरफ्तार कर ली। इसी तरह पुलिस ने छापेमारी कर लंबे अरसे से फरार चल रहे हत्यारोपी संजीत मंडल को चारे गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी विशेश्वर मंडल का पुत्र बताया गया है। जो कि गांव के ही मदन महतो की हत्या गोली मारकर वर्ष 2012 में कर दी थी। मृतका की पत्नी सुनीता देवी गिरफ्तार फरारी के विरुद्ध हत्या की एक प्राथमिकी स्थानीय थाना में दर्ज कराई थी। कोर्ट ने इसके विरुद्ध भी लाल वारंट जारी किया था। इसी तरह पुलिस ने पुरैना गांव में छापेमारी कर मारपीट के एक मामले के फरार आरोपी तथा विष्णु यादव के पुत्र श्याम देव यादव को गिरफ्तार कर ली। गिरफ्तार सभी फरार आरोपियों को पुलिस कड़ी निगरानी में आज दोपहर बाद शेखपुरा जेल भेज दी।

ग्रामीणों ने पुलिस पर किया पथराव, एसआई सहित कई जवान घायल, दो लोग गिरफ्तार

निज संवाददाता

जमुई। बरहट थाना की पुलिस टीम पर मलयपुर-लक्ष्मीपुर मुख्य रास्ते पर वाहन चेकिंग के दौरान हमला होने का मामला सामने आया है। बुधवार की रात कुछ युवकों ने शराब के नशे में एसआई बिपीन चंद्र पालटा और कई जवानों पर हमला कर दिया। एसआई बिपीन चंद्र पालटा ने बताया कि पहले युवकों को समझा बुझाकर सरकारी कार्य में बाधा नहीं डालने को कहा गया। इसके कुछ देर बाद दर्जनों ग्रामीणों समेत महिलाओं और बच्चों ने अचानक पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इस पथराव में ड्यूटी पर तैनात महिला और पुरुष कई जवान घायल हो गए। बरहट थानाध्यक्ष को सारी जानकारी दी गई। वरीय अधिकारियों को घटना की जानकारी देने के साथ उन्होंने घटना स्थल पर फोर्स भेजने की बात कही। वरीय अधिकारियों ने मलयपुर, लक्ष्मीपुर थाना सहित पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस बल को घटना स्थल पर भेजा। पुलिस जवानों के पहुंचते ही सभी लोग वहां से भाग गए। इस दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के बसमता गांव के सुमन कुमार पिता भुनेश्वर यादव और डब्लू यादव पिता स्व द्वारिका यादव के रूप में की गई। गिरफ्तार दोनों आरोपी को पुलिस थाना लेकर चली गई। वहीं मामले में बरहट थाना में अब तक रंजीत यादव, कैलाश यादव, प्रदीप यादव सहित कुल 14 नामजद और 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में बरहट थानाध्यक्ष कुमार संजीव ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और आन ड्यूटी पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट कर बदसलूकी करने का आरोप लगाया गया है।

पुनौराधाम स्थित कुंड में बनेगा माता जानकी की बाल्यकाल प्रतिमा, अब नई समिति करेगी काम

निज संवाददाता

सीतामढ़ी। सीतामढ़ी के पुनौराधाम स्थित जानकी मंदिर का सारा काम अब से बिहार धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से गठित जानकी जन्मभूमि पुनौराधाम न्यास समिति की ओर से किया जाएगा। मंदिर से जुड़े पुरानी समिति को निरस्त करते हुए नई समिति बनाई गई है। नई समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायमूर्ति धरनीधर झा ने सभी जानकारी दी। उन्होंने मंदिर परिसर में समिति की पहली बैठक में कहा कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने 4 मार्च 2024 को श्री जानकी जन्म भूमि पुनौराधाम मंदिर न्यास समिति का गठन कर दिया था। अब से सभी पुरानी समिति निरस्त हो गई है। मंदिर परिसर में निर्मित यात्री भवन, प्रेक्षा गृह सहित अन्य भवनों का संचालन भी न्यास समिति की ओर से ही होगा। मंदिर से संबंधित सभी बैंक खातों को अब न्यास समिति की ओर से एक ही राष्ट्रीय बैंक में जमा किया जाएगा। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य किशोर कुणाल ने सीता कुंड पर बनने वाले सीताजी के बाल रूप की प्रतिमा निर्माण की स्वीकृति इस शर्त पर दी है।

इसका स्वामित्व, संचालन, पर्यवेक्षण और रख रखाव मंदिर न्यास के अधीन होगा। सीता कुंड का अस्तित्व भी कायम रहेगा। इसके साथ ही निर्णय लिया गया है कि पुनौरा धाम जानकी मंदिर परिसर में होने वाले किसी भी कार्यक्रम को लेकर मीडिया ब्रीफिंग भी सिर्फ न्यास समिति ही करेगी। उन्होंने बताया कि मंदिर से जुड़े सभी एनजीओ के प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार आज से ही समाप्त कर दिया गया है। मंदिर के विकास के लिए समिति सभी के सहमति से ही आगे कार्य करेगी। महंत कौशल किशोर दास के मार्गदर्शन में सब लोग इसके विकास के लिए तत्पर रहेंगे। बैठक में मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रभात कुमार झा, डीएम के नामित अधिकारी सचिव सह एसडीओ सदर संजीव कुमार, सह सचिव प्रो उमेश चंद्र झा, कोषाध्यक्ष मनमोहन कौशिक, सदस्य रघुनाथ प्रसाद, रामशंकर शास्त्री और श्रवण कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

लोस चुनाव के अंतिम दिन अरुण भारती, अर्चना रविदास सहित छह लोगों ने किया नामांकन

निज संवाददाता

जमुई। लोकसभा चुनाव के पहले फेज के अंतिम दिन गुरुवार को जमुई सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी अर्चना रविदास और लोजपा (आर) और चिराग पासवान के बहनोई अरुण भारती सहित छह उम्मीदवार ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल करने समाहरणालय पहुंचा है। इस दौरान उनके साथ महागठबंधन के कई नेता मौजूद थे। जबकि एनडीए गठबंधन के सहयोगी और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, चिराग पासवान शामिल थे। पर्चा भरने से पहले अर्चना रविदास एक निजी गेस्ट हाउस से जब निकली तो समर्थकों की भीड़ सड़कों पर उमड़ गई और वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि अर्चना रविदास के समाहरणालय आने से पहले ही उनके समर्थकों को शहर के कचहरी चौक स्थित पहले बेरियर पर ही सुरक्षा बलों द्वारा रोक दिया गया था। वहीं, 12 बजे तक महागठबंधन प्रत्याशी अर्चना रविदास के अलावा संतोष कुमार दास, एसयूसीआई कम्युनिस्ट, पद्मश्री डॉक्टर जगदीश प्रसाद लोकतांत्रिक सामाजिक न्याय पार्टी के प्रत्याशी नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे हैं। इधर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रत्याशी और उनके प्रस्तावक की जांच कर समाहरणालय के अंदर प्रवेश करने दिया जा रहा है। नामांकन के बाद राजद उम्मीदवार अर्चना रविदास ने बताया क वह जम्मू की लोकल और जमुई की बेटी भी है। जिस कारण हुआ लोगों की समस्या को बखूबी समझती है। जबकि लोजपा के उम्मीदवार अरुण भारतीय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा है अबकी बार 400 पार वह जरूर होगा और जमुई की जनता उसे जरूर सांसद बनाएगी।

चोरों ने की आर्मी जवान के बंद घर से 2.50 लाख की चोरी

निज संवाददाता

पूर्णिया। पूर्णिया में बेखौफ चोरों ने आर्मी के जवान के बंद घर में 2.50 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गृहस्वामी घर बंद कर सपरिवार होली का त्योहार मनाने अपने पैतृक गांव मीरगंज गए थे। मौका पाकर शातिर चोर घर में घुसे और फिर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया। चोर अलमीरे में रखा 20 हजार कैश समेत 2.50 लाख जेवरात अपने साथ ले गए। वहीं, चोरी की इस वारदात की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। घटना मरंगा थाना क्षेत्र स्थित पावर ग्रिड शिव शक्ति नगर के समीप की है। पीड़ित गृहस्वामी की पहचान मीरगंज निवासी रोशन कुमार मेहता के रूप में हुई है। जो आर्मी के जवान हैं। घटना की जानकारी देते हुए आर्मी जवान रोशन कुमार मेहता ने बताया कि होली की छुट्टी पर वे मरंगा थाना क्षेत्र स्थित पावर ग्रिड शिव शक्ति नगर स्थित घर आए थे।

इसके बाद होली से ठीक एक रोज पहले होलिका दहन की सुबह वे सपरिवार अपने पैतृक गांव मीरगंज गए थे। बुधवार को घर से होकर गुजरते हुए पड़ोसियों ने देखा कि उनके घर का ताला टूटा है। जिसके बाद घर में चोरी की आशंका जताते हुए पड़ोसियों ने कॉल किया। घर में चोरी की जानकारी मिलने के बाद वे लोग पूर्णिया स्थित अपने घर पहुंचे। यहां देखा कि कमरे का सभी सामान बिखरा पड़ा है। कमरे में अंदर जाते ही अलमीरे का लॉक टूटा है। लॉकर में रखा गया 20 हजार कैश समेत सोने और चांदी के करीब 2.50 लाख के जेवरात गायब थे। ज्वेलरी का बॉक्स घर में इधर -उधर फेंका हुआ है। जिससे ज्वेलरी गायब थी। चोरी की वारदात के बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस को कॉल कर घटना की सूचना दी। वहीं, चोरी की वारदात की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का जायजा लिया। मामले को लेकर मरंगा थाना अध्यक्ष रंजन सिंह ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर आवेदन मिला है, प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बेहद जल्द चोरी की घटना से पर्दा उठेगा। शातिर चोर पकड़े जाएंगे।

बंद पड़े घर से सोने-चांदी के गहने ले भागे चोर

निज संवाददाता

पटना। पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र के आदर्श नगर में चोरों के एक गिरोह ने बंद पड़े घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घर के सभी सदस्य घर बंद करके अयोध्या छुट्टियां मनाने गए थे। घर के अंदर के कैमरा में जब रात्रि के वक्त अंधेरा हो गया, कुछ भी पता नहीं चल रहा था। शक के आधार पर मकान मालिक ने अपने स्टाफ को इस बात की सूचना दी। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर में चोरी की पुष्टि की है। मालसलामी थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक मकान मालिक के द्वारा कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होने के बाद ही घर में कितने की चोरी हुई है, यह स्पष्ट हो पाएगा।

विचार-मंथन

संपादकीय

पद की मर्यादा और कानूनी स्थितियों पर विचार करने की जरूरत

तमिलनाडु में एक मंत्री को शपथ दिलाने के मामले में वहां के राज्यपाल ने जिस तरह की जिद पकड़ ली थी, वह पहले ही सवालों के घेरे में थी। सुप्रीम कोर्ट ने स्वाभाविक ही उस पर राज्यपाल को फटकार लगाई। गौरतलब है कि राज्यपाल ने द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम के नेता के पोनमुडी को मंत्री पद की शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था।हालांकि शीर्ष अदालत ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में पोनमुडी की दोषसिद्धि और सजा पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद राज्यपाल ने अपने रुख को नाहक ही प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाया हुआ था। इसी पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल अदालत की अवहेलना कर रहे हैं। अदालत ने केंद्र सरकार से भी पूछा कि अगर राज्यपाल संविधान का पालन नहीं करते, तो सरकार क्या करती है। उसके बाद राज्यपाल द्रमुक नेता को मंत्री पद की शपथ दिलाने को राजी हो गए। सवाल है कि क्या अब तमिलनाडु के राज्यपाल को अपने पद की मर्यादा के समांतर अपनी जिद और कानूनी स्थितियों पर विचार करने की जरूरत महसूस होगी।दरअसल, तमिलनाडु सरकार के साथ वहां के मौजूदा राज्यपाल के तल्ख रिश्ते छिपे नहीं हैं। राज्य सरकार ने उन पर कई बार अपने काम में बाधा डालने के आरोप लगाए हैं। कुछ समय पहले जब राज्य सरकार ने राजभवन की ओर से विधेयकों को मंजूरी देने में देरी करने पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, तब अदालत ने साफ कहा था कि राज्यपाल को मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करना चाहिए।ताजा मामले में भी राज्यपाल ने कानून और तकनीकी पहलुओं का ध्यान रखे बगैर मंत्री को शपथ दिलाने से इनकार कर दिया। राज्यपाल से जुड़ी कुछ संवैधानिक व्यवस्थाएं हैं, जिनका पालन करना इस पद की गरिमा को बनाए रखने के लिए जरूरी है। मगर हाल के वर्षों में कई राज्यों में जिस तरह इस पहलू की अनदेखी होती दिखी है, अगर इसे रोका नहीं गया तो इसका आखिरी नुकसान लोकतंत्र को होगा।

आर्थिक विकास के बावजूद बिगड़ रहा मानसिक स्वास्थ्य

(अनिल तिवारी)

संयुक्त राष्ट्र मानव विकास की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत की रैंकिंग गत वर्ष की तुलना में एक स्थान सुधर कर 134वें स्थान पर पहुंच गई है, वहीं प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इसके बावजूद यहां नगरों महानगरों में रह रहे हर उम्र वर्ग के लोगों में अवसाद, बेचैनी, अनिद्रा, अलगाव, हीनता बोध, आक्रामकता जैसी मानसिक समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। कमोबेस सबके पास खाने-पीने का इंतजाम है, रहने को छोटा-बड़ा, खुद का या किराए का मकान है। सरकार की ओर से 12वीं तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था है। पांच लाख रुपए तक के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड है। इन सबके उपरांत भी यहां लोग अवसाद या इससे मिलती-जुलती कई तरह की मानसिक, शारीरिक समस्याओं को लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 10 वर्षों में अवसाद रोधी दवाओं की बिक्री में 110त्न की वृद्धि हुई है। अवसाद से ग्रस्त अनेक किशोर-किशोरियां अपने शरीर को नुकसान पहुंचा रहे हैं। एक ताजा समाजशास्त्रीय विश्लेषण में यह कहा गया है कि सफलता की अंधी दौड़ में भाग रहे लोग निराशा, कुंठा, तनाव, झुंझलाहट और हिंसक वृत्ति का शिकार होकर स्वयं को मार रहे हैं। इस प्रवृत्ति को अगर नहीं रोका गया तो आने वाला समय कितना भयावह होगा, कहना कठिन है। हाल ही में जारी मानव विकास रिपोर्ट 2023-24 में कहा गया है कि पिछली बार भारत 191 देशों की सूची में 135वें स्थान पर था। इस बार एक अंक ऊपर चढ़कर 193 देशों की रैंकिंग में 134 वें स्थान पर पहुंच गया है। लैंगिक असमानता सूचकांक में भी भारत की उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। गत वर्ष की तुलना में 122वें स्थान से ऊपर चढ़कर 108वें स्थान पर पहुंच गया है। हालांकि देश की श्रम बल भागीदारी में लैंगिक अंतर बना हुआ है, लेकिन भारत की प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय सकल आय लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की रपट 'ब्रेकिंग दि ग्रिडलॉक-रेइमेजिंनिग कोआपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' पर

मूल्यों को लेकर एक खालीपन आया है जिसने आधुनिकता और तकनीक से जुड़े दबावों के साथ मिलकर युवाओं को बहुत उद्वेलित कर दिया है। अगर शिक्षा आलोचनात्मक चेतना और तार्किक विश्लेषण की क्षमता उत्पन्न नहीं कर पा रही तो वह अर्थहीन और उद्देश्यहीन हो जाती है। कौशल विकास के नाम पर केवल तकनीकी और प्रबंधकीय विषय का ज्ञान देना उसके मानवीय गुणों को समाप्त कर मनुष्य को मशीन में बदल रहा है।

प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय सकल आय में भारत ने बेहतरीन प्रगति की है जो देश में लैंगिक समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। वर्ष 2014 में यह रैंक 127 थी जो अब 108 हो गई है। यह हैरान करने वाली बात है कि जो शहर शिक्षा, प्रौद्योगिकी और अन्य सुविधाओं की दृष्टि से अधिक विकसित हैं, वहां इस तरह की बीमारियां अधिक हैं। दुनिया के अन्य विकसित देशों की भी स्थिति मिलती-जुलती ही है।समृद्ध देशों में गिने जाने वाले स्वीडन, ब्रिटेन और अमेरिका के आंकड़े भी डरावने हैं। ब्रिटेन सहित पश्चिम के कई देशों में कम उम्र के बच्चों के आत्महत्या कर लेने की दर में बेतहाशा वृद्धि हुई है। ऐसे में यह सवाल खड़ा होता है कि क्या विकास प्रक्रियाओं और ऐसी अनहोनी के बीच कोई परस्पर संबंध है? राजस्थान के कोटा में इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे छात्रों में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति पर हुए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष निकल कर आया है कि सफलता की अंधी दौड़ के युग में असफलता के अंदेशा मात्र से भी छात्र इस तरह का खतरनाक कदम उठा रहे हैं। एक अध्ययन दल ने जनसंख्या को तीन समूह में वर्गीकृत किया। एक जो उच्च श्रेणी के पेशों और व्यवसायों से जुड़ा है, उच्च शिक्षा प्राप्त और विशेषज्ञता रखता है। मसलन चिकित्सक, प्रबंधक और इंजीनियर आदि। दूसरे वर्ग में ऐसे लोग जो उच्च शिक्षा प्राप्त हैं पर मध्यम श्रेणी के व्यवसाय अथवा पैसे से संबद्ध है, जैसे शिक्षक, दुकानदार, व्यवसायी आदि। तीसरा, उन लोगों का समूह है जो कम शिक्षित और निम्न श्रेणी की विशेषज्ञता वाले लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, जैसे किसान, मजदूर और छात्र आदि। पहले समूह में तनाव, अकेलापन, कार्य के अधिक घंटे, विचारों और भावनाओं की साझेदारी का अभाव, असीमित आकांक्षाएं और विफलता के कारण घातक बीमारी असर डालती है। वहीं दूसरे समूह के लोगों में आत्मविश्वास की कमी होती है क्योंकि उनके ज्ञान और सूचना का संसार पर्याप्त नहीं होता। उपभोक्तावादी समाज न केवल बहुत कुछ पाने को प्रेरित करता है, बल्कि महंगी का, ब्रांडेड कपड़े, पांच सितारा जीवन शैली अपनाने का दबाव बनाता है। यह वर्ग सब कुछ पाना चाहता है लेकिन न मिलने की स्थिति में उसे खुद का जीवन अर्थहीन लगने लगता है। तीसरा समूह आर्थिक रूप से लगभग विपन्न समूह है जो अस्थिर व्यवस्थाओं में जीने को बाध्य होता है। तीसरी श्रेणी के पास कोई विकल्प ही नहीं बचता है, वह सफलता की आस में अपना सब कुछ दांव पर लगा देता है और विफल होने पर नुकसान पहुंचाने वाला कदम उठा लेता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिणी और पूर्वी एशिया के 10 देशों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में भारत से संबंधित आंकड़े चौंकाने वाले हैं। भारत में 32 प्रतिशत छात्र अवसाद ग्रस्त 12 प्रतिशत को अकेलापन सता रहा था। अध्ययन दल से छात्रों ने कहा कि उनका कोई नजदीकी मित्र नहीं है। इस अध्ययन में 15 से 30 आयु वर्ग के लिए आत्महत्या के जो आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं, उनके अनुसार भी भारत की स्थिति 10 देशों में सबसे विकट है। इंडोनेशिया में यह दर जहां एक लाख पर मात्र 3.6, नेपाल में एक लाख पर 25.8 है, वहीं भारत में 35.7 पाई गई है। हाल के बरसों में भारत के युवाओं में शराब की लत भी तेजी के साथ बढ़ रही है। प्रश्न है कि इस तरह की मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं पूरी दुनिया में तेजी से क्यों बढ़ रही है? जवाब में अध्ययन दल ने यह माना है कि सोशल मीडिया व मोबाइल फोन पर अति सक्रियता, किशोरों को बुलिंग तथा मोबिंग करने यानी तरह-तरह की धमकी देने व अपमानित करने की प्रवृत्ति, पढ़ाई का बोझ तथा सोशल मीडिया पर हमेशा मौजूद रहने का बोझ, भविष्य के प्रति अनिश्चय, शरीर को और अधिक आकर्षक बनाए रखने व दूसरों से निरंतर तुलना करने की प्रवृत्ति, हिंसा व यौन हिंसा, शराब व नशीले पदार्थों का सेवन, मोबाइल पर तेजी से बनते बिगड़ते रिश्ते, पारिवारिक संबंधों में कमजोरी, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव। यह सभी कारण अपने आप में महत्वपूर्ण है। और इससे भी जरूरी मुद्दा है बुनियादी जीवन मूल्यों का अभाव, उनकी उपेक्षा और उनके बारे में अनिश्चिय। यदि जीवन में बुनियादी जीवन मूल्य जुड़े रहते हैं तो इससे जीवन में सार्थकता और स्थिरता आती है। दादा-दादी, नाना-नानी अब केवल कहने को रह गए हैं।

अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद



नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत

लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है। इस महीने की शुरुआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं।

जनवरी 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी। आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। आध्यात्म के एक जिज्ञासू के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिन्न-भिन्न संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे आध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया।

स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है। रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है।

रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निर्देशों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की। बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉडर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे।

स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित था, वो थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका प्रेम, उनका सम्मान। इसका कारण था कि उन्होंने भारत के अलग अलग हिस्सों में लंबा समय गुजारा था और वो लगातार भ्रमण करते थे। उन्होंने गुजरात में रहकर गुजराती बोलना सीखा। यहां तक कि मुझसे भी, वो गुजराती में ही बात करते थे। मुझे उनकी गुजराती बहुत पसंद भी थी। भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर, हमारी मातृभूमि को स्वामी आत्मास्थानंद जी, स्वामी स्मरणानंद जी जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है जिन्होंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है। इन संतों ने हमें एक साथ होकर समाज के हित के लिए काम करने की दीक्षा दी है। ये सिद्धांत अब तक शाश्वत हैं और आने वाले कालखंड में यही विचार विकसित भारत और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे।

मैं एक बार फिर, पूरे देश की ओर से ऐसी संत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे विश्वास है कि रामकृष्ण मिशन से जुड़े सभी लोग उनके दिखाए मार्ग को और प्रशस्त करेंगे।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5323

			3	6	9			4
		9					5	
	2				4	7	1	
4	9	8						7
			1		7			
1						4	3	5
	8	1	6				4	
	5					3		
9			2	7	1			

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5322

5	4	2	8	1	3	6	7	9
8	7	9	2	6	4	1	5	3
1	6	3	9	5	7	4	2	8
7	3	1	5	9	6	2	8	4
4	5	8	7	3	2	9	1	6
2	9	6	1	4	8	5	3	7
6	1	4	3	7	5	8	9	2
3	8	5	4	2	9	7	6	1
9	2	7	6	8	1	3	4	5

आज का राशिफल

मेष

आज किसी कार्य में आ रही बाधा दूर होगी और आपके कार्य पूर्ण होंगे। आपके समय के अनुसार काम होने में बाधा रहेगी। मौसम भी आज अनुकूल नहीं रहेगा। आज मेष राशि के लोगों से आपको लाभ होगा। कुछ मन संतोष होगा। बड़ी मात्रा में धन हाथ में आने से गिरा हुआ मनोबल कम हो जाएगा।

वृष

आज किसी मामले में नुकसान की आशंका है। किसी शारीरिक कष्ट की सूचना मिल सकती है। फिजूलखर्ची और विवाद से दूर रहें। शाम से लेकर देर रात तक परिजनों के साथ यात्रा का सुख प्राप्त होगा। शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य संपन्न होंगे।

मिथुन

आज का दिन परेशानी वाला हो सकता है। भाई बंधुओं और व्यापार के सहयोगियों से मनमुटाव हो सकता है। पूरा दिन असहज रहेगा। अकारण शत्रु उत्पत्ति हो सकती है और आपका किसी से विवाद हो सकता है। शाम के समय सम्पत्ति से लाभ होगा और पत्नी से उत्तम सहयोग मिलने के कारण संतुष्टि रहेगी।

तुला

आज आर्थिक मामलों में थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। मानसिक तनाव अधिक रहेगा। आपको संतान की तरफ से चिन्ता रहेगी। शारीरिक कष्ट होने की संभावना बनी रहेगी। इस सबके बावजूद आपको व्यवसाय में लाभ व पत्नी का पूर्ण सुख सहयोग मिलने से मनोबल बढ़ेगा। आप पैसों की बचत कर पाएंगे।

वृश्चिक

आज अकस्मात् बड़ी मात्रा में आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। आपको प्रियजनों का वांछित सुख एवं सहयोग मिलेगा। सायंकाल से लेकर रात तक मंगल कार्यों में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त होगा। खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। अन्यथा दोनों में कष्ट हो सकता है। परिवार में किसी की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है।

धनु

आज लाभ का दिन है और आज आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। मान, प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रुओं का मनोबल गिरेगा। घरेलू एवं अच्छे गुण वाले लोगों से मेल मिलाप बढ़ेगा। व्यवसाय में भी नौकरों व भागीदारों से अच्छा वातावरण मिलेगा। शाम से लेकर देर रात तक अकस्मात् अतिथियों के आगमन से व्यय और बढ़ सकता है।

कर्क

आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज के दिन आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। आज आपकी कोई समस्या का समाधान हो जाएगा। आपको अपने प्रियजनों और परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। दोपहर से लेकर शाम तक आपको किसी मामले में परेशानी हो सकती है। सावधान रहें।

सिंह

आज आर्थिक लाभ का दिन है और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपको व्यवसाय में निरन्तर लाभ होने की संभावना बनी रहेगी और व्यवसाय के भागीदारों से परेशानी होने की संभावना भी बनी रहेगी। सायंकाल से लेकर रात्रि तक समीप की यात्रा का योग बना हुआ है। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य संपन्न होंगे।

कन्या

आज आर्थिक लाभ होने की संभावना रहेगी। मानसिक तनाव से बचने के लिए धैर्य एवं नम्रता से काम करें। यदि आप नौकरी करते हैं तो आज आपके कार्य और अधिकारों में वृद्धि होगी जिससे आस-पास के अन्य सहयोगियों में कड़वाहट बढ़ने से परेशानी हो सकती है।

मकर

आज आर्थिक लाभ होगा और संतान पक्ष की चिंता रहेगी। संतान को शारीरिक कष्ट होने से आप परेशान रहेंगे। स्थान परिवर्तन होने के योग बन रहे हैं और उसमें आपको लाभ होगा। आर्थिक लाभ तो होगा परन्तु लाभ से अधिक खर्च होने के कारण खिन्नता बनी रहेगी। शत्रु पक्ष आप पर हावी होने का प्रयास करेंगे, सावधान रहें। किसी से पैसों का लेनदेन न करें।

कुंभ

आज धन प्राप्ति का दिन है। आज का दिन आपको आर्थिक बल प्रदान करेगा। अच्छे गुणवाले लोगों से मेल-मिलाप बढ़ने से अधिकारी वर्ग आपके पक्ष में रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों से पर्याप्त आमदनी होगी परन्तु व्यय आय के अनुपात में अधिक होगा। आज आपको रात के वक्त देवदर्शन का अवसर प्राप्त होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और आपको लाभ होगा।

मीन

आज लाभ होगा और आज शुभ व्यय और कीर्ति में वृद्धि करेगा। भाग्य का उदय होगा और आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी सायंकाल तक सफलता की प्राप्ति होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और आपके कार्य से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपको निवेश के मामले में बेहतर रिटर्न मिलेगा।

वर्ग पहेली 5323

संकेत: बाएं से दाएं
1. इस अर्थशास्त्री को 1998 में अर्थशास्त्र के नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया (5)
5. यह हजरत मोहम्मद साहब का जन्म स्थान है यहां मुस्लिम साम्प्रदाय के लोग हज के लिए एकत्र होते है (2)
6. चालीस सेर की एक प्राचीन तौल (2)
7. निर्देशक मणिरत्नम की कमल हसन की दोहरी भूमिका वाली 1987 की प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय फिल्म जिसे हिंदी में भी डब किया गया था (4)
9. इंडोनेशिया का यह शहर डच ईस्टइंडीज की राजधानी था (3)
10. स्त्री-पुरूष (2)
12. ज्वालामुखी से निकलने वाला विस्फोटक पदार्थ (2)
13. नौका, किश्ती (2)
14. नमाज की सूचना के शब्द जो जो से पुकारे जाते है (3)
16. दुश्मन, बैरी (2)
18. बांग्लादेश की प्रचलित मुद्रा (2)
19. रिश्ते में कुछ होना, अनुभूति होना (3)
21. मुंह से झटके से हवा बाहर निकालना (3)
24. पार्वती, लक्ष्मी (2)
25. कृष्ण भक्त गोपीचंदन जैसी व्यवहार में लाने वाली पीली मिट्टी (4)

ऊपर से नीचे
1. यह नाम सरोदवादन से जुड़ा है (7)
2. माला के दाने या मोती, गुरिया, बीड (3)
3. फौज, मिलिटरी (2)
4. अश्रुजल, नयनजल (5)
5. स्वच्छित, मनमर्जी का (4)
8. हाथ, हस्त, टैक्स, महसूल (2)
11. निमंत्रण पत्र (5)
15. इंकार करना, मना करना (3)
17. इसे अंग्रेजी में ब्रिज कहते है (2)
20. घोर ध्वनि, स्वार्थ, मेघ, गड़गड़ाहट (3)
22. सौ वर्ष का समय, शताब्दी (2)
23. तौल का एक इकाई, संगीत स्वर (2)

वर्ग पहेली 5322 का हल

मो	ती	ला	ल	ने	ह	रू	
हि	त		ता	क		ब	हु
नी	र	व			ग	ल	त
		शी	ल	वा	न		
आ		क	स	म			स
पा	गु	र		ह	वा	ला	त
	ग	ण		स्त	र		लु
मा	ली				ना	ची	ज

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

शंकराचार्य से विधायक मंगल कालिंदी ने लिया आशीर्वाद

जमशेदपुर, एजेंसी। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने द्वारका शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती जी महाराज से जुगसलाई में बुधवार को मुलाकात की और उनसे आशीर्वाद लिया। जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के एमइ स्कूल रोड स्थित राजस्थान शिव मंदिर में श्री गुरुदेव सेवा समिति के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें शिरकत करने शंकराचार्य पहुंचे हैं। विधायक उनसे वहीं पर मिले।

शहरी इलाके के चेकनाकों की हुई जांच

जमशेदपुर, एजेंसी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, एसएसपी, सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी ने संयुक्त रूप से शहरी इलाके से सटे चेकनाका, कलस्टर व बूथों का निरीक्षण किया है। इस दौरान चेक नाका में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी को वाहनों की चेकिंग करने को लेकर आवश्यक दिशा -निर्देश दिया गया। उन्हें बताया गया कि किसी भी तरह बिना जांच के कोई भी वाहन चेकपोस्ट को पार नहीं करे। यह जांच शहरी इलाके के चेकनाकों की हुई है।

बगोदर में फुटपाथ दुकानों में लगी आग, 10 दुकानें जल कर राख, लाखों का नुकसान

गिरिडीह, एजेंसी। गिरिडीह जिले के बगोदर बाजार में सुबह आग लग गई। आगजनी में लगभग 10 दुकानें पूरी तरह जल गई। वहीं उसमें रखे सभी तरह के सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद राजधनवार से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक दुकानें जल चुकी थी। इस घटना में लाखों रुपए की संपत्ति पूरी तरह से जलकर राख हो गया है ।आग कैसे लगी इसकी जानकारी किसी को नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही विधायक विनोद सिंह घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने क्षतिपूर्ति का जायजा लिया। बगोदर बाजार के जीटी रोड के किनारे स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में आग लगी थी। आगजनी में एक स्टूडियो, एक पान दुकान, जनरल स्टोर की दुकान, मीट दुकान, बैग दुकान और सब्जी की दुकानें जली हैं। घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ धनंजय कुमार राम व थाना प्रभारी सुख सागर सिंह चौधरी दल- बल के साथ पहुंचे हुए थे।

झारखंड के सरकारी स्कूलों को सुधारने की कवायद, लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों का रोका जाएगा वेतन

रांची, एजेंसी। झारखंड के सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए लागू किये गए ह्यप्रोजेक्ट इंपैक्टह्ल के आकलन पत्र भरने में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी। उन शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का वेतन भी रोका जाएगा। स्कूलों को 28 मार्च की शाम पांच बजे तक प्रोजेक्ट इंपैक्ट की आकलन शीट भरकर जमा करने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा बैठक में दी। आदित्य रंजन ने कहा कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट की असेसमेंट शीट को केवल भरना नहीं है। असेसमेंट शीट में दिए गए मानकों के आधार पर स्कूलों में वातावरण विकसित हो, यह भी सुनिश्चित करना है। स्कूलों में केवल पढ़ाई नहीं, पाठ्येतर गतिविधियां भी जरूरी हैं। मई राज्य के सभी स्कूलों का राज्यस्तरीय टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया जायेगा। आकलन शीट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप फाइव स्कूलों को राज्यस्तर पर सम्मानित किया जायेगा। लास्ट फाइव परफॉर्म करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

हॉट सीट दुमका पर जेएमएम-बीजेपी के बीच होगा घमासान,

गुरुजी के दुर्ग में बड़ी बहू सीता की अग्निपरीक्षा

दुमका, एजेंसी। लोकसभा 2024 के चुनाव में झारखंड की दुमका सीट पर एक बार फिर से सबकी निगाह पर होगी। भले ही इस सीट पर चुनाव सबसे अंत सातवें चरण में एक जून को होगी, लेकिन चुनावी दांव-पेंच और बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों के कारण अभी से यह सीट हॉट हो गई है।

दरअसल दुमका सीट की पहचान झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से है। दिसोम गुरु के नाम से विख्यात शिबू सोरेन इस सीट पर 1980 से अब तक सात बार सांसद चुने गए हैं। हालांकि वर्ष 2019 में वह भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोरेन से चुनाव हार गए थे। वर्तमान में शिबू सोरेन राज्यसभा के सदस्य हैं। अस्वस्थता के कारण इसकी प्रबल संभावना है कि वह 2024 के चुनावी दंगल में नहीं उतरेंगे।

ऐसी स्थिति में झामुमो की ओर से गुरुजी के इस परंपरागत दुर्ग दुमका सीट पर पहली बार उनकी बड़ी बहू सीता सोरेन का चुनाव से ठीक पहले पाला बदल कर भाजपा के टिकट पर दंगल में कूदने के बाद यहां का मुकाबला रोचक तो हो गई है। साथ ही इस सीट पर सीता की अग्निपरीक्षा भी होगी। दूसरी ओर गुरुजी की जगह दमदार प्रत्याशी चयन को लेकर झामुमो में मंथन जारी है।

दुमका लोकसभा सीट के दायरे में पड़ने वाली जामा विधानसभा सीट ने झामुमो नेताओं को ताकत दी है। शिबू सोरेन जब 1984 में दुमका संसदीय सीट पर कांग्रेस के पृथ्वीचंद किस्कू से हारे थे, तब 1985 में वह जामा विधानसभा सीट से चुनकर विधानसभा पहुंचे थे। वैसे जामा विधानसभा सीट पर झामुमो का कब्जा 1980 से लगातार रहा है। बीच में सिर्फ एक बार वर्ष 2005 में भाजपा के सुनील सोरेन शिबू सोरेन के बड़े पुत्र स्व.दुर्गा सोरेन को हराने में सफल हुए थे।

स्व.दुर्गा इस सीट से पहली बार 1995 में विधायक चुने गए थे। इसके वह वर्ष 2000 का चुनाव जीते थे लेकिन 2005 में भाजपा के सुनील सोरेन से हारकर जीत की हैट्रिक लगाने से चूक गए थे। उनके आकस्मिक निधन के बाद वर्ष 2009 से लगातार 2019 तक उनकी पत्नी सीता सोरेन जीत की हैट्रिक लगाकर पारिवारिक विरासत को आगे बढ़ा रही थीं। अचानक से बदले हुए राजनीतिक हालात में अब सीता झामुमो के तीर-कमान को छोड़ भाजपा के कमल को थाम कर जामा से दिल्ली की छलांग लगाने का निर्णय लिया।ऐसी चर्चा है कि भाजपा के रणनीतिकारों ने संताल परगना में झामुमो के दुर्ग को ध्वस्त करने के लिए माइक्रो लेबल पर ब्लू प्रिंट तैयार किया है। इसके तहत ही झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को न सिर्फ भाजपा में शामिल किया गया है, बल्कि उन्हें पूर्व में घोषित व दुमका से सीटिंग सांसद सुनील सोरेन को हटाकर दुमका के दंगल में उतारा गया है।

राजनीति को करीब से समझने वाले लोगों का मानना है कि अगर दुमका सीट पर सीता सोरेन जीतने में सफल रही तो इसका दूरगामी परिणाम भाजपा को आगे भी मिल सकेगा। सोरेन परिवार की बड़ी बहू होने के नाते सीता इस इलाके में भाजपा के लिए तुरूप का पत्ता साबित हो सकती है और इसके जरिए भाजपा संताल परगना में अपनी पैठ मजबूत कर सकती है।

दुमका ही नहीं संताल परगना को झामुमो का अभेद दुर्ग इसलिए माना जाता है कि क्योंकि दुमका सीट से शिबू सोरेन 1980 से अब तक सात बार सांसद चुने गए हैं। जबकि यहां की 18 विधानसभा सीटों में से नौ पर अकेले झामुमो का कब्जा है। इसमें सभी सात अनुसूचित जनजाति आरक्षित विधानसभा की सीटें भी शामिल है।

शिबू सोरेन पहली बार 1980 में दुमका से सांसद चुने गए थे। हालांकि 1984 में वह कांग्रेस के पृथ्वीचंद किस्कू से चुनाव हार गए थे। इसके बाद उन्होंने 1989, 1991 और 1996 में हुए लोकसभा चुनावों में जीत की हैट्रिक लगाई। वर्ष 1998 में भाजपा के बाबूलाल मरांडी से हार गए थे। फिर वर्ष 2002, 2004, 2009 एवं 2014 में चुनाव जीतकर अपनी ताकत का एहसास करा चुके हैं।

1995 में विधायक बने थे स्व.दुर्गा शिबू सोरेन के बड़े पुत्र स्व.दुर्गा सोरेन जब सक्रिय राजनीति में कदम रखे तब उन्हें झामुमो की परंपरागत जामा विधानसभा सीट से चुनावी दंगल में उतारा गया था। वर्ष 1995 में पहली बार वह विधायक चुने गए और इसके फिर 2000 में भी वजह चुनाव जीतने में सफल हुए थे। वर्ष 2005 के चुनाव में उन्हें भाजपा के सुनील सोरेन ने शिकस्त दी थी।

घर में घुसकर पूर्व कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू समेत दो की हत्या, इस केस में पैरोल पर थे बाहर

चैनपुर (पलामू), एजेंसी। चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर-सीमाटांड़ में बुधवार को दिन-दहाड़े घर में घुसकर पूर्व कांग्रेसी नेता राजमोहन पोलू सहित एक अन्य युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार दोपहर करीब 12 बजे की है। अज्ञात अपराधियों ने राजमोहन पोलू के घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया।

राजमोहन पोलू अपने पड़ोसी की हत्या में सजायाफ्ता था। कुछ माह पहले ही वह पैरोल पर छूटकर बाहर आया था। उसकी हत्या की सूचना मिलते ही पलामू एसपी रीष्मा रमेशन, सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, चैनपुर इंस्पेक्टर जीतराम महली घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। घटनास्थल से पुलिस को टूटा हुआ बंदूक मिला है। पुलिस ने दोनों शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया।

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। इसके बाद हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा। दूसरी ओर घटना में मृत एक अन्य युवक की पहचान राकेश कुमार दास के रूप में हुई। राकेश कुमार दास पेशे से बिजली मिस्त्री था।

वह बुधवार को राजमोहन पोलू के घर बिजली के फाल्ट को ठीक करने गया था। इसी दौरान ही गोली चलने की घटना में राजमोहन पोलू के साथ उसकी भी मौत हो गई। जहां से राकेश दास का शव मिला है वहां से पुलिस ने प्लास सहित बिजली जोड़ने के अन्य सामान मिले हैं।

पूर्व कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का नेता था। राजमोहन ने जनवरी, 2016 में जमीन विवाद में अपने पड़ोसी आलोक मिस्त्री की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस अनुसंधान में राजमोहन पोलू के खिलाफ सबूत मिले थे, जिसके आधार पर कोर्ट ने राजमोहन पोलू को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की सजा सुनाई थी।

होली में बंद पेट्रोल पंप पर सजीं अवैध दुकानें, दो दिन में 3 लाख के पेट्रोल बेचे

रांची, एजेंसी। पेट्रोल अत्यंत ज्वलनशील तरल पदार्थ है। इसे प्लास्टिक या गैलन में भरकर बेचना कानूनन अपराध है। इसके बावजूद होली में दो दिन बंद पेट्रोल पंप परिसर में कुछ युवकों ने अवैध तरीके से अपनी दुकानें सजाईं। एक लीटर वाली प्लास्टिक की बोतलों में पेट्रोल भरकर बेचे। दरअसल, होली को लेकर सोमवार को पेट्रोल पंप बंद थे। इसका फायदा उठाते हुए लालपुर के आसपास के युवक प्लास्टिक की बोतलों में पेट्रोल भरकर आए और पेट्रोल पंप के पास रखकर बिक्री करने लगे। वे बोरे में पेट्रोल भरी बोतल लाए थे। जिन लोगों को जानकारी मिली, वे वाहनों के साथ वहां पहुंचे और पेट्रोल भरवाया। वाहनों की लाइन लगी रही। एक अनुमान के अनुसार, सोमवार और मंगलवार को मिलाकर करीब तीन लाख रुपए के पेट्रोल अवैध रूप से बेचे गए।

सोमवार और मंगलवार को रांची में पेट्रोल की कीमत 3.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.81 रुपए प्रति लीटर थी। लेकिन पेट्रोल पंप में अवैध दुकानें लगाकर बिक्री कर रहे युवकों ने 150 रुपए प्रति लीटर तक वसूले। कुछ वाहन सवारों से तो 175 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल की कीमत वसूली। वाहन चालकों ने इतना अधिक दाम लेने पर टोका तो विक्रेताओं ने कहा कि हमलोग होली न खेलकर आपलोगों की सहूलियत के लिए पेट्रोल मुहैया करा रहे हैं। फिर भी आपलोग ऐसा बोल रहे हैं। अपनी खुशी छोड़ी है तो कुछ अधिक पैसा मांग रहे तो बख्शीश समझकर दे दीजिए। इस पर जरूरतमंद वाहन सवारों ने चुपचाप पेट्रोल लिया और पैसे देकर चल दिए।

इधर, इस संबंध में पेट्रोल पंप संचालक किशोर राठौर ने बताया कि खुले में पेट्रोल पंप बेचने वालों की यह करतूत है। हमारी ओर से ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। सोमवार को पेट्रोल पंप पूरी तरह से बंद रहा। वहीं मंगलवार को सिर्फ सुबह में कुछ देर के लिए पंप खोला गया था।

लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की तैयारी धीमी, आखिर क्यों धीरे-धीरे हो रहा प्रत्याशियों का एलान

रांची, एजेंसी। झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की तैयारी अभी भी धीमी दिख रही है। खासकर प्रत्याशियों की घोषणा में आपसी खींचतान के कारण हो रही देरी टिकट की आस लगाए नेताओं की धड़कनें बढ़ा रही है। उधर, भाजपा के प्रत्याशी मैदान में मुस्तैद हो गए हैं।

लोकसभा चुनाव की आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के पूर्व झारखंड में भाजपा ने 14 में से 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए थे।

इसके बाद 25 मार्च को बची हुई दो सीटों पर भी बाद में उम्मीदवारों के नाम का एलान हो चुका है, जबकि एक सीट राज्य में भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी के लिए छोड़ी है।

प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के बाद क्षेत्र में आरंभिक जनसंपर्क से लेकर उनका प्रचार अभियान जोर पकड़ चुका है। इसके मुकाबले विपक्षी महागठबंधन की तैयारी की रफ्तार अभी धीमी दिख रही है, जो इनके द्वंद्व की ओर संकेत कर रहा है।

मार्च माह समाप्त होने को है, लेकिन महागठबंधन में सीटों को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं होने के कारण प्रत्याशियों के नाम पर जिच है। कांग्रेस ने बुधवार को केवल तीन सीटों के लिए प्रत्याशी की घोषणा की है।

लोहरदगा से सुखदेव भगत, हजारीबाग से जेपी पटेल और खूंटी से कालीचरण मुंडा को प्रत्याशी बनाया गया है। साथ ही शेष सीटों पर जल्द प्रत्याशी घोषित करने की बात कही है।

झामुमो में भी अभी घोषणा में देर है। कुछ सीटों पर झामुमो और कांग्रेस के बीच खींचतान भी चल रही है। झामुमो सिंहभूम के साथ-साथ लोहरदगा संसदीय सीट भी लेने पर अड़ा था।

हालांकि, लोहरदगा से अब कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित हो चुका है। कहा जा रहा है कि सिंहभूम को लेकर कांग्रेस आलाकमान झामुमो की बात मानने को तैयार है। उधर लालू प्रसाद की राजद भी दो सीटों से कम पर मानने को तैयार नहीं है।

महागठबंधन में सीटों को लेकर जिच की स्थिति की एक बड़ी वजह सर्वमान्य चेहरे की कमी भी है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कमी ऐसे मौके पर रणनीतिकारों को खल रही है। हेमंत सोरेन राजनीतिक निर्णय लेने में देरी नहीं करते थे और सटीक निर्णय लेते थे। कई मौके पर उन्होंने आगे बढ़कर जोखिम भी लिया।

अपने कैबिनेट के दिवंगत मंत्री हाजी हुसैन अंसारी और जगरनाथ महतो के उत्तराधिकारियों को चुनाव जीतने के पहले मंत्री बनाना इसका उदाहरण है। इसके अलावा राष्ट्रपति चुनाव एवं राज्यसभा चुनाव के दौरान भी उन्होंने फौरी और सटीक निर्णय लेने सबको चौंकाया था।

गठबंधन में खींचतान के बीच कांग्रेस का ऐलान, झारखंड की इन 3 सीटों पर उतारे प्रत्याशी

रांची, एजेंसी। झारखंड में इंडिया के घटक दलों में सीटों को लेकर चल रही रस्साकशी के बीच बुधवार देर शाम कांग्रेस ने राज्य की तीन सीटों के लिए प्रत्याशी का ऐलान कर दिया। खूंटी से कालीचरण मुंडा को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं हाल ही में भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए जय प्रकाश भाई पटेल को हजारीबाग और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत को लोहरदगा से उम्मीदवार बनाया गया है।

झारखंड में इंडिया के घटक दलों में सीटों को लेकर चल रही रस्साकशी के बीच बुधवार देर शाम कांग्रेस ने राज्य की तीन सीटों के लिए प्रत्याशी का ऐलान कर दिया। खूंटी से कालीचरण मुंडा को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं हाल ही में भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए जय प्रकाश भाई पटेल को हजारीबाग और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत को लोहरदगा से उम्मीदवार बनाया गया है।

दिल्ली में सीईसी की बैठक के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने केसी वेणुगोपाल ने तीनों नामों का ऐलान किया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय समिति की चेयरपर्सन सोनिया गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल और स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन केपी राणा के अलावा झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम शामिल हुए। इसमें नामों पर मंथन हुआ।

सीटों के ऐलान के बाद राजेश ठाकुर ने कहा कि शेष सीटों के उम्मीदवारों के नाम का ऐलान एक-दो दिन में कर दिया जाएगा। वहीं, आलमगीर आलम ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो में पहले ही सीट शेयरिंग को लेकर फार्मूला फाइनल हो गया है, जल्द बचे नामों का ऐलान होगा।

जयप्रकाश भाई पटेलः जयप्रकाश भाई पटेल पिछले दिन ही कांग्रेस में शामिल हुए। पटेल 2011 के विधानसभा उपचुनाव से ही मांडू से विधायक रहे हैं।सुखदेव भगतः सुखदेव भगत दूसरी बार कांग्रेस प्रत्याशी बने हैं। वे 2019 में लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुदर्शन भगत से 10363 वोटों से हार गये थे।कालीचरण मुंडाः कालीचरण मुंडा खूंटी से तीसरी बार कांग्रेस के प्रत्याशी बनाये गये हैं। वे 2014 और 2019 में भी कांग्रेस के प्रत्याशी थे। पर हार गए थे।

रांची लोकसभा सीट पर सस्पेंस बरकरार

लोकसभा की तीन सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों का ऐलान तो हो गया मगर रांची सीट पर सस्पेंस बना हुआ है। रांची से 2004 से ही सुबोधकांत सहाय प्रत्याशी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने 2004 और 2009 चुनाव में जीत दर्ज की थी, मगर 2014 और 2019 में हार गए थे। इस बार इस सीट से सुबोधकांत के अलावा कई लोग टिकट की दौड़ में शामिल बताए जा रहे है। इसलिए यहां अबतक सस्पेंस बना हुआ है।

इसी बीच, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी बुधवार को ही कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर से दिल्ली में मुलाकात की है। पूर्व रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी ने भी मीर से मिल चुनाव लड़ने की इच्छा जतायी है। केशव महतो कमलेश भी रांची सीट से ताल ठोक रहे हैं। ऐसे में सस्सेंस ज्यादा बढ़ गया है।

झारखंड में 'इंडिया' के बीच सीट पर रस्साकशी

झारखंड में कांग्रेस ने भले ही तीन सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है मगर गठबंधन के दलों पर अभी भी सीटों को लेकर खींचतान जारी है। महागठबंधन के घटक दल अपने-अपने दावे कर रहे हैं। झामुमो जहां किसी प्रकार का कोई फार्मूला तय नहीं होने की बात कर रहा है, वहीं राजद चतरा-पलामू सीट खुद के खाते में आने का दावा कर रहा है, जबकि कांग्रेस सीटों पर प्रत्याशी फाइनल कर रही है। इस बीच झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अभी तकनीकी रूप से इंडिया में सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। उधर, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि उनकी पार्टी की पलामू और चतरा सीट पर दावेदारी पुख्ता है। वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी के अन्य प्रत्याशियों का नाम जल्द घोषित होगा।

जदयू का बिहार में बोलबाला लेकिन झारखंड में झोली खाली, नीतीश की पार्टी कहां चूकी

रांची, एजेंसी। बिहार की सत्ता में लंबे समय से काबिज जनता दल यूनाइटेड (जदयू) इस बार एनडीए में रहते हुए बिहार की 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है, मगर बिहार के पड़ोसी होने के बावजूद जदयू झारखंड में आज तक एक भी लोकसभा सीट नहीं जीत सका। बीते कई चुनावों में जदयू ने झारखंड की बिहार से सटी सीटों पर प्रत्याशी उतारे लेकिन उसे मायूसी ही हाथ लगी।

संसदीय चुनावों का इतिहास उठाकर देखें तो जदयू झारखंड में कभी भी खास प्रभावशाली नहीं रहा। झारखंड गठन के बाद पार्टी वर्ष 2004, 2009 और 2014 का संसदीय चुनाव लड़ चुकी है। इन चुनावों में बिहार से सटे लोस सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। इन सीटों में पलामू, चतरा, गिरिडीह, कोडरमा और गोड्डा शामिल हैं। हर सीट पर पार्टी की न सिर्फ करारी हार हुई, बल्कि कुल वोटों का प्रतिशत 3.8 से गिरकर 0.7 तक पहुंच गया।

विधानसभा चुनावों में बेहतर रहा आगाज

लोकसभा चुनाव की तुलना में जदयू ने विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया। हालांकि यह प्रदर्शन केवल एक ही विधानसभा चुनाव तक सीमित रहा। वर्ष 2005 के विस चुनाव में पार्टी ने 18 सीटों पर उम्मीदवार उतारे। इसमें बाघमारा, डालटनगंज, छतरपुर, देवघर, मांडू, तमाड़ सीटों पर जीत मिली। हालांकि वोटों की बात की जाए तो कुल वोटों का मात्र 4 प्रतिशत ही मिला। वहीं 2009 के विस चुनाव में पार्टी ने 14 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, लेकिन जीत सिर्फ दो सीटों छतरपुर और तमाड़ में मिली। पार्टी को कुल वोटों का मात्र 2.8 प्रतिशत ही मिले। वर्ष 2014 के विस चुनाव में पार्टी 11 सीटों पर लड़ी, लेकिन जीत किसी भी सीट पर नहीं मिली। पार्टी का वोट प्रतिशत भी काफी गिरा और यह एक प्रतिशत तक पहुंच गया। वर्ष 2019 के विस चुनाव में पार्टी 45 सीटों पर लड़ी, लेकिन जीत किसी भी सीट पर नहीं मिली। वोट प्रतिशत गिरकर 0.7 प्रतिशत पहुंच गया।

झारखंड की तीन लोस सीटों पर जदयू ने की थी दावेदारी

झारखंड में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जदयू की प्रदेश कार्यसमिति ने बीते माह 16 फरवरी को बैठक कर हजारीबाग, चतरा और धनबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव पारित किया था। हालांकि, भाजपा ने जदयू को फिलहाल एक भी सीट नहीं दी है।

पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और बिहार से राज्यसभा सांसद खीरू महतो का कहना है कि प्रदेश संगठन और कार्यकर्ताओं की स्थिति से पहले ही राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराया जा चुका था। फैसला भी उन्हीं के हाथों में था। किसी संसदीय जुनाव में जीत नहीं मिलने पर महतो ने कहा कि शुरुआती दौर में पार्टी कमजोर थी, लेकिन आज वैसी स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक कुर्मी वोटरों की बात है तो यहां के कुर्मी 26 संगठन बनाकर राजनीति कर रहे हैं। कोई इस रुप में है, तो कोई दूसरे रुप में।

2004 चुनाव

2004 के लोकसभा चुनाव में जदयू ने पलामू, चतरा, गिरिडीह, गोड्डा और खूंटी संसदीय सीटों पर प्रत्याशी उतारे। पार्टी का कुल वोट प्रतिशत 3.8 था। पार्टी ने केवल पलामू सीट पर बेहतर प्रदर्शन किया। हालांकि, उम्मीदवार को हार मिली, लेकिन पार्टी यहां दूसरे स्थान पर रही। अन्य संसदीय सीटों पर पार्टी तीसरे या चौथे स्थान पर थी।

2009 चुनाव

2009 के चुनाव में पार्टी केवल पलामू व चतरा सीट पर चुनाव लड़ी। दोनों ही जगह प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। पार्टी को कुल वोटों का मात्र 1.2 प्रतिशत मिला।

2014 चुनाव

2014 के संसदीय चुनाव में पार्टी ने फिर से पलामू, चतरा, गिरिडीह, गोड्डा और कोडरमा संसदीय सीटों पर मैदान में उतरी। इसमें जदयू उम्मीदवारों को कुल वोट का मात्र 0.7 ही मिला। किसी भी सीट पर पार्टी का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा।

2019 चुनाव

वर्ष 2019 के संसदीय चुनाव में जदयू ने किसी भी लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं उतारा। जदयू तब एनडीए का हिस्सा था। झारखंड के 14 लोकसभा सीटों में से 13 पर भाजपा और एक पर आजसू लड़ी थी।

संक्षिप्त समाचार

भाजपा के लिए बड़ी चुनौतियां !

पिछले चुनाव जैसा महागठबंधन नहीं, राम मंदिर निर्माण से फायदा, पर सवाल भी कई...

लखनऊ, एजेंसी। आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा के लिए चुनौतियां भी कम नहीं है। 2014 और 2019 का प्रदर्शन अपनी जगह है। बेहतर परिणाम के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी। हारी और कम अंतर से जीती 20 से ज्यादा सीटों पर लड़ाई आसान नहीं है। विश्लेषक कहते हैं कि भाजपा यूपी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2014 में कर चुकी है। अब सभी 80 सीटें जीत

पाना तो दो पत्थरों के बीच दूब उगाने जैसा होगा। हालांकि, ऐसा करिश्मा आपातकाल के बाद हुए 1977 के आम चुनाव में हो चुका है। तब जनता पार्टी उस समय की सभी 85 सीटों पर अपना परचम फहराने में कामयाब हुई थी। सियासी पंडितों का तर्क है कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा 16 सीटें हार गई थी। उपचुनाव में आजमगढ़ और रामपुर दो सीटें जीतीं जरूर, लेकिन मुकाबला कड़ा रहा। सपा के गढ़ वाली मैनपुरी और कांग्रेस का किला रही रायबरेली दो ऐसी सीटें हैं, जो भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण रही हैं। पिछले चुनाव में हारी और कड़े मुकाबले वाली 20 से ज्यादा सीटों के हालात अब भी पिछले आमचुनाव से ज्यादा भिन्न नहीं हैं। उल्टा कई सीटों पर मोदी फैक्टर की जगह प्रत्याशी फैक्टर हावी है। अब तक घोषित 63 सीटों में से करीब 10 ऐसी हैं, जहां मतदाता इस बार भाजपा से नए चेहरे की उम्मीद कर रहा था। पर, पार्टी ने रामलहर का प्रभाव मानकर पुराने को ही उतार दिया।

तिरंगे में लिपटा जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो लोगों के छलके आंसू, नम आंखों से दी अंतिम विदाई

बलिया, एजेंसी। बलिया जिले के सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर गुरुवार को गांव पहुंचा तो घरवालों के साथ ही आसपास के लोगों की भी आंखों से आंसू छलक पड़े। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने नम आंखों से जवान को अंतिम विदाई दी। बलिया जिले के खेजुरी थाना क्षेत्र के

ग्राम भूड़ाडीह निवासी सीआरपीएफ जवान का तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर गुरुवार को जैसे ही गांव पहुंचा लोगों की आंखे छलक पड़ीं। नम आंखों से लोगों ने जवान को अंतिम विदाई थी। सम्मान के साथ जवान के पार्थिव शरीर को सुपुर्द खाक किया गया। परिजनों और रिश्तेदारों के साथ ही आसपास के लोगों ने श्रद्धांजलि दी। खेजुरी थाना क्षेत्र के गांव भूड़ाडीह निवासी सीआरपीएफ के जवान अख्तर हुसैन खान (58) 1985 में सेना में भर्ती हुए थे।

माफिया अतीक का शूटर बल्ली पंडित गिरफ्तार

भारी मात्रा में बम के साथ पकड़ा गया

प्रयागराज, एजेंसी। उमेश पाल हत्याकांड के मामले में संदिग्ध चल रहे बल्ली पंडित को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बमों का जखीरा बरामद हुआ है। रंगदारी के मामले में नाम आने के बाद पुलिस ने खोजबीन की तो वह पकड़ा गया। खुल्दाबाद में माफिया अतीक अहमद के शूटर बल्ली पंडित उर्फ सुधांशु त्रिवेदी ने बालू ठेकेदार को सरेराह तमंचा सटाकर दो लाख रंगदारी मांगी। 20 हजार रुपये भी ले लिए। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने रात में ही ताबड़तोड़ दबिश दी। साथ ही देर रात उसे चकिया से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 10 बम भी बरामद किए। थाने में देर रात तक उससे पूछताछ जारी थी। करेली के नयापूरा के रहने वाले श्याम पाल बालू-गिट्टी के ठेकेदार हैं। बुधवार शाम को वह खुल्दाबाद थाने पहुंचे। बताया कि 22 मार्च की रात लगभग आठ बजे वह दूध व खोवा लेने जा रहे थे। चौफटका पुल के नीचे उसे दो लोगों ने

जबरन रोक लिया। उनमें से एक ने खुद को अतीक का शूटर बल्ली पंडित बताया। फिर कहा कि मैंने पहले भी तुम्हे कहलवाया था कि धंधा करना है तो दो लाख रुपये देना पड़ेगा। इतना कहते हुए तमंचा निकालकर उसके सीने में सटा दिया। वादी का यह भी कहना है कि डरवश उसने अपने पास मौजूद 20 हजार रुपये आरोपी को दे दिए और हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए जान बचाई। घर पहुंचकर उसने परिजनों को जानकारी दी लेकिन डरवश पुलिस के पास नहीं आ सका। बुधवार को हिम्मत करके थाने पहुंचा और शिकायत की।

उमेश की हत्या से पांच दिन पहले मिलने पहुंची थी शाइस्ता

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, धूमनगंज के नीवा का रहने वाला बल्ली पंडित हार्डकोर अपराधी है। वह धूमनगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर कुल 15 मुकदमे दर्ज हैं। साबरमती जेल में रहने के दौरान वह अतीक के इशारे पर जमीन पर कब्जे और रंगदारी मांगने की वारदातों को अंजाम देता रहा। उमेश पाल हत्याकांड के बाद उसका नाम तब चर्चा में आया जब उसका शाइस्ता परवीन के साथ वीडियो वायरल हुआ। हत्याकांड से महज पांच दिन पहले 19 फरवरी 2023 को शाइस्ता बल्ली से मिलने उसके घर पहुंची थी। वहां से निकलते वक्त सभी की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस दौरान शाइस्ता के साथ पांच लाख का इनामी फरार शूटर साबिर भी नजर आया था।

राजू पाल पर दागे थे 40 राउंड फायर

सूत्रों का कहना है कि बल्ली पंडित का नाम तब चर्चा में आया था जब वर्ष 2002 में उसने पूर्व विधायक राजू पाल पर हमला किया था। हालांकि तब राजू पाल विधायक नहीं थे। बल्ली के पिता सीबीआई में डिप्टी एसपी थे। जिनका धूमनगंज में ही एक चाय की दुकान पर राजू पाल से विवाद हुआ था। राजू के धक्के से साइलेंसर पर गिरने के कारण बल्ली के पिता का पैर जल गया था। इसकी जानकारी होने पर नाराज हो गया और उसने राजू पाल पर सरेआम गोलियां बरसाईं। उसने अपने दो साथियों संग मिलकर राजू पर 40 से ज्यादा राउंड फायर दागे थे। कुछ सालों बाद एक बार फिर उसने राजू पाल पर हमला किया था, जिसमें वह बाल-बाल बच गए थे। बाद में उसका घर जला दिया गया था और इसका आरोप राजू पाल पर लगा था। इसके बाद ही अतीक उसके घर पहुंचा था और रुपये-पैसों से मदद कर उसे अपने गैंग में शामिल कर लिया था।

चकिया इलाके से पुलिस ने किया गिरफ्तार

मामले की जानकारी पर अफसरों ने अलग-अलग टीमें लगाकर आरोपी की तलाश शुरू कराई। धूमनगंज से लेकर पूरामुफ्ती और खुल्दाबाद में ताबड़तोड़ दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान ही देर रात चकिया इलाके से बल्ली को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से एक झोला बरामद हुआ है जिसमें 10 बम मिले हैं। पुलिस देर रात तक उससे पूछताछ में जुटी रही जबकि अफसर कुछ बोलने से इंकार करते रहे। एक अफसर ने नाम न छापने की शर्त पर सिर्फ इतना बताया कि बल्ली पंडित की तलाश में टीमें लगाई गई हैं।

कांग्रेस रायबरेली और अमेठी सीट पर अब भी मौन, बैठक में नहीं हुई चर्चा, लग रही हैं कई तरह की अटकलें

लखनऊ, एजेंसी। कांग्रेस की नई लिस्ट बुधवार देर शाम सामने आई। इसमें यूपी से चार उम्मीदवारों की घोषणा हुई। हैरत की बात यह है कि रायबरेली और अमेठी पर अभी भी चुप्पी कायम है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। बावजूद इसके कांग्रेस की पारंपरिक मानी जाने वाली रायबरेली और अमेठी

में अब भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो पाई है। बुधवार देर शाम कांग्रेस ने यूपी से चार प्रत्याशी घोषित तो किए हैं लेकिन इस लिस्ट में एक बार फिर से रायबरेली और अमेठी का नाम नहीं है। अमेठी और रायबरेली का नाम लिस्ट में ना होने से इन क्षेत्रों के कार्यकर्ता निराश होने के साथ असमंजस की स्थिति में हैं। पार्टी के पदाधिकारी सिर्फ वेट एंड वॉच की स्थिति में हैं। अमेठी और रायबरेली दोनों क्षेत्रों के नेता प्रियंका गांधी सहित दूसरे वरिष्ठ नेताओं से मिलकर गांधी परिवार के ही व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने की बात कह चुके हैं। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि वरुण गांधी इंडिया गठबंधन से अमेठी से उम्मीदवार हो सकते हैं। पीलीभीत की नामांकन प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद इन बातों को बल मिला है कि वरुण प्रत्याशी हो सकते हैं। कांग्रेस अमेठी और रायबरेली में कोई बड़ा नाम भी ला सकती है इस बात की संभावनाएं बरकरार हैं।

सीएम योगी ने मुजफ्फरनगर में मंच से चौधरी साहब को किया याद

बोले- एक वोट बदल सकता है देश की तकदीर

मुजफ्फरनगर, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मुजफ्फरनगर पहुंचे हैं। यहां वह प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत चौधरी चरणसिंह को याद करते हुए की। उन्होंने कहा कि जब से वोट सही हाथों में गया है, तब से अराजकता समाप्त हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मुजफ्फरनगर लोकसभा के प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे। सीएम योगी के कार्यक्रम के लिए सुबह से ही कार्यकर्ता पहुंचने शुरू हो गए। जिले के जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद स्कूल में आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान के चुनाव के लिए कार्यक्रम आहूत किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। सीएम योगी मंच पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने नारे लगाकर उनका स्वागत किया। सीएम योगी आदित्यनाथ मंच पर पहुंचे और चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए अपना संबोधन शुरू किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भागवत की भूमि को दुनिया शुकतीर्थ के रूप में जानती है। शुकतीर्थ को पुराना वैभव लौटाने का काम भाजपा सरकार ने किया। जनभावना के अनुरूप काम किया। दुनिया में किसी के पास पांच हजार वर्ष पुराना इतिहास नहीं, लेकिन मुजफ्फरनगर के पास है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब को सम्मान पहले मिलना चाहिए था। वर्ष 2004 से 2014 के बीच की सरकारों ने उन्हें यह सम्मान नहीं दिया। देश के विकास का रास्ता गांव और खलिहान से होकर जाता है, यह बात चौधरी साहब ने ही कही थी।

वरुण गांधी का पीलीभीत की जनता को पत्र

कहा- आम आदमी की आवाज उठाता रहूंगा



पीलीभीत, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी ने टिकट कटने के बाद गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को पत्र लिखकर आम आदमी की आवाज को उठाते रहने की बात कही है। वरुण गांधी ने अपने इस पत्र को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। उन्होंने पीलीभीत वासियों को प्रणाम कहते हुए लिखा है, एक सांसद के तौर पर मेरा कार्यकाल भले समाप्त हो रहा हो, पर पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। सांसद के रूप में नहीं, तो बेटे के तौर पर सही, मैं आजीवन आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध हूं और मेरे दरवाजे आपके लिये हमेशा पहले जैसे ही खुले रहेंगे। मैं राजनीति में आम आदमी की आवाज उठाने आया था और आज आपसे यही आशीर्वाद मांगता हूं कि सदैव यह कार्य करता रहूं, भले ही उसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े। मेरा और पीलीभीत का रिश्ता प्रेम और विश्वास का है, जो किसी राजनीतिक गुणा- भाग से बहुत ऊपर है। मैं आपका था, हूं और रहूंगा। अपने पत्र में पीलीभीत के साथ अपने पुराने रिश्तों को याद करते हुए वरुण गांधी ने लिखा, पीलीभीत वासियों को मेरा प्रणाम ! आज जब मैं यह पत्र लिख रहा हूं, तो अनगिनत यादों ने मुझे भावुक कर दिया है। मुझे वो 3 साल का छोटा सा बच्चा याद आ रहा है जो अपनी मां की उंगली पकड़ कर 1983 में पहली बार पीलीभीत आया था, उसे कहां पता था एक दिन यह धरती उसकी कर्मभूमि और यहां के लोग उसका परिवार बन जाएंगे। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे वर्षों पीलीभीत की महान जनता की सेवा करने का मौका मिला। महज एक सांसद के तौर पर ही नहीं, बल्कि एक व्यक्ति के तौर पर भी मेरी परवरिश और मेरे विकास में पीलीभीत से मिले आदर्श, सरलता और सहृदयता का बहुत बड़ा योगदान है। आपका प्रतिनिधि होना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और मैंने हमेशा अपनी पूरी क्षमता से आपके हितों के लिए आवाज उठाई।

मैं आपका था, हूं और रहूंगा...

- **पीलीभीत से अंतिम सांस तक खत्म नहीं होगा रिश्ता** - आज जब मैं यह पत्र लिख रहा हूं, तो अनगिनत यादों ने मुझे भावुक कर दिया है। उन्होंने अपने बचपन की यादों को साझा करते हुए लिखा, मुझे वो तीन साल का छोटा सा बच्चा याद आ रहा है, जो अपनी मां की अंगुली पकड़कर 1983 में पहली बार पीलीभीत आया था, उसे कहां पता था कि एक दिन यह धरती उसकी कर्मभूमि और यहां के लोग उसका परिवार बन जाएंगे।
- **...भले ही उसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े**- पत्र में आगे लिखा कि एक सांसद के तौर पर मेरा कार्यकाल भले समाप्त हो रहा हो, पर पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। मैं राजनीति में आम आदमी की आवाज उठाने आया था और आज आपसे यही आशीर्वाद मांगता हूं कि सदैव यह कार्य करता रहूं, भले ही उसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े। उन्होंने पीलीभीत से अपने रिश्ते को सियासी गुणा-भाग से बहुत ऊपर बताया। अंत में लिखा- मैं आपका था, हूं और रहूंगा।

आंकड़ों की गवाही: 64 बनाम 33 की लड़ाई...

पांच साल में भाजपा-कांग्रेस दोनों के वोट बैंक में इजाफा

वाराणसी, एजेंसी। कांग्रेस प्रत्याशी के नाम के एलान के साथ ही वाराणसी संसदीय सीट पर सियासी तस्वीर थोड़ी साफ हुई है। इस सीट पर भाजपा का सीधा मुकाबला विपक्षी गठबंधन से है। भाजपा से खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मैदान में हैं जबकि इंडी गठबंधन से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय तीसरी बाद मोदी से मुकाबला करेंगे। विपक्षी गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के खाते में आई है। इस सीट पर अजय राय इकलौते ऐसे प्रत्याशी हैं जो तीसरी बार प्रधानमंत्री को चुनौती पेश करेंगे। मालूम हो कि 2019 के चुनाव में नरेंद्र मोदी को 6,74,664 वोट मिले थे। उन्हें पिछले चुनाव से 7.26 फीसदी ज्यादा यानी 63.62 फीसदी मत प्राप्त हुए थे। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी शालिनी यादव दूसरे स्थान पर थीं। उन्हें 1,95,159 मत प्राप्त हुए थे। सपा को 2014 के मुकाबले 14.01 फीसदी ज्यादा यानी 18.40 फीसदी वोट मिले थे। कांग्रेस के अजय राय तीसरे स्थान पर थे। उन्हें 1,52,548 मत मिले थे। उन्हें भी 2014 के चुनाव से 7.04 फीसदी ज्यादा यानी 14.38 फीसदी मत हासिल हुए थे। 2019 के चुनाव में वाराणसी में 10,60,829 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मोदी ने यह चुनाव 4,79,505 मतों के बड़े अंतर से जीता था। 2014 में मोदी को मिले थे 56.37 फीसदी मत = 2014 में पूरे देश में बदलाव की लहर थी। भाजपा के पक्ष में माहौल बना और मोदी ने वाराणसी को अपनी सियासी कर्मभूमि बनाई।

इस चुनाव में उन्हें चुनौती देने दिल्ली से आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल वाराणसी आए। मोदी ने इस चुनाव में 5,81,022 मत हासिल कर 3,71,784 मतों के अंतर से एकतरफा जीत दर्ज की।

30 को नोएडा के प्रबुद्ध सम्मेलन में भी भाग लेंगे सीएम योगी

नोएडा, एजेंसी। । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन के जरिए लोगों से संवाद कर रहे हैं और अपना संदेश उन तक पहुंचा रहे हैं। इसी कड़ी में 30 मार्च को गौतमबुद्ध नगर में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में सीएम योगी शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिले के इंजीनियर, डॉक्टर, ऑफिसर और प्रोफेसर समेत कई लोग मौजूद रहेंगे। 30 मार्च को ग्रेटर नोएडा के जीएल बजाज इंस्टीट्यूट में लोकसभा प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी ने बताया है की सम्मेलन की तैयारियां पूरी का जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में तकरीबन 2000 लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया की दो दिनों तक बूथ पर टिफिन मीटिंग की जा रही है। इसमें कार्यकर्ता अपने घर से टिफिन लेकर आएंगे और एक साथ खाते हुए रणनीति पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि हमारा पहला लक्ष्य बूथ को मजबूत करना है। गौरतलब है कि गौतमबुद्ध नगर में तीनों प्रमुख पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए है। यहां सपा और कांग्रेस गठबंधन से राहुल अवाना और बसपा से राजेंद्र सोलंकी को प्रत्याशी घोषित किया गया है। वही भाजपा ने वर्तमान सांसद डॉक्टर महेश शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है।

सपा ने 2019 में भी सपा ने ऐन वक्त पर बदल दिया था प्रत्याशी, एसटी हसन ही नहीं इनका भी कटा था टिकट

मुरादाबाद, एजेंसी। मुरादाबाद सीट से 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर प्रत्याशी बदल गया है। इससे पहले कांग्रेस ने राज बब्बर का टिकट काट कर इमरान प्रतापगढ़ी को उम्मीदवार बनाया था। सपा ने 2022 के विधानसभा में भी दो विधायकों के टिकट काट दिए थे। यह पहला मौका नहीं है जब मुरादाबाद में सपा ने ऐन वक्त पर अपना प्रत्याशी बदला हो। इससे पहले 2019 में भी सपा ने ऐन वक्त पर अपना प्रत्याशी बदल दिया था। अब फिर से सपा ने डॉ. एसटी हसन का टिकट काट कर रुचि वीरा को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी सपा ने अपने दो विधायक के टिकट कटा दिए थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद में कांग्रेस ने राज बब्बर को प्रत्याशी बनाया था लेकिन कुछ दिन बाद ही कांग्रेस ने राज बब्बर का टिकट काट कर शायर इमरान प्रतापगढ़ी को उम्मीदवार बनाकर चुनाव मैदान में उतार दिया था। कांग्रेस के अलावा सपा ने भी 2019 में पहले नासिर कुरैशी को प्रत्याशी घोषित किया था।

संक्षिप्त समाचार

24 साल बाद बसपा दूसरी बार अलीगढ़ में मुस्लिम कार्ड खेलने की तैयारी मे

अलीगढ़, एजेंसी। अलीगढ़ में सियासी महासमर में बसपा के पत्ते खुलने का हर किसी को इंतजार है। हालांकि गुरूवार को प्रत्याशी के नाम की घोषणा हो सकती है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बसपा 24 साल बाद मुस्लिम कार्ड खेल सकती है। इससे पहले 1996 में हुए चुनाव में पार्टी ने अब्दुल खालिक को चुनाव लड़ाया था। बसपा विधानसभा व निकाय चुनावों में तो मुस्लिम चेहरे पर कई बार दांव लगाती आई है। वहीं लोकसभा चुनाव के पुराने इतिहास की बात करें तो 1984 में कांशीराम ने बसपा का गठन किया था। पहली बार 1989 में हाथी चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ था। हालांकि इस चुनाव में बसपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था। 1991 में भी प्रत्याशी को हार मिली थी। 1996 में बसपा ने अब्दुल खालिक को चुनाव लड़ाया था। इस चुनाव में बसपा रनर अप रही थी। हालांकि वोट प्रतिशत बढ़ा था। इस चुनाव में दलित-मुस्लिम गठजोड़ का फार्मूला काफी कामयाब हुआ था। बसपा का यह पिछले चुनावों के मुकाबले पार्टी का सर्वाधिक वोट प्रतिशत था। इस चुनाव के बाद से बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा। लेकिन अब मुस्लिम प्रत्याशी बसपा की टिकट से चुनाव मैदान में उतर सकता है। बसपा के राष्ट्रीय सचिव आज कर सकते हैं घोषणा: बसपा जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्रा ने बताया कि बसपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद मुनकाद अली, आगरा, अलीगढ़ व कानपुर मंडल प्रभारी सूरज सिंह प्रत्याशी की घोषणा करेंगे। पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनावी रण में उतरेगी।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर नाराज नेताओं को घर-घर मनाने पहुंच रही है। इस बीच कांग्रेस पार्टी की नाराज नेता और जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गई है। जगदलपुर की महापौर का बीजेपी में शामिल होना प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट की मुहम को बड़ा? झटका भी है। छत्तीसगढ़ में बस्तर लोकसभा सीट पर पहले चरण में मतदान होना है। जहां एक तरफ बस्तर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफ जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ले ली है। कांग्रेस पार्टी को चुनाव से पहले जगदलपुर से यह पहला बड़ा झटका लगा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरूण साव आज जगदलपुर में आज सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। जहां जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री के सामने भाजपा में सामिल हो गई हैं। कांग्रेस से भाजपा प्रवेश करने वालों में कांग्रेस सरकार में युवा आयोग के सदस्य रहे अजय सिंह ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है। वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव को लेकर बस्तर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी कोंटा से 6 बार के विधायक कवासी लखमा भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में नामांकन दाखिल करने पहुंचे हुए थे।

एल्विश की बढ़ेगी और मुश्किलें, 25 शिकायतों की जांच शुरू

नईदिल्ली, एजेंसी। बिग बॉस ओटीटी विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। नोएडा और गुरुग्राम में एल्विश के खिलाफ दर्ज मामलों में गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर उसके खिलाफ काफी लोगों ने टिप्पणी की है। कई लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया पर एल्विश का कटेंट और वीडियो भड़काऊ और आहत करने वाला होता है। लोगों ने इस बाबत पुलिस में शिकायत देनी शुरू कर दी है। गुरुग्राम के सेक्टर-53 थाने में ऑनलाइन माध्यम से 25 के लगभग शिकायतें पहुंची हैं। पुलिस ने इसकी जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार ज्यादातर शिकायतों में लोगों ने एल्विश के व्यवहार, उसके लहजे और टिप्पणी पर रोष जाहिर करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

सीएम सुक्खू के करीबियों को सौंपी कमान

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होने के सियासी घटनाक्रम के बाद कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश संगठन में अहम नियुक्तियां की हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी में दो कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति की। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आदेश पर संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संजय अवस्थी और चंद्रशेखर को प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का पत्र जारी किया है। सोलन जिला के अर्की से दूसरी बार के विधायक संजय अवस्थी वर्तमान सुक्खू सरकार में मुख्य संसदीय सचिव हैं। वहीं चंद्रशेखर मंडी जिला से कांग्रेस के एकमात्र विधायक हैं। वह धर्मपुर हल्के से पहली बार विधायक बने हैं।

संगठन की नियुक्तियों में सुक्खू की पसंद को तरजीह: हाईकमान ने इन नियुक्तियों में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पसंद को तरजीह दी है। दोनों विधायक मुख्यमंत्री के बेहद करीबियों में शामिल हैं। कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए संजय अवस्थी और चंद्रशेखर को विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का टिकट दिलाने में मुख्यमंत्री सुक्खू का अहम रोल रहा था। सुक्खू जब प्रदेश कांग्रेस के मुखिया थे, तब संजय अवस्थी और चंद्रशेखर को पहली बार कांग्रेस का टिकट मिला था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मुख्यमंत्री सुक्खू के बीच चल रही सियासी तनातनी के बीच इन नियुक्तियों को बेहद अहम माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन में सुक्खू के करीबियों को जगह देने से आलाकमान ने सरकार व संगठन में सामंजस्य बिठाने की कोशिश की है। इन नियुक्तियों के बहाने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने प्रतिभा सिंह को झटका दिया है, वहीं मुख्यमंत्री सुक्खू के सियासी कद को बढ़ाया है। प्रतिभा सिंह हॉट सीट मंडी से निवर्तमान लोकसभा सांसद हैं। इस सीट पर भाजपा ने सेलिब्रिटी कंगना रनौत को उतारा है। प्रतिभा सिंह ने पिछले दिनों मीडिया में बयान देते हुए लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार किया था। उन्होंने सुक्खू पर निशाना साधते हुए कांग्रेस संगठन की अनदेखी का भी आरोप लगाया था।

हालांकि कांग्रेस आलाकमान कई मर्तबा सुक्खू और प्रतिभा को लोकसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर चलने की हिदायत देती रही है। पिछले कल चंडीगढ़ में आयोजित हिमाचल प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक के दौरान प्रतिभा सिंह और सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि पार्टी एकजुट होकर लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव लड़ेगी तथा कांग्रेस को जीत हासिल होगी।

कांग्रेस आलाकमान ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में तीन कार्यकारी अध्यक्ष तैनात किये थे। राजेन्द्र राणा, पवन काजल और हर्ष महाजन को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। दिलचस्प बात यह है कि ये तीनों भाजपा में शामिल हो चुके हैं। पवन काजल और हर्ष महाजन विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस छोड़ भाजपा में आ गए थे। वर्तमान में पवन काजल भाजपा के विधायक हैं, तो हर्ष महाजन हाल ही में भाजपा से राज्यसभा सांसद के तौर पर निर्वाचित हुए हैं। कांग्रेस के विधायक रहे राजेन्द्र राणा ने पांच दिन पहले भाजपा का दामन थामा है। हिमाचल प्रदेश में कैबिनेट मंत्री चन्द्र कुमार और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

कोटा में नहीं थम रहा स्टूडेंट सुसाइड का सिलसिला, नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने लगाई फांसी

कोटा, एजेंसी। राजस्थान की शिक्षा नगरी कोटा इन दिनों छात्रों के सुसाइड से कलंकित होती जा रही है। 2 दिन पहले ही उत्तर प्रदेश निवासी मोहम्मद उरूज ने फांसी लगाकर जान दी थी। तो वहीं आज एक और कोचिंग छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा की पहचान उत्तर प्रदेश लखनऊ निवासी सौम्या के रूप में हुई है। कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। छात्रा के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। जिनके कोटा पहुंचने के बाद मामले में आगे जांच की जाएगी। एक्सपर्ट की माने तो कोटा में इन दिनों स्टूडेंट्स मानसिक तनाव से लड़ रहे हैं। इनमें पढ़ाई को लेकर दवाब के अलावा फैमिली प्रेशर, सहित अन्य दवाब भी सामने आए हैं। जिसकी वजह से स्टूडेंट्स अपने भविष्य को उज्जवल करने की जगह अपना अंत कर रहे हैं। एक्सपर्ट्स का यह भी कहना है कि पढ़ाई को लेकर कंपटीशन इतना बढ़ गया है कि जो स्टूडेंट्स अपने जिले में टॉपर हुआ करते थे। आज यहां पर अपने आप को भीड़ में पाकर मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। कई ऐसे स्टूडेंट्स के सुसाइड पर रिसर्च के दौरान सामने आया है कि परिजनों का भी दबाव ज्यादा देखने को मिला है। शिक्षा नगरी कोटा में छात्रों के सुसाइड के लगातार आंकड़े बढ़ने से अब चिंता सताने लगी है। साल 2024 में जनवरी से अब तक 8 छात्रों ने मानसिक तनाव के चलते सुसाइड किया है।

तेज धूप में दौसा की जनता को दंडवत प्रणाम, कांग्रेस के बागी नेता का अनोखा अंदाज

दौसा , एजेंसी। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। पार्टियां उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर रही हैं। जिससे कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल है। टिकट मिलने वाले उम्मीदवार भरोसे के लिए आभार जता रहे हैं तो टिकट नहीं मिलने से नाराज नेता नाराजगी जता रहे हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो बागी बनकर मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसा ही कुछ नजारा राजस्थान की दौसा लोकसभा सीट पर देखने को मिल रहा है। कांग्रेस ने यहां से मुरारी लाल मीणा को टिकट दिया है। आलाकमान के फैसले से नाराज नरेश मीणा ने निर्दलीय के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया। इसके बाद उन्होंने अनोखे अंदाज में लोगों से वोटों की अपील की। दौसा सीट से कांग्रेस के बागी नेता नरेश मीणा की एंट्री में मुकाबला काफी रोमांचक हो गया है। नामांकन दाखिल करन के बाद नरेश ने अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट के बाहर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान निर्दलीय उम्मीदवार तेज धूप में कनक दंडवत करते हुए कलेक्ट्रेट से सोमनाथ महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने कहा कि दौसा लोकसभा में 18 लाख से मतदाता हैं। हर एक वोटर तक पहुंचना मुश्किल है इसलिए लोगों को दंडवत प्रणाम करके लोगों से वोटों की अपील कर रहे हैं। मीणा ने हाल ही में कांग्रेस में वापसी की थी। उन्होंने बताया कि उन्हें आश्वासन दिया गया था कि दौसा सीट से उन्हें ही कांग्रेस का उम्मीदवार बनाया जाएगा लेकिन मुरारी लाल मीणा को टिकट दे दिया गया। उन्होंने बताया कि वे परिवारवाद के खिलाफ मैदान में उतरे हैं। मुरारी लाल अपनी पत्नी को सांसद और विधायक का चुनाव लड़ा चुके हैं। जबकि बेटी आरयू अध्यक्ष का चुनाव लड़ चुकी है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें जनता का साथ मिल रहा है। आगामी चुनाव में जनता चाहेगी तो उन्हें ही यहां जीत मिलेगी। नरेश मीणा ने कांग्रेस से बगावत करके छिपाबड़ौद से निर्दलीय चुनाव लड़ा था। बगावत करने की वजह से पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया था। हाल ही में जब उन्होंने दौसा से चुनाव लड़ने का ऐलान किया तो करीब छह दिन पहले उन्हें वापस पार्टी में शामिल किया गया।

विधायक को लोकसभा का टिकट मिलने से नाराज कांग्रेसी नेता बैठा धरने पर, कांग्रेस भवन के बाहर जमीन में मौन प्रदर्शन

बिलासपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेसी नेताओं के विरोध के सुर देखने के लिए मिल रहे हैं। लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम के ऐलान के बाद कांग्रेस पार्टी में नाराजगी अब बाहर निकाल कर आने लगी है। इस बीच बिलासपुर लोकसभा सीट से दावेदारी कर रहे कांग्रेस के नेता को टिकट नहीं मिलने पर अब वह कांग्रेस भवन के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। कांग्रेस नेता का आरोप है कि बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से लोकल प्रत्याशी को ना उतारते हुए दूसरी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी को चुनाव लड़ाया जा रहा है। उनका मानना है कि कांग्रेस बिलासपुर के नेताओं का अपमान कर रही है। देवेंद्र यादव को नाम का ऐलान हुए अभी 24 घंटे का वक्त भी पूरा नहीं हुआ था कि बिलासपुर में कांग्रेसी अब विरोध में उतर आए हैं। बिलासपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी देवेंद्र यादव का विरोध करते हुए कांग्रेस पार्टी के नेता नगर पंचायत बोदरी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश कौशिक धरने पर बैठ गए हैं।

सुभाष चंद्र बोस थे देश के पहले प्रधानमंत्री, मोदी सूरज तो उनके आगे विपक्षी नेता मोमबत्ती: कंगना रनौत

मंडी, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जब से हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत को अपना उम्मीदवार बनाया है वह फिर से सुर्खियों में आ गई है। उनके खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने विवादित बयान देकर आग में घी डालने जैसा काम किया है। कंगना ने उनपर जोरदार पलटवार किया है। इस पूरे प्रकरण पर कंगना का ताजा बयान सामने आया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सूर्य और विपक्षी पार्टी के नेताओं को मोमबत्ती करार दिया है।

एक इंटरव्यू में कंगना ने कहा, विपक्ष के तमाम बड़े नेता करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। वे सभी एक जगह इकट्ठा तक नहीं हो सकते हैं। अगर आप पीएम मोदी से उनकी तुलना करते हैं तो वह सूरज की तरह चमकेंगे और विपक्षी उनके सामने मोमबत्ती भी नहीं हैं।

इसके अलावा कंगना रनौत ने आजाद हिंद फौज के संस्थापक और महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस को देश का पहला प्रधानमंत्री करार दिया है। कंगना ने कहा, एक व्यक्ति जिसने हमें अपना खून बहाकर आजादी दिलाई। जर्मनी से जापान तक आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्हें इस देश का प्रधानमंत्री क्यों नहीं बनाया गया? आखिर वह कहां गायब हो गए?

कंगना की उम्मीदवारी की घोषणा होते ही उनके पुराने बयान भी वायरल हो रहे हैं। एकबार उन्होंने कहा था कि देश को 2014 में ही सही मायने में आजादी मिली है। इससे जुड़े एक सवाल के जवाब में कंगना रनौत ने कहा लोग उन्हें इस मामले पर ट्रोल कर सकते हैं, लेकिन ऐसे लोगों को मेरे से आकर बात करनी चाहिए। और मुझे यह बताना चाहिए कि मैंने कैसे यह गलत बोला है। कंगना ने कहा, क्या स्वतंत्रता सिर्फ जेल से बाहर निकलने तक ही होती है? नहीं, उन्होंने कोई न्याय व्यवस्था नहीं बनाई। कंगना ने आगे कहा, हमें अपनी विचारधारा से आजादी नहीं मिली। हमें सोचने की भी आजादी नहीं मिली। हमें अपने लिए लोग चुनने की आजादी नहीं मिली। हमें धार्मिक आजादी भी नहीं मिली।

कंगना ने इस सवाल का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, शाहरुख खान की 10 वर्षों तक फिल्में नहीं चलीं। फिर पठान चली। मेरी भी 7-8 साल फिल्में नहीं चलीं। फिर क्वीन चली। फिर 3-4 वर्षों में मणिकर्निका चली। अभी भी इमरजेंसी आ रही है। हो सकता है कि वह बहुत हिट रहे। कंगना ने कहा है कि समय आब काफी बदल चुका है। ओटीटी का दौर है। कलाकारों के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर और प्लेटफॉर्म है।

2.36 लाख में बिके सिर्फ 9 नींबू, शक्ति जानकर आप भी हो जाएंगे हैरान

विल्लुपुरम, एजेंसी। तमिलनाडु के विल्लुपुरम मंदिर में भगवान की मूर्ति के साथ लगे भाले पर नींबू चढ़ाया जाता है। इसके बाद इन नींबूओं की बोली लगाई जाती है। बीते मंगलवार को भी इसकी नीलामी की गई और 9 नींबू 2.36 लाख रुपये में बिके। ऐसी मान्यता है कि जिन दंपतियों को संतान नहीं होता है, उन्हें इसके पानी का सेवन करने से संतान की प्राप्ति होती है और परिवार में समृद्धि भी आती है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक एक ग्रामीण ने कहा, मंदिर अपने पवित्र नींबूओं के लिए प्रसिद्ध है। लोगों का दृढ़ विश्वास है कि भगवान मुरुगा के भाले में लगे नींबू में जादुई शक्तियां हैं। आपको बता दें कि वार्षिक पंगुनी उथिरम उत्सव के दौरान विल्लुपुरम के तिरुवनैनल्लूर गांव में दो पहाड़ियों के संगम पर स्थित एक छोटे से मंदिर में सैकड़ों निःसंतान जोड़े भगवान मुरुगा के दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा नीलाम किए गए नींबू के लिए बोली लगाते हैं। एक दूसरे ग्रामीण ने कहा, निःसंतान दंपति नींबू खरीदते हैं क्योंकि ऐसी दृढ़ मान्यता है कि नींबू बांझपन को ठीक करता है। व्यापारी और व्यवसायी अपने व्यापारिक उद्यमों में समृद्धि की तलाश में नींबू खरीदते हैं। यह त्योहार नौ दिनों तक चलता है। मंदिर के पुजारी हर दिन एक नींबू काटते हैं। उत्सव के आखिरी दिन मंदिर प्रबंधन नींबू की नीलामी करता है। त्योहार के पहले दिन भाले पर लगा नींबू सबसे शुभ और शक्तिशाली माना जाता है। कुलाथुर गांव के एक कपल ने 50,500 रुपये में नींबू खरीदा। नींबू के लिए बोली लगाने के बाद उन्होंने स्नान किया और मंदिर के पुजारियों के सामने घुटने टेककर उन्हें प्राप्त किया।

पत्नी कांग्रेस उम्मीदवार, आईपीएस अफसर को दर-बदर करे सरकार; भाजपा की चुनाव आयोग से गुहार

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कर राज्य के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हेमंत निंबालकर को तत्काल सरकारी कामकाज से मुक्त करने और राज्य से दर-बदर करने की मांग की है। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा है कि चूंकि निंबालकर की पत्नी अंजलि निंबालकर कांग्रेस के टिकट पर उत्तर कन्नड़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं, इसलिए उन्हें राज्य से बाहर किया जाय ताकि वह किसी को भी अपने पद और प्रभाव से प्रभावित ना कर सकें। आयोग को लिखी चिट्ठी में भाजपा ने कहा है कि निंबालकर को चुनाव संबंधी सभी कार्यों से मुक्त कर दिया जाए क्योंकि ऐसा नहीं करने से हितों का टकराव होगा। फिलहाल निंबालकर सूचना और जनसंपर्क विभाग के आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की वापसी के बाद उनकी नियुक्ति इस पद पर हुई है। उनकी पत्नी पिछले विधानसभा चुनाव में खानापुर सीट से भी चुनाव लड़ चुकी हैं, जहां उन्हें भाजपा के विट्ठल हलगेकर ने शिकस्त दी थी।

शिकायत दर्ज कराने वाले भाजपा के विधान पार्षद सी नारायणस्वामी ने कहा कि उन्होंने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से निंबालकर को किसी अन्य राज्य में तैनात करने का आग्रह किया है, क्योंकि वह आम चुनावों में अपनी शक्ति या प्रभाव का इस्तेमाल कर सकते हैं। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा है, वह एक प्रभावशाली और सीनियर आईपीएस अफसर हैं।

केजरीवाल को देना होगा इस्तीफा या लगेगा राष्ट्रपति शासन ?

नईदिल्ली, एजेंसी। कथित शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से ही राजधानी की सरकार को लेकर सस्पेंस और सवाल बढ़ गए हैं। केजरीवाल ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्हें पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया है या फिर यूं कहें कि वह ऐसे पहले सीएम हैं जिन्होंने अपनी गिरफ्तारी से पहले पद से इस्तीफा नहीं दिया। केजरीवाल का कहना है कि वह जेल से ही सरकार चलाएंगे। इस बीच दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने उनके प्लान को खारिज करते हुए साफ कर दिया है कि दिल्ली की सरकार जेल से नहीं चलेगी। एलजी की ना के बाद अब इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि दिल्ली में अब क्या होगा? क्या केजरीवाल को इस्तीफा देना होगा? क्या उनके पद ना छोड़ने पर राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है? या फिर इस खींचतान का परिणाम दिल्ली को भुगतना होगा? आइए देखते हैं आने वाले दिनों में क्या-क्या मुमकिन है।

आम आदमी पार्टी, दिल्ली सरकार और खुद केजरीवाल ने बार-बार कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद ही रहेंगे। आम आदमी पार्टी का कहना है कि केजरीवाल जेल में रहकर ही अपनी सरकार चलाते रहेंगे। संवैधानिक जानकारों का कहना है कि गिरफ्तारी की वजह से एक मुख्यमंत्री या मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। हां, 2 या 2 से अधिक साल की सजा मिलने पर सदन की सदस्यता छिन जाने का प्रावधान है। पूर्व विधानसभा सचिव एसके शर्मा ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में कहा है कि कानून में कोई ऐसा प्रावधान नहीं है कि गिरफ्तारी पर किसी मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना होगा या नया मुख्यमंत्री बनाया जाए। हालांकि, जेल से सरकार कैसे चल पाएगी, इसको लेकर सभी जानकार एकमत में सवाल उठा रहे हैं। एक मुख्यमंत्री को हर दिन कई बैठकें करनी होती हैं, फाइलों का निपटारा करना होता है, अफसरों को निर्देश देने होते हैं, यह सब काम जेल में रहकर केजरीवाल कैसे कर पाएंगे यह सबसे बड़ा सवाल है। यही वजह है कि कुछ एक्सपर्ट मानते हैं कि शासन-प्रशासन में दिक्कत आने पर केजरीवाल को पद छोड़ने का फैसला करना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि केजरीवाल को पीएमएलए केस में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें आसानी से जमानत नहीं मिलती। इसी केस में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद महीनों से जेल में बंद हैं। निचली से सबसे ऊपरी अदालत तक से उनकी जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। सिसोदिया और एक अन्य पीएमएलए केस में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन महीनों तक जेल में भी मंत्री रहे, लेकिन बाद में उनसे इस्तीफा ले लिया गया। ऐसे में माना जा रहा है कि यदि केजरीवाल को जल्दी जमानत नहीं मिली तो शासन-प्रशासन में दिक्कतों की वजह से उन्हें पद छोड़ने का फैसला भी लेना पड़ सकता है और दिल्ली को नया मुख्यमंत्री मिल सकता है। एलजी वीके सक्सेना ने कहा है कि दिल्ली की सरकार जेल से नहीं चलेगी। आम आदमी पार्टी और कुछ एक्सपर्ट एलजी की बात को इस बात का इशारा मान रहे हैं कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। वरिष्ठ वकील महिंदर सिंह कहते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

16 गेंद में फिफ्टी ठोकने वाले को युवराज सिंह नहीं करेंगे माफ

नईदिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2024 में बुधवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज मुंबई इंडियंस पर कहर बनकर टूटे। बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों- अभिषेक शर्मा (23 बॉल में 63 रन) और ट्रेविस हेड (24 बॉल में 62 रन) ने बल्ले से बवंडर लाया।

ऑस्ट्रेलिया को दो बार वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले ट्रेविस हेड ने जब 17 साल के मफाका को छक्का जड़ा तो फैंस को डेविड वॉर्नर की याद आई होगी। हेड ने 18 गेंद में अर्धशतक लगाकर स्त्रा के लिए सबसे तेज फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड तोड़ा तो अभिषेक शर्मा ने कुछ मिनट बाद ही 16 गेंदों में इस रिकॉर्ड को चकनाचूर कर दिया। ट्रेविस हेड ने अपनी पारी में 9 फोर और 3 सिक्स जड़े, तो वहीं अभिषेक ने कहीं ज्यादा कहर बरपाते हुए 3 फोर और 7 शानदार सिक्स लगाए। स्त्रा अब अपने अगले मैच में 31 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी।

अंदाजा नहीं था कि मैंने रिकॉर्ड तोड़ दिया

सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि ट्रैविस हेड उनके पसंदीदा बल्लेबाजों में से एक हैं। अभिषेक और हेड ने केवल 3.4 ओवर में 68 रन जोड़े। इसी पार्टरनशिप ने सनराइजर्स हैदराबाद को 20 ओवर में 277 रन तक पहुंचाने की नींव रखी। 31 रन से जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अभिषेक ने कहा कि पैट कमिंस और डेनियल विटोरी का संदेश बाहर जाकर खुलकर खेलने का था। अभिषेक ने कहा, ट्रैविस हेड मेरे पसंदीदा बल्लेबाजों में से एक है।

मैंने वास्तव में उसके साथ बैटिंग का आनंद लिया। ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता था कि मैंने स्त्रा के लिए सबसे तेज अर्धशतक बना दिया है। मैं बस अपना नेचुरल खेल खेलना चाहता था। आउट होने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि यह सबसे तेज अर्धशतक था और हां, मैंने इसका आनंद लिया।

चप्पल से स्वागत करेंगे युवराज सिंह

भारतीय टीम के सिक्सर किंग युवराज सिंह के नाम टी-20 इंटरनेशनल में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड है। 2007 टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ छह गेंद में छह छक्के जड़ते हुए सिर्फ 12 गेंद में फिफ्टी ठोकी थी। अब आईपीएल में 16 गेंद में फिफ्टी ठोककर अभिषेक शर्मा ने अपने गुरु को सलाम किया है।

मगर युवराज अपने चेले का स्वागत चप्पल से करना चाहते हैं। दरअसल, अभिषेक शर्मा की इस पारी को देखने के बाद युवराज ने ट्वीट किया, वाह सर अभिषेक वाह। कमाल की पारी लेकिन आउट होने के लिए क्या गजब शॉट लगाया। लातों के भूत बातों से नहीं मानते, अब खास चप्पल तुम्हारा इंतजार कर रही है। पंजाब से आने वाले अभिषेक शर्मा के खेल को निखारने में युवराज सिंह का बड़ा हाथ है। युवी को अभिषेक, शुभमन गिल और गुरकीरत मान का मेंटॉर माना जाता है।

क्वेना मफाका के लिए बुरा सपना बना IPL डेब्यू

हैदराबाद, एजेंसी । डेब्यू मैच में हर खिलाड़ी की कोशिश यही रहती है कि उसके लिए ये दिन यादगार रहे। हालांकि, हर खिलाड़ी का ये सपना पूरा नहीं होता। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस और हैदराबाद के बीच एक हाई स्कोरिंग मुकाबला खेला गया। जहां टीमों की ओर से रनों का अंबार लगा। इस रोमांचक मुकाबले एक अंडर-19 कैरेबियन स्टार क्वेना मफाका का आईपीएल डेब्यू भी हुआ। हालांकि, ये खिलाड़ी बुरी तरह फ्लॉप रहा।

मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने ल्यूक वुड की जगह क्वेना मफाका को प्लेइंग-11 में शामिल किया, जो 17 साल की उम्र में टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए अंडर-19 क्रिकेट के स्टार और साल की शुरुआत में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब हासिल करने वाले मफाका के लिए आईपीएल डेब्यू अच्छा नहीं रहा। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने उन्हें खूब टारगेट किया और उनके आईपीएल करियर के पहले मैच में उनके चार ओवर के स्पैल में 66 रन बटोरे।

ये आंकड़ा विदेशी गेंदबाजों के सबसे खराब स्पैल में गिना जाएगा। लेकिन मुंबई के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड और ब्रावो ने एसआरएच के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बावजूद युवा खिलाड़ी का समर्थन किया। ब्रावो ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा, अपना सिर ऊपर रखो चैंपियन!

क्वेना मफाका मुझे यकीन है कि आप कमबैक करेंगे और इस एकतरफा खेल के कारण अपने आप पर संदेह न करें, यह आपके लिए एक बड़ी चुनौती है और आप टूर्नामेंट के दौरान बेहतर होते जाएंगे! पोलार्ड ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, इस चीज से आगे बढ़ो चैंप, आपको अभी बहुत कुछ हासिल करना है। मुझे यकीन है कि आपके परिवार, दोस्तों को आप पर बहुत गर्व है। सफर में पहला दिन कठिन था, लेकिन आपने जिस तरह से हार नहीं मानी, वह अच्छा लगा।

बुमराह को इस्तेमाल करने की रणनीति समझ से परे : स्मिथ



हैदराबाद, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या के बुधवार रात आईपीएल 2024 मैच के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की पारी के 13वें ओवर तक जसप्रीत बुमराह को एक से ज्यादा ओवर न देने के फैसले की हर तरफ आलोचना हो रही है। मेजबान टीम ने 277/3 का स्कोर बनाया, जो आईपीएल के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर है। पावर-प्ले में एक ओवर फेंकने के बाद 13वें ओवर में ही बुमराह को दोबारा आक्रमण पर लगाया गया. इस समय तक, सनराइजर्स ने स्कोरबोर्ड पर 173-3 का मजबूत स्कोर बना लिया था, जिससे वे अपने स्कोरिंग में तेजी लाने के लिए मजबूत स्थिति में आ गए थे।

बुमराह ने 36 रन देकर अपना चार ओवर का कोटा पूरा किया, और 9 रन प्रति ओवर की इकॉनमी रेट के साथ एमआई के लिए सबसे किफायती गेंदबाज बनकर उभरे। क्रिकेट लाइव शो में स्टार स्पोर्ट्स से पांड्या की रणनीति के बारे में बात करते हुए, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव स्मिथ ने कहा कि वह मैच में एमआई के लिए गेंदबाजी में बदलाव से हैरान थे।

स्मिथ ने कहा, मैं मुंबई के लिए पहली पारी में उनके गेंदबाजी में कुछ बदलावों से हैरान था। चौथे ओवर में बुमराह ने गेंदबाजी की, उन्होंने 5 रन दिए और फिर हमने उन्हें 13वें ओवर तक दोबारा नहीं देखा, जब वे 173 रन पर थे। सारा नुकसान हो चुका था, आपको अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज की जरूरत थी जो वापस आये और उस अवधि में कुछ विकेट ले और मुझे लगता है कि वे उसे 13वें ओवर में वापस लाये तब तक मौका हाथ से निकल चुका था। स्मिथ ने आगे कहा कि अगर बुमराह को पहले आक्रमण में लगाया गया होता, तो हैदराबाद 240 पर सिमट जाती। जब गेंद इस तरह घूम रही होती है, तो आपको अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को अपनी इच्छा से पहले वापस लाना होता है। यह बस चलते-फिरते खुद को ढालने के बारे में है और मैं 15वें, 16वें ओवर तक बुमराह से पूरी गेंदबाजी करा चुका होता, कुछ विकेट लेने की कोशिश करता, अगर वह विकेट लेता है, तो आप वैसे भी गति धीमी कर देते हैं। अगर वह आदमी अंत में बल्लेबाजी कर रहा है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन गेंदबाजी कर रहा है, हमने आखिरी दो ओवरों में बुमराह के साथ ऐसा देखा और उन्हें भी उनके आखिरी दो ओवरों में मार पड़ी।

तो अगर वह पहले वापस आते और कुछ जोखिम लेते, तो चीजें वास्तव में अलग होतीं और उन्हें 277 रन मिले और उन्हें 240 तक कम किया जा सकता था और हो सकता है कि वे उनका पीछा कर लेते, इसलिए मैं बस हैरान था कि उन्होंने केवल 1 ओवर ऊपर फेंका था 13वें ओवर तक। स्थानीय खिलाड़ी तिलक वर्मा ने रन चेज़ में 34 गेंदों में 64 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन उनके प्रयास व्यर्थ गए क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस पर 31 रन से जीत दर्ज की।

स्मिथ ने कहा, यह अविश्वसनीय रूप से कठिन विकेट था, हमने टी20 मैच में अब तक सबसे अधिक रन देखे हैं, इसलिए आपको बल्लेबाजों को भी कुछ श्रेय देना होगा। मुझे लगता है कि उसने कुछ चीजें गलत कीं। मेरा मतलब है कि आप दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक को 1 ओवर गेंदबाजी नहीं करा सकते।

भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान भी पांड्या की कप्तानी और जब एमआई मुश्किल स्थिति में थी तो बुमराह को आक्रमण से दूर रखने के फैसले की आलोचना करने से पीछे नहीं हटे। पठान ने एक्स पर लिखा, हार्दिक पांड्या की कप्तानी कम से कम सामान्य रही है। जब गेंदबाजों की पिटाई चल रही थी तो बुमराह को बहुत लंबे समय तक दूर रखना मेरी समझ से परे था। उन्होंने लक्ष्य का पीछा करने के दौरान हार्दिक के बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट 120 की भी आलोचना की। पठान ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में लिखा, अगर पूरी टीम 200 के स्ट्राइक के साथ खेल रही है, तो कप्तान 120 के स्ट्राइक रेट के साथ बल्लेबाजी नहीं कर सकता।

संक्षिप्त समाचार

IPL 2024

मुंबई की हार के बाद सचिन तेंदुलकर ने संभाली कमान

नईदिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की शुरुआत काफी खराब रही है। 5 बार की चैंपियन इस सीजन में लगातार दो मैच हार चुकी है। मुंबई को अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में दोनों टीमों ने मिलकर 528 रन बनाए और 38 छक्के जड़े। इस रिकॉर्ड तोड़ आईपीएल मैच मुंबई को हार का सामना करना। इस मुकाबले में मिली हार के बाद महान सचिन तेंदुलकर ने ड्रेसिंग रूम का मनोबल बढ़ाने की जिम्मेदारी ली।

मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सचिन तेंदुलकर ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए नजर आए। सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मुंबई इंडियंस की पारी के दूसरे हिस्से में जब हम 278 रन का टारगेट चेज कर रहे थे, 10 ओवर हो चुके थे और किसी को नहीं पता था कि ये मैच कौन जीतेगा। ये मैच पूरी तरह से खुला हुआ था और टारगेट अचीव करने जैसा था। ये बताता है कि हमने काफी अच्छी बल्लेबाजी की। आगे और भी चुनौती आएंगी, इसलिए एक ग्रुप के तौर पर हमें एकजुट रहना है।

हैदराबाद के खिलाफ मिली हार के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि सबसे कठिन सैनिकों की सबसे कठिन परीक्षा होती है और हम टूर्नामेंट में सबसे कठिन टीम हैं। एक बल्लेबाजी समूह के रूप में हम जहां तक ??पहुंचे हैं, उसके करीब भी कोई आ सकता है तो वह हम हैं। जिस चीज पर मुझे वास्तव में गर्व है, वह हमारे गेंदबाज हैं। यहां तक कि जब दिन कठिन था, तब भी मैंने किसी को भागते हुए नहीं देखा। हर कोई गेंद अपने हाथों में चाहता था, मुझे लगता है कि यह एक अच्छा दृश्य है।इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाए, जो इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल में नया रिकॉर्ड है। इससे पहले किसी भी टीम ने आईपीएल मैच में इतना बड़ा स्कोर नहीं बनाया था। सनराइजर्स हैदराबाद ने भले ही 278 रनों का टारगेट दिया था। लेकिन मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, मगर वह टारगेट से 31 रनों से दूर रह गए। मुंबई ने इस टारगेट के जवाब में 246 रन बनाए। इस मैच में फैंस को खूब चौके-छक्के देखने को मिले।

डेविड वॉर्नर के साथ क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कर दिया खेल

नईदिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 2024-25 के लिए अपने सेंट्रल कान्ट्रैक्ट का ऐलान किया और इसमें आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे ओपनर बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को शामिल नहीं किया।

सिर्फ वॉर्नर ही नहीं इस बार सीए ने अपने इस अनुबंध में एस्टन एगर और मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ियों को भी इससे बाहर रखा। डेविड वॉर्नर ने कुछ दिनों पहले ही वनडे और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में खेल रहे हैं। इनके इलावा मार्कस हैरिस और माइकल नेसर को भी सालाना अनुबंध का हिस्सा नहीं बनाया गया है।

मेदवेदेव ने जैरी को हराया, मियामी में सिनर से सेमीफाइनल में टक्कर

फ्लोरिडा, एजेंसी।। दानिल मेदवेदेव ने चिली के निकोलस जैरी के दूसरे सेट के संघर्ष पर काबू पाते हुए 6-2, 7-6(7) से जीत दर्ज की और मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जानिक सिनर से भिड़ेंगे जो ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल का रीमैच होगा। मेदवेदेव ने पहले सेट में जैरी के14 के मुकाबले केवल तीन अप्रत्याशित गलतियां कीं, इससे पहले कि जैरी ने मैच में वापसी की और एक रोलरकोस्टर टाई-ब्रेक में दूसरा सेट चुराने के दो अंक के भीतर आ गए।

रिपोर्ट के अनुसार, लेकिन मेदवेदेव ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी जीत का सिलसिला नौ मैचों तक बढ़ाने का साहस दिखाया और अपने करियर में पहली बार खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने से दो जीत दूर रह गए हैं। यदि जैरी मेदवेदेव को हराते तो वह शीर्ष 20 में लौट आते और 2004 में फर्नांडो गोंजालेज के बाद मियामी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले चिलीवासी बन जाते। इससे पहले दिन में, सिनर ने वर्ष के अपने चौथे सेमीफाइनल में प्रवेश किया और मियामी ओपन में सीजन की अग्रणी 20वीं मैच जीत हासिल की। इटालियन खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेक खिलाड़ी टॉमस मचाक को 91 मिनट में 6-4, 6-2 से हरा दिया। सिनर, जो दो बार मियामी (2021, 2023) में फाइनल में पहुंच चुके हैं, तीसरी बार अंतिम चार में पहुंचे हैं।

अपने दूसरे एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब का लक्ष्य रखते हुए, एटीपी रैंकिंग में नंबर 3 खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन और रोटरडम में खिताब के साथ 20-1 सीज़न रिकॉर्ड कर लिया है।

अभी संन्यास के बारे में नहीं सोचा : मेसी

वाशिंगटन, एजेंसी। । लियोनल मेसी ने अभी तक संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि जब वो संन्यास लेंगे तो इस फैसले के पीछे उम्र निर्णायक कारक नहीं होगी। लियोनल मेसी ने संन्यास को लेकर एकबार फिर अपना मन बदला है।

36 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह अपने करियर को तभी अलविदा कहेंगे जब उन्हें लगेगा कि वह अब अपना बेस्ट नहीं दे सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मेसी ने बुधवार को बिग टाइम पॉडकास्ट के साथ एक इंटरव्यू में कहा, मुझे पता है कि जिस क्षण मुझे लगेगा कि मैं अब अच्छा नहीं कर पा रहा हूं या मैं खेल का आनंद नहीं ले रहा हूं या अपने साथियों की मदद नहीं कर रहा हूं, तब मैं उसी क्षण संन्यास ले लूंगा। मुझे पता है कि मैं कब अच्छा और कब खराब खेलता हूं। जब मुझे लगेगा कि यह कदम उठाने का

समय आ गया है, तो मैं उम्र के बारे में सोचे बिना ऐसा करूंगा। अगर मुझे अच्छा लगता है, तो मैं प्रतिस्पर्धा जारी रखने की कोशिश करूंगा।

यह वही है जो मुझे पसंद है और मैं जानता हूं कि इसे कैसे करना है। कतर में फीफा विश्व कप 2022 खिताब के लिए अर्जेंटीना का नेतृत्व करने के बाद, मेसी ने कहा कि उन्होंने वह सब कुछ हासिल किया है जिसकी उन्हें उम्मीद थी। मेसी ने कहा, मैंने अभी तक संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। फिलहाल, मैं भविष्य के बारे में सोचे बिना हर दिन, हर पल का आनंद लेने की कोशिश करता हूं। इसलिए जब सही समय आएगा तब मैं इसके बारे में सोचूंगा।

मेसी ने इंटर मियामी के लिए 19 मैचों में 16 गोल किए हैं और सात सहायता प्रदान की है, जिसमें वह पिछले जुलाई में पेरिस सेंट-जर्मेन से फ्री ट्रांसफर पर शामिल हुए थे।

आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाकर जीता हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी। सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में पहली जीत हासिल की है। टीम ने बुधवार को मौजूदा सीजन के 8वें मैच में मुंबई इंडियंस को 31 रन से हराया।

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में बुधवार को मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 277 रन बनाए। मुंबई इंडियंस ने भी ताबड़तोड़ बैटिंग की लेकिन टीम टारगेट से 32 रन पीछे रही, टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 246 रन बनाए।अभिषेक शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच रहे। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 23 बॉल पर 63, ट्रैविस हेड ने 24 बॉल पर 62 रन और हेनरिक क्लासन ने 34 बॉल पर 80 रन बनाए। ऐडन मार्करम ने 28 बॉल पर 42 रन का योगदान दिया।

हार्दिक पंड्या, जेराल्ड कूट्जी और पीयूष चावला को एक-एक विकेट मिला। मुंबई इंडियंस से तिलक वर्मा ने 34 बॉल पर 64 रन, टिम डेविड ने 22 बॉल पर 44 रन और ईशान किशन ने 13 बॉल पर 30 रन बनाए। पैट कमिंस और जयदेव उनादकट ने 2-2 विकेट लिए।

जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा



नई दिल्ली, एजेंसी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2024 सीज़न की चुनौतीपूर्ण शुरुआत के बाद क्रोएशियाई कोच गोरान इवानिसेविच के साथ अपनी साझेदारी समाप्त कर दी है। जोकोविच और इवानिसेविच, पूर्व विंबलडन चैंपियन, ने 2018 में जुड़ने के बाद से एक मजबूत बंधन बनाया है। इवानिसेविच के मार्गदर्शन में, जोकोविच ने अपने कौशल को निखारा और एक उल्लेखनीय यात्रा शुरू की, जिसने उन्हें टेनिस के दिग्गज रोजर फेडरर और राफेल नडाल को पीछे छोड़ते हुए ग्रैंड स्लैम इतिहास में सबसे सफल पुरुष एकल खिलाड़ी बनने में मदद की। बुधवार, 27 मार्च को इंस्टाग्राम पर जोकोविच ने अलगाव की पुष्टि की, यह स्वीकार करते हुए कि पिछले कुछ वर्षों में दोनों की ऑन-कोर्ट केमिस्ट्री में उतार-चढ़ाव आया, लेकिन उन्होंने अपनी दोस्ती की स्थायी ताकत पर जोर दिया। जोकोविच ने कहा, गोरान और मैंने कुछ दिन पहले एक साथ काम करना बंद करने का फैसला किया। कोर्ट पर हमारी केमिस्ट्री में उतार-चढ़ाव आए, लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा मजबूत रही। मुझे वह क्षण स्पष्ट रूप से याद है जब मैंने गोरान को अपनी टीम का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया था। यह 2018 की बात है, और मैरियन और मैं अपनी जोड़ी में कुछ नया करने और कुछ सर्व जादू लाने की सोच रहे थे। वास्तव में, हम न केवल सर्व लेकर आए, बल्कि ढेर सारी हँसी-मजाक, साल के अंत में नंबर 1 रैंकिंग, रिकॉर्ड तोड़ने वाली उपलब्धियाँ और तब से अब तक गिनती के 12 और ग्रैंड स्लैम (और कुछ फाइनल)। क्या मैंने कुछ नाटक का भी जिक्र किया? उनके सफल सहयोग के बावजूद, जोकोविच के हालिया प्रदर्शन ने चिंताएँ बढ़ा दी हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में बाहर होने के बाद इंडियन वेल्स में दुनिया के 123वें नंबर के लुका नार्डी से तीसरे दौर में चौंकाने वाली हार हुई। मियामी ओपन से जोकोविच की वापसी ने कठिन कार्यक्रम के बीच अपने दृष्टिकोण को फिर से व्यवस्थित करने की उनकी आवश्यकता को रेखांकित किया। जोकोविच के करियर में इवानिसेविच के योगदान को व्यापक रूप से मान्यता मिली है, जोकोविच के चार ग्रैंड स्लैम खिताबों में से तीन पर विजयी कब्जा करने के बाद, क्रोएशियाई कोच को 2023 में एटीपी कोच ऑफ द ईयर के लिए भी नामांकित किया गया था। जोकोविच को टेनिस में अमरता की तलाश में एक महत्वपूर्ण मोड़ का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि फ्रेंच ओपन निकट है। जैसे-जैसे वह कोचिंग परिवर्तन की अनिश्चितताओं से निपटते हैं, जोकोविच आगे ग्रैंड स्लैम गौरव की खोज में दृढ़ रहते हैं, मार्गरेट कोर्ट के साथ सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम एकल खिताब का रिकॉर्ड साझा करते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

एक नजर

होली के बाद काम पर लौटने के लिए मारामारी शुरू

पटना (नि. सं.)। हाजीपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) वीरेंद्र कुमार का कहना है कि होली पर्व खत्म होने के बाद यात्रियों की भीड़ एकाएक बढ़ गयी है। इसको देखते हुए रेलवे की ओर से अलग-अलग रूटों पर होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। भीड़ कम नहीं होगी तो स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। होली के बाद लोगों की परदेस वापसी शुरू हो गयी है। ऐसे में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, मुंबई व कोलकाता की नियमित ट्रेनों में नो-रूम की स्थिति है। होली स्पेशल ट्रेनों में भी कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है। 28 मार्च से दो अप्रैल तक कुछ ट्रेनों को छोड़कर किसी में कोई सीट खाली नहीं है। ऐसे में यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। वहीं गया रेलवे स्टेशन से गुजरने व खुलनेवाली महत्वपूर्ण ट्रेनों में सीटें नहीं मिलने के कारण लोग निराश होकर अपने-अपने घर लौट रहे हैं। यात्री अजीत कुमार, श्रवण कुमार, पप्पू कुमार, रीता कुमारी, जया कुमारी, प्रेरणा कुमारी व अन्य ने बताया कि गया रेलवे स्टेशन से खुलने व गुजरनेवाली सभी ट्रेनों में सीटें फुल हैं। वहीं, 10 से अधिक ट्रेनों में नो-रूम है। इस कारण रेल सफर करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं होली स्पेशल ट्रेनों में भी सीटें नहीं मिलने के कारण सुबह से लेकर शाम तक तत्काल टिकट खरीदने के लिए लाइन में लगे हुए हैं। फिर भी कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि एक हफ्ते तक ट्रेनों में लंबी वेटिंग है। यात्रियों ने कहा कि होली के बाद अब कामगार वापसी करने लगे हैं। ट्रेनों में भीड़ बढ़ने के कारण यात्रियों की परेशानियां भी बढ़ रही हैं। अगर ट्रेनों में सीटें नहीं मिलेगी तो बस का सहारा लेना पड़ेगा।

किराया में 2019 की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि

पटना (नि. सं.)। पटना की दो लोकसभा सीटों पर 1 जून को मतदान होगा। चुनाव कराने के लिए प्रशासन की तरफ से तैयारी शुरू कर दी गई है। चुनाव के दौरान करीब 4000 वाहनों की जरूरत है। प्रशासन की तरफ से वाहन मालिकों को नोटिस भेजा जा रहा है। जिला प्रशासन 25 मई से वाहनों को जब्त करेगा। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी ने वाहनों की आकलन रिपोर्ट जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को सौंप दी है। जरूरत के अनुसार वाहनों की धरपकड़ की जाएगी। गांधी मैदान में जब्त वाहनों को रखा जाएगा। सभी स्कूलों को भी अपनी बसें देनी पड़ेगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि वाहनों को जब्त करने के बाद उसका शुल्क देना पड़ेगा। इस कारण बेवजह पहले वाहनों को जब्त नहीं किया जाएगा। वाहनों का किराया 350 से 3500 रुपए प्रति दिन तय किया गया है। किराया में 2019 की तुलना में करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। चालकों को प्रतिदिन 350 रुपए भुगतान होगा। वाहन के साथ आने पर पहले दिन पांच दिन की खुराकी के तौर पर 1500 रुपए दिए जाएंगे।

लोकसभा चुनाव : नामांकन के अंतिम दिन 16 प्रत्याशियों ने भरा नामजदगी का पर्चा

निज संवाददाता

औरंगाबाद। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में औरंगाबाद संसदीय सीट के लिए नामांकन के अंतिम दिन गुरुवार को आरजेडी प्रत्याशी अभय कुशवाहा समेत कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। नाम निर्देशन करने वालों में आरजेड उम्मीदवार अभय कुशवाहा, राजपा के अजीत यादव, बसपा के सुजय कुमार, बीजेजेडी के शंभूशरण ठाकुर, अखिल हिंद फारवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी, निर्दलीय शक्ति मिश्रा, सुजीत सिंह, अवध कुमार सिंह एवं अन्य शामिल है। वही नामांकन के पूर्व नामांकन के पूर्व सभी प्रत्याशी समर्थकों के साथ जुलूस लेकर समाहरणालय के मुख्य द्वार पहुंचे, जहां समर्थको को रोक दिया गया और कुछ गिने चुने लोगो को ही रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष तक जाने की इजाजत दी गई।

नामांकन के बाद आरजेडी प्रत्याशी अभय कुशवाहा ने की सभा

निजसंवाददाता

औरंगाबाद। महागठबंधन समर्थित आरजेडी प्रत्याशी अभय कुमार कुशवाहा ने गुरुवार को नामांकन के बाद एक आमसभा की। आमसभा में हजारों समर्थकों समेत महागठबंधन के सभी घटक दलों के प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। सभा में बिहार सरकार की पूर्व मंत्री अनीता देवी, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, नबीनगर के विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डबलू सिंह, रफीगंज के विधायक मो. नेहालुद्दीन, गोह के विधायक भीम कुमार सिंह, कुटुंबा के विधायक राजेश कुमार, गुरुआ के विधायक विनय कुमार सिंह, मखदुमपुर के विधायक, जिला संगठन प्रभारी सतीश दास, एमएलसी अशोक पांडेय, विजय, पूर्व एमएलसी अनुज कुमार सिंह, एमएलसी प्रत्याशी रहे डॉ. पुनीत कुमार सिंह, पूर्व विधायक रविंद्र कुमार सिंह, राजद के प्रदेश सचिव कौलेश्वर यादव, ई. सुबोध कुमार सिंह, राजद के जिला प्रवक्ता डॉ. रमेश यादव, राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिप अध्यक्ष रूपा पासवान, उषा रंजन, मनोरमा पासवान, जिला पार्षद विकास पासवान, अनिल यादव, शंकर यादवेंदु, अमरेंद्र कुमार, डॉ. संजय यादव, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजेश शर्मा, प्रदेश सचिव युसूफ आजाद अंसारी, शहजादा शाही, प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्ज्वल, बादशाह यादव, प्रधान महासचिव अनिल टाइगर, पूर्व विधायक शिव बच्चन यादव, छात्र राजद के जिलाध्यक्ष चंदन कुमार, युवा राजद के जिलाध्यक्ष राहुल कुमार एवं विनय कुमार गुप्ता आदि ने संबोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा ने की जबकि संचालन मुनारिक राम ने किया।

अनियंत्रित बाइक से गिरकर महिला की मौत

निज संवाददाता

रफीगंज(औरंगाबाद)। रफीगंज-कासमा पथ पर पांडेय कर्मा गांव के पास बुलेट बाइक अनियंत्रित होने से पौथु गांव निवासी सुशील कुमार सिंह की पत्नी 45 वर्षीय संध्या देवी की मौत हो गई। सड़क दुर्घटना में महिला के गिरने से सर में काफी चोट आई। स्थानीय लोगों एवं प्रशासन द्वारा रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने नस टटोलते ही मृत घोषित कर दिया गया। मृतका के पति ने बताया कि अपने गांव पौथु से बुलेट बाईक से पत्नी को लेकर गुरूआ के भरौधा गांव से परिजन के साथ घर जा रहे थे।पांडेय कर्मा मोड़ के पास सडक किनारे मिट्टी गिरी हुई थी, जिससे बाइक अनियंत्रित होने से पीछे बैठी मेरी पत्नी संध्या देवी बाइक से गिर गई, जिससे सर में काफी चोट आई। स्थानीय लोगों एवं प्रशासन द्वारा रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने मृत घोषित कर दिया।

मेडिकल कॉलेजों में निकली सैकड़ों रेजिडेंट डॉक्टरों की भर्ती

निज संवाददाता

पटना। राज्य के मेडिकल कॉलेजों में फैकेल्टी के सहयोग में हमेशा रहने वाले सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की जल्द ही नियुक्ति होगी। राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में इनकी 825 सीटें खाली हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेंट-ट्यूटर के खाली पदों पर नियुक्ति की जिम्मेवारी बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (बीसीईसीईबी) को दी है। स्वास्थ्य विभाग के अधीन राज्य के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनीयर रेजिडेंट-ट्यूटर के खाली पदों पर नियुक्ति के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है। इसके तहत योग्य अभ्यर्थियों को मेडिकल कॉलेजों में तीन वर्षों के टेन्योर के लिए सेवा का मौका मिलेगा। इसमें नियुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (बीसीईसीईबी) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर पैनल का निर्माण कराया जाएगा। राज्य में विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में कुल 825 पद खाली है। इसके तहत योग्य अभ्यर्थी छह अप्रैल 2024 की रात 10 बजे तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

दो शराबी गिरफ्तार भेजे गया जेल

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह थाना क्षेत्र के देवहरा गांव निवासी लगनी चौधरी व प्रदीप चौधरी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। गोह थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि दो शराबियों के खिलाफ आवेदन मिला था कि रोज शराब पीकर हंगामा कर रहा है। जब सत्यापन के लिए पुलिस देवहरा गांव पहुंची तो पुलिस के सामने भी लोगों को गाली गलौज कर रहा था। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

माह ए रमजान में कुरान शरीफ की मुकामल तरावी पूरी

निज संवाददाता

गोह(औरंगाबाद)। गोह प्रखंड के देवहरा गांव में माह ए रमजान के महीने में पूरे कुरान शरीफ का मुकामल तरावी बीते दिन पूरी कर लिया गया। सभी लोगों ने मिलकर देश और अपने गांव के लोगों के लिए दुआ मांगी कि देश में अमन चैन, शांति, आपसी भाईचारा हमेशा बना रहे। सभी लोगों ने वहां के इमाम मो. शाहिद जमाल और मो. कुतुबुद्दीन साहब को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मो. मिन्हाज, साहेब खान, रिजवी अमीन, इनाम खान, कंटीरी शाहब, नेहाल अंसारी, गोह के सचिव अरशद अमीन, वाशिम, मो. दानिश, साबिर आदि लोगों में मिलकर सम्मानित किया।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बने वीरेंद्र, पूरा जिला हुआ गौरवान्वित

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ब्लॉक मोड के समीप रौटरी क्लब के सभागार में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुमार वीरेंद्र जी के प्रोफेसर पद में प्रोन्नति होने पर समकालीन जवाबदेही परिवार, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद, बतकही परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी शंभू नाथ पांडेय ने किया। जबकि, संचालन वरीय अधिवक्ता प्रेमेंद्र मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,आर एन पी ग्रुप आफ एजुकेशन के संस्थापक शंभू नाथ पांडेय, पूर्व प्राचार्य चंद्रशेखर पांडेय, जिला विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह,समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, प्रेमेंद्र मिश्रा सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित लोगों ने प्रोफेसर डॉ कुमार वीरेंद्र जी को अंगवस्त्र, पुष्पहार, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण चंद्रशेखर साहू द्वारा किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी, कवि राम किशोर सिंह एवं लवकुश प्रसाद सिंह ने काव्य पाठ के माध्यम से वीरेंद्र जी को सम्मानित किया। डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने वीरेंद्र जी के बारे में बताया कि प्रोफेसर बनकर औरंगाबाद को गौरवान्वित किया है। वक्ताओं ने कहा कि वीरेंद्र जी यूनिवर्सिटी के सबसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन होकर राष्ट्रीय स्तर पर जिले के नाम रौशन करेंगे। सम्मान समारोह के मौके पर राम भजन सिंह, डॉ रामाधार सिंह, डॉ. संजीव रंजन,मूरलीधर पांडेय, महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी, सत्यचंडी धाम के राजेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम पाठक,श्वेता सिंह, श्रुतिकीर्ति कुमारी, श्रवण कुमार सिंह, लालदेव प्रसाद, अरुण सिंह, अर्जुन सिंह,नारायण मिश्र, नागेंद्र केसरी जनार्दन मिश्र जलज, सिंहेश सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने किया।

श्री सीमेंट लिमिटेड ने शहीद के आश्रितों को दिया 434 बैग पीपीसी सीमेंट

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। राष्ट्रीय नायकों-शहीदों के सम्मान के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के लिए, श्री सीमेंट लिमिटेड अपनी एक पहल के माध्यम से उनके परिवार के सदस्यों के समर्थन में सक्रिय रूप से शामिल है। इसी कड़ी में गुरुवार को श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा 'नमन प्रोजेक्ट' के माध्यम से अनिल शर्मा (यूनिट-हेड बीजीयू), बी.एस. राठौड़ (प्लांट एचआर हेड), धीरज वर्मा (लॉजिस्टिक्स-हेड), नरेश शर्मा (पैकिंग प्लांट-हेड), संजीव झा (सुरक्षा हेड), बी. पी. सिंह, सतीश सिंह एवं चितरंजन कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में श्रद्धेय शहीद श्री जी. डी. बलराम तिग्गा की पत्नी गौरी मुनि तिग्गा और उनके पुत्र कैलाश तिग्गा को 434 बैग पीपीसी सीमेंट का सहयोग दिया। यूनिट हेड अनिल शर्मा ने नमन परियोजना के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि हमारी सीएसआर पहल शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, जल और स्वच्छता, ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयगत क्षेत्रों पर केंद्रित है। श्री सीमेंट के मूल मूल्य इसकी परिचालन प्रतिबद्धताओं से आगे बढ़ते हुए उन समुदायों के मूल ढांचे तक पहुंचते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं। यह सहयोग कॉर्पोरेट मूल्यों के प्रति हमारे समर्पण और प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

बी.एस.राठौड़ ने कहा कि श्री सीमेंट मजबूत सीएसआर प्रणाली के साथ एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक है। कंपनी का नमन प्रोजेक्ट हमारे शहीद के सम्मान का एक शानदार उदाहरण है। यह पहल कॉर्पोरेट मूल्यों और उसके सामुदायिक विकास के प्रति श्री सीमेंट की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो हमारे समर्पण पर जोर देती है। इस अवसर पर बोलते हुए धीरज वर्मा और नरेश शर्मा दोनों ने स्थानीय सामुदायिक विकास के लिए श्री फाउंडेशन ट्रस्ट-बीजीयू के तहत की गई पहलों को रेखांकित किया।

वहीं शहीद के पुत्र कैलाश तिग्गा ने श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा प्रदान किए गए सीमेंट बैग के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि मैं इस सहायता के लिए श्री सीमेंट आभारी हूं और यह योजना सराहनीय हैं। प्राप्त सहायता हमारे सामने आने वाली तात्कालिक चुनौतियों को काफी हद तक कम कर देगी। परियोजना गतिविधि का कुशल समन्वयन रोहित कुमार (सीएसआर विभाग) द्वारा किया गया।

पटना में देशभर की स्त्री रोग विशेषज्ञों का जुटान आज

निज संवाददाता

पटना। पटना ऑब्सट्रेटिक एंड गायनी सोसायटी (फोगसी) के बैनर तले देश भर के स्त्री रोग विशेषज्ञों का जुटान 30 व 31 मार्च को पटना में होगा। होटल मौर्या में आयोजित होने वाले इस कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रसवोत्तर रक्तस्राव (फोगसी पीपीएच) पर नए शोध और नए तकनीक पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. मीना सावंत ने कहा कि देश में महिला मृत्यु दर का 20 से 25 प्रतिशत मृत्यु का मुख्य कारण पीपीएच ही है। आयोजन सचिव डॉ.अमिता सिन्हा ने कहा कि पटना ओब्स. गायनी सोसायटी द्वारा आयोजित 'फोगसी पीपीएच कॉन्कलेव 2024 का आयोजन मातृ मृत्यु दर एवं इससे संबंधित रोगों में कमी करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वैज्ञानिक समिति की अध्यक्ष उषा डिडवानिया ने बताया कि दो दिवसीय कान्फ्रेंस में कई वैज्ञानिक सत्र का आयोजन होगा। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) में ऑपरेशन का लाइव प्रसारण किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस में राज्य के लगभग 500 स्त्री-रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में फोगसी अध्यक्ष डॉ. जयदीप टैंक, डॉ. माधुरी पटेल, डॉ. महेश गुप्ता एवं भास्कर पाल मौजूद रहेंगे।

संकटमोचन मंदिर से कीमती सामान चोरी

निज संवाददाता

पटना। वीरचंद पटेल पथ, पटना क्लब के समीप स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर का दरवाजा तोड़कर वहां से कीमती सामान चोरी कर ली गई। चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी भी उड़ा ली। घटना के वक्त पुजारी नागेश्वर राम उर्फ नागेश्वर बाहर गए हुए थे। अगले दिन वापस लौटने पर पुजारी ने चोरी की शिकायत कोतवाली थाने में की। जहानाबाद जिला के घोषी थानांतर्गत गंधार मठ निवासी नागेश्वर दास संकटमोचन हनुमान मंदिर के पुजारी हैं। होली में वे मंगलवार को अपने गांव चले गए थे। बुधवार को जब नागेश्वर दास वापस मंदिर पर आए तो उन्हें चोरी का पता चला। मालूम हो कि बीते महीने चोरों ने छज्जूबाग स्थित मंदिर से भी लाखों रुपये के भगवान के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर लिए थे।



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

'गुड फ्राइडे' ईसा मसीह के संघर्ष और बलिदान की पुण्यस्मृति का दिन है।

प्रभु यीशु ने हमें प्रेम, दया, क्षमा, सेवा और करूणा का संदेश दिया। उनके उपदेश हमें सत्य और न्याय की राह पर सतत आगे बढ़ने की सीख देते हैं।

आइए, 'गुड फ्राईडे' के अवसर पर हम प्रभु ईसा मसीह द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों को आत्मसात कर उनका अनुसरण करने का संकल्प लें।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 020249 (Governor Secretariat) D. 2023-24

बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

गुड फ्राईडे के अवसर पर समस्त ईसाई भाई–बहनों सहित सभी प्रदेश वासी प्रभु यीशु के बलिदान का स्मरण करते हैं। इस दिन ईसाई भाई–बहन उपवास रखते हैं और गिरिजाघर में प्रार्थना करते हैं।

ईसा मसीह ने अपने जीवन और बलिदान के माध्यम से संपूर्ण मानवता को प्रेम, दया और निरीहों के प्रति करूणाभाव का संदेश दिया है। वर्तमान परिवेश में सहिष्णुता, धैर्य, बलिदान और त्याग संबंधी ईसा मसीह की शिक्षा और उपदेशों की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है।

प्रभु यीशु के बताये मार्ग के अनुसरण से मानव समाज कल्याण के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। इस अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि प्रभु यीशु के आदर्शों का पालन करेंगे।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 020269 (Home) D. 2023-24